

केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने शुक्रवार को नई दिल्ली में महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेन्द्र फडणवीस की उपस्थिति में राज्य में तीन नए आपराधिक कानूनों के कार्यान्वयन पर समीक्षा बैठक की अध्यक्षता की।


राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# एक्शन इंडिया

DL(N) /145/2021-23 | वर्षः 19 अंकः 45 पृष्ठः 12 | RNI : DELHIN/2006/19302

actionindianews@gmail.com | राष्ट्रीय संस्करण | दिल्ली - हरियाणा - हिमाचल प्रदेश - उत्तराखण्ड

RKB GROUP Rakesh Bhardwaj Group


## आतंकवाद के खिलाफ मजबूती से लड़ेंगे भारत-अमेरिका: मोदी

'चर्चा के केंद्र में उनके पहले टर्म में हमारी उपलब्धियों का संतोष और गहरे आपसी विश्वास का सेतु था'

**साझेदार**

**हम मानते हैं कि भारत और अमेरिका का साथ और सहयोग एक बेहतर विश्व को आकार दे सकता है : पीएम**



**टीम एक्शन इंडिया**

**वाशिंगटनः** भारत के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने भारत और अमेरिका के संबंधों को अपने नेतृत्व में संजोने के साथ जीवंत बनाया है। उन्होंने कहा, " जिस उत्साह से उनके पहले टर्म में हमने मिलकर काम किया, वही उमंग, वही ऊर्जा और वही प्रतिबद्धता मैंने आज भी महसूस की। आज की चर्चा के केंद्र में उनके पहले टर्म में हमारी उपलब्धियों का संतोष और गहरे आपसी विश्वास का सेतु था। साथ ही नए लक्ष्यों को प्राप्त करने का संकल्प भी था। हम मानते हैं कि भारत और अमेरिका का साथ और सहयोग एक बेहतर विश्व को आकार दे सकता है।" यह अंश संयुक्त राज्य अमेरिका की राजधानी वाशिंगटन डीसी में भारत-अमेरिका संयुक्त संवाददाता सम्मेलन में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के प्रेस वक्तव्य से उद्धृत किए हैं। भारत सरकार के नई दिल्ली स्थित पत्र एवं सूचना कार्यालय (पीबीआईबी) ने प्रधानमंत्री मोदी के इस प्रेस वक्तव्य को सुबह जारी किया। प्रधानमंत्री ने कहा कि मैं सबसे पहले अपने प्रिय मित्र राष्ट्रपति ट्रंप का शानदार स्वागत और आतिथ्य सत्कार के लिए हार्दिक आभार व्यक्त करता हूं। राष्ट्रपति ट्रंप ने भारत और अमेरिका के संबंधों को अपने नेतृत्व से संजोया और उन्हें जीवंत बनाया है।

### साझेदारी लोकतांत्रिक मूल्यों को सशक्त बनाती है: मोदी

**भारत** और अमेरिका की साझेदारी लोकतंत्र और लोकतांत्रिक मूल्यों और व्यवस्था को सशक्त बनाती है। शांति, स्थिरता और समृद्धि को बढ़ाने के लिए हम मिलकर काम करेंगे। इसमें विशेष भूमिका होगी। इस वर्ष भारत में होने जा रही हम पार्टनर देशों के साथ नए क्षेत्रों में सहयोग बढ़ाएंगे। 'आई-मेक' और 'आई-टू-यू-टू' के तहत हम इकोनॉमिक कॉरिडोर और कनेक्टिविटी इंफ्रास्ट्रक्चर पर मिलकर काम करेंगे। आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई में भारत और अमेरिका दृढ़ता से साथ खड़े रहे हैं। हम सहमत हैं कि सीमापार आतंकवाद के उन्मूलन के लिए ठोस कार्रवाई आवश्यक है। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा, "मैं राष्ट्रपति जी का आभारी हूं की उन्होंने 2008 के जिसने भारत में नरसंहार किया था, उस मुजरिम को अभी भारत के हवाले करने का निर्णय किया हैं। भारत की अदालतें उचित कार्यवाही करेंगी। अमेरिका में रहने वाला भारतीय समुदाय हमारे संबंधों की महत्वपूर्ण कड़ी हैं। गहरा करने के लिए हम शीघ्र ही लॉस-एंजिलिस और बोस्टन में भारत के नए कांसुलेट खोलेंगे।

## मणिपुर में सीआरपीएफ जवान ने की गोलीबारी



**टीम एक्शन इंडिया**

**इम्फालः** मणिपुर के इंफाल पश्चिम जिले में स्थित सीआरपीएफ शिविर में एक हृदयविदारक घटना सामने आई है। सीआरपीएफ की 120वीं बटालियन के एक जवान ने अपने दो साथियों पर गोली चला दी, जिससे उनकी मौके पर ही मौत हो गई। इसके बाद जवान ने खुद को भी गोली मार ली। अधिकारियों ने बताया कि इंफाल पश्चिम जिले के लाम्फेल स्थित सीआरपीएफ के शिविर में रात करीब साढ़े 8 बजे यह घटना हुई। उन्होंने बताया कि आरोपित हवलदार संजय कुमार ने अपनी बंदूक से गोली चलाई जिससे एक कांस्टेबल और एक उपनिरीक्षक की मौके पर ही मौत हो गई। इसके बाद कुमार ने खुद को भी गोली मार ली। उसे अस्पताल ले जाया गया जहां मृत घोषित कर दिया गया।

## किसानों को खाद की कमी नहीं रहने देंगेः सीएम नायब सैनी

**उपलब्ध**

**प्रदेश की सभी पैक्स में तुरंत खाद उपलब्ध करवाने के दिए गए निर्देशः सीएम सैनी**



**टीम एक्शन इंडिया**

**चंडीगढ़ः** हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि प्रदेश सरकार किसानों की फसलों के लिए किसी भी कीमत पर खाद की कमी नहीं रहने देगी। आवश्यकता अनुसार पूरे प्रदेश के किसानों को खाद उपलब्ध करवाई जा रही है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि प्रदेशभर की सभी पैक्स में तुरंत यूरिया उपलब्ध करवाया जाए। मुख्यमंत्री ने आज मीडिया में यूरिया और डीएपी की किल्लत से सम्बंधित खबरों पर स्वतः संज्ञान लेते हुए कृषि एवं किसान कल्याण विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि प्रदेश में सभी जिलों में पर्याप्त मात्रा में खाद उपलब्ध करवाई जाए ताकि फसलों की पैदावार में प्रभाव न पड़े।

मुख्यमंत्री के आदेशों का पालन करते हुए विभागीय अधिकारियों ने बताया कि प्रदेश में पर्याप्त मात्रा में खाद उपलब्ध है। किसानों की अधिक जरूरत के अनुसार भी सभी पैक्स में यूरिया खाद उपलब्ध करवाई जा रही है।

## प्राकृतिक खेती से ग्रामीण अर्थव्यवस्था के सुदृढ़ीकरण पर दिया जा रहा बलः मुख्यमंत्री

**टीम एक्शन इंडिया**

**शिमला। मुख्यमंत्री ठाकुर** सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने कहा कि हिमाचल प्रदेश में किसानों को सशक्त और ग्रामीण आर्थिकी को सुदृढ़ करने के लिए राज्य सरकार द्वारा कई योजनाएं शुरू की गई हैं। उन्होंने कहा कि खेती की लागत को कम करने किसानों की आय एवं उत्पादकता को बढ़ाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए प्रदेश सरकार प्राकृतिक खेती को बढ़ावा दे रही है। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्राकृतिक खेती से जहां मानव और पर्यावरण को रासायनिक खेती के दुष्प्रभावों से बचाया जा रहा है, वहीं खेती की



लागत कम होने से ग्रामीण अर्थव्यवस्था को बल मिल रहा है। उन्होंने कहा कि प्रदेश के सभी कृषि जलवायु क्षेत्रों में किसान-बागवान विविध फसलों व फलों को प्राकृतिक खेती से उगा रहे हैं। प्रदेश की 3,592 पंचायतों में एक लाख 98 हजार किसान 35 हजार हेक्टेयर भूमि पर प्राकृतिक खेती से विविध फसलें उगा रहे हैं।उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार ने प्राकृतिक खेती पर विशेष बल देते हुए वित्तीय

**सुदृढ़**

**किसानों को सशक्त और ग्रामीण आर्थिकी को सुदृढ़ करने के लिए राज्य सरकार द्वारा कई योजनाएं शुरू की गई**

वर्ष 2024-25 के लिए 15 करोड़ रुपये के बजट का प्रावधान किया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्राकृतिक खेती करने से कृषि की लागत में औसतन 36 फीसदी की कमी आई है और उत्पादों के औसतन 8 फीसदी अधिक दाम मिले हैं। प्राकृतिक खेती कर रहे 75 फीसदी किसान-बागवान फसल विविधिकरण की ओर अग्रसर हुए हैं। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार ने आगामी दस वर्षों में राज्य को समृद्ध और आत्मनिर्भर बनाने के लिए आत्मनिर्भर हिमाचल की परिकल्पना की है। हमारी सरकार समृद्ध किसान समृद्ध हिमाचल के संकल्प के साथ कार्य कर रही है। प्रदेश सरकार ने रोजगार को बढ़ावा देने और किसानों की आय बढ़ाने के लिए 680 करोड़ रुपये की राजीव गांधी स्टार्ट-अप योजना के तीसरे चरण के तहत राजीव गांधी प्राकृतिक खेती स्टार्ट-अप योजना की शुरूआत की गई है।

## शाह ने आपराधिक कानूनों के कार्यान्वयन की समीक्षा की

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली।** केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने शुक्रवार को नई दिल्ली में महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेन्द्र फडणवीस की उपस्थिति में राज्य में तीन नए आपराधिक कानूनों के कार्यान्वयन पर समीक्षा बैठक की अध्यक्षता की। बैठक में पुलिस, जेल, कोर्ट, अभियोजन और फॉरेन्सिक से संबंधित विभिन्न नए प्रावधानों के महाराष्ट्र में कार्यान्वयन और वर्तमान स्थिति की समीक्षा की गई।

बैठक में केन्द्रीय गृह मंत्री ने कहा कि महाराष्ट्र नए आपराधिक कानूनों के अनुरूप एक आदर्श डायरेक्टरेट ऑफ प्रॉसिक्यूशन की व्यवस्था बनाए। उन्होंने कहा कि



7 साल से अधिक सजा के मामलों में 90 प्रतिशत से अधिक दोषसिद्धि हासिल करने के प्रयास किए जाएं और पुलिस, सरकारी वकील एवं न्यायपालिका मिलकर दोषियों को जल्द से जल्द सजा दिलाने का प्रयास करें।

केन्द्रीय गृह मंत्री ने कहा कि देशवासियों को त्वरित व पारदर्शी न्याय प्रणाली देने के लिए मोदी सरकार संकल्पित है। कानून व्यवस्था मजबूत बनाने के लिए अपराधों का दर्ज होना जरूरी है, इसलिए एफआईआर दर्ज करने में किसी तरह की देरी नहीं होनी चाहिए। गृह मंत्री ने एक बार फिर

**बैठक**

**कानून व्यवस्था मजबूत बनाने के लिए अपराधों का दर्ज होना जरूरी है : अमित शाह**

इस बात पर जोर दिया कि संगठित अपराध, आतंकवाद और मॉब लिंचिंग के मामलों की वरिष्ठ पुलिस अधिकारी नियमित मॉनिटरिंग करें ताकि इन अपराधों से जुड़ी धाराओं का दुरुपयोग न हो। वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए साक्ष्य दर्ज करने के व्यवस्था होनी चाहिए।

### रूस ने यूक्रेन के चेर्नोबिल परमाणु ऊर्जा संयंत्र पर ड्रोन हमला किया

**टीम एक्शन इंडिया**

**कीव। रूस ने** यूक्रेन के चेर्नोबिल परमाणु ऊर्जा संयंत्र पर रात को ड्रोन हमला किया। इससे संयंत्र की एक इकाई में आग लग गई। यह दावा आज यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की ने एक्स पोस्ट पर किया। उन्होंने कहा कि रूस ने रात भर तबाही मचाई। जेलेंस्की ने याद दिलाया कि 1986 में चेर्नोबिल में दुनिया का सबसे बड़ा परमाणु हादसा हुआ था। इसके चार रिएक्टर में अचानक हुए विस्फोट से हड़कंप मच गया था। इसलिए इन रिएक्टर को अब सुरक्षा कारणों से बंद रखा गया है।

## थोक महंगाई दर जनवरी महीने में घटकर 2.31 फीसदी पर आई

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्लीः** महंगाई के मोर्चे पर आम जनता को राहत देने वाली खबर है। खुदरा महंगाई के बाद थोक महंगाई दर में भी गिरावट दर्ज हुई है। थोक मूल्य सूचकांक (डब्ल्यूपीआई) पर आधारित थोक महंगाई दर जनवरी में घटकर 2.31 फीसदी पर आ गई है। इससे पहले दिसंबर महीने में ये 2.37 फीसदी रही थी। वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय ने शुक्रवार को जारी आंकड़ों में बताया कि खाद्य वस्तुओं और सब्जियों की कीमतों में गिरावट की वजह से जनवरी में



थोक महंगाई दर घटकर 2.31 फीसदी पर आ गई है। दिसंबर, 2024 में यह 2.37 फीसदी रही थी। वहीं, जनवरी 2024 में यह 0.33 फीसदी थी। आंकड़ों के अनुसार खाद्य वस्तुओं की महंगाई जनवरी में घटकर 5.88 फीसदी रह गई, जबकि दिसंबर, 2024 में यह 8.47 फीसदी थी। इसी तरह सब्जियों की महंगाई उल्लेखनीय रूप से घटकर 8.35 फीसदी रह गई, जबकि दिसंबर, 2024 में यह 28.65 फीसदी थी। आंकड़ों के मुताबिक जनवरी माह में आलू की महंगाई 74.28 फीसदी के उच्चतम स्तर पर बनी रही तथा प्याज की महंगाई इस दौरान बढ़कर 28.33 फीसदी हो गई।

ईंधन और बिजली श्रेणी में जनवरी में 2.78 फीसदी की अपस्फीति देखी गई, जबकि दिसंबर में 3.79 फीसदी की अपस्फीति थी।

## लोकसभा चुनाव में नोटा का वोट प्रतिशत सबसे कम

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली।** देश में 2024 के बाद हुए लोकसभा चुनावों में ईवीएम में 'उपरोक्त में से कोई नहीं' (नोटा) का विकल्प हमेशा चर्चा का विषय रहा है। इसी बीच चुनाव आयोग द्वारा साझा एक रिपोर्ट में इस बात का खुलासा हुआ कि 2014 आम चुनाव के बाद नोटा का प्रतिशत सबसे कम 2024 लोकसभा चुनाव में रहा। बता दें कि नोटा का विकल्प 2014 आम चुनाव में लागू किया गया था।

**एटलस-2024 ने जारी किया रिपोर्ट**

चुनाव आयोग की 'एटलस-2024' के अनुसार, पिछले




तीन लोकसभा चुनावों में नोटा वोटों की संख्या में लगातार गिरावट देखी गई है। 2014 में नोटा वोटों का प्रतिशत 1.08 था, जो 2024 में घटकर 0.99 प्रतिशत हो गया है। हालांकि यह प्रतिशत कम नजर आता है, लेकिन यह महत्वपूर्ण हो सकता है, खासकर उन सीटों पर जहां जीत का अंतर कम था, और जहां नोटा वोटों ने चुनाव परिणामों को प्रभावित किया।

## अगले हफ्ते नए मुख्य चुनाव आयुक्त की घोषणा संभव

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली।** अगले मुख्य चुनाव आयुक्त (सीईसी) के नाम को अंतिम रूप देने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता वाली एक चयन समिति अगले सप्ताह की शुरूआत में बैठक कर सकती है। सूत्रों ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। समिति में लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी और प्रधानमंत्री द्वारा नामित एक केंद्रीय कैबिनेट मंत्री शामिल होंगे। मौजूदा मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार की 18 फरवरी को सेवानिवृत्ति से पहले समिति की बैठक रविवार या सोमवार को हो सकती है।







# सीबीएसई बोर्ड परीक्षाएं आज से, मेट्रो तलाशी-टिकटिंग में देगी प्राथमिकता

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली।** केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) की 10वीं और 12वीं कक्षा की बोर्ड परीक्षाएं शनिवार से शुरू होकर 4 अप्रैल तक चलेंगी। ऐसे में दिल्ली मेट्रो रेल कॉरपोरेशन (डीएमआरसी) बोर्ड परीक्षार्थियों को स्टेशन में प्रवेश के दौरान सुरक्षा जांच और टिकट खरीदने में प्राथमिकता देगी। डीएमआरसी ने शुक्रवार को बताया कि बोर्ड परीक्षा में शामिल होने वाले विद्यार्थियों के लिए सुचारू और परेशानी मुक्त यात्रा सुनिश्चित करने के लिए कई उपाय शुरू किए गए हैं। लगभग 3.30 लाख विद्यार्थी और हजारों स्कूल कर्मचारी पूरी दिल्ली में आवागमन करेंगे,



इसलिए परीक्षा के दिनों में बढ़ती भीड़ को ध्यान में रखते हुए, डीएमआरसी सीआईएसएफ के साथ साझेदारी में मेट्रो स्टेशनों पर विशेष सुविधा उपायों को लागू कर रहा है।

**मेट्रो स्टेशनों पर छात्र-हितैषी उपाय**

मेट्रो स्टेशनों पर सुरक्षा जांच के दौरान सीबीएसई एडमिट कार्ड लेकर आने वाले छात्रों को प्राथमिकता दी जाएगी। टिकट ऑफिस मशीन (टीओएम) और कस्टमर केयर (सीसी) केंद्रों पर टिकट खरीदते समय भी अपने एडमिट कार्ड दिखाने वाले छात्रों को प्राथमिकता दी जाएगी। डीएमआरसी के कर्मचारियों ने स्कूलों का दौरा किया, प्रिंसिपलों से बातचीत की और उन्हें निकटतम मेट्रो स्टेशनों और छात्रों के लिए उपलब्ध सहायता के बारे में बताया। डीएमआरसी ने छात्रों को अपनी यात्रा योजना बनाने पोस्टर प्रदर्शित करने का अनुरोध किया है।

**तैयारी**

**▶ अभ्यर्थी वेबसाइट और डीएमआरसी मोमेंटम दिल्ली सारथी 2.0 मोबाइल ऐप पर जा सकते हैं**

## सीसीपीए ने झूठे दावे के लिए संस्थान पर लगाया जुर्माना

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली।** केंद्रीय उपभोक्ता संरक्षण प्राधिकरण (सीसीपीए) ने आईआईटीयन प्रशिक्षण केंद्र प्राइवेट लिमिटेड (आईआईटीपीके) पर आईआईटी-जेईई परीक्षा के परिणामों के बारे में भ्रामक दावे करने वाले विज्ञापन प्रकाशित करने के लिए 3 लाख रुपए का जुर्माना लगाया है। उपभोक्ता कार्य, खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण मंत्रालय ने शुक्रवार को जारी एक बयान में कहा कि उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम, 2019 के उल्लंघन के लिए, मुख्य आयुक्त निधि खरे और आयुक्त अनुपम मिश्रा की अध्यक्षता वाली सीसीपीए ने आईआईटीयन प्रशिक्षण केंद्र प्राइवेट लिमिटेड (आईआईटीपीके) के विरूद्ध आदेश जारी किया है। मंत्रालय ने कहा कि सीसीपीए ने अबतक विभिन्न कोचिंग संस्थानों को भ्रामक विज्ञापनों के लिए 46 नोटिस जारी किए हैं। सीसीपीए ने 24 कोचिंग संस्थानों पर 77 लाख 60 हजार रुपये का जुर्माना लगाया है, उन्हें भ्रामक विज्ञापनों का प्रकाशन न करने का निर्देश दिया है। मंत्रालय के मुताबिक ये निर्णय यह सुनिश्चित करने के लिए भ्रामक विज्ञापन प्रकाशित न किया जाए।

**नोटिस जारी**

**▶ सीसीपीए ने अबतक विभिन्न कोचिंग संस्थानों को भ्रामक विज्ञापनों के लिए 46 नोटिस जारी किए**

## सड़क पर नहीं लगेंगे साप्ताहिक बाजार

**गाजियाबाद।** नगर निगम में बृहस्पतिवार को साप्ताहिक बाजारो को लेकर नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक की अध्यक्षता में टाउन वेंडिंग समिति की बैठक हुई। इस दौरान निर्णय लिया गया कि साप्ताहिक बाजार में दुकानें सड़क पर नहीं लगेंगी। साइड पटरी पर बाजार को व्यवस्थित रूप से लगाया जाएगा।


### अभियुक्त की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उदघोषणा

**धारा 82 Cr.P.C. देखिए**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **वकील पुत्रः** शब्बीर **पताः** ग्राम गसुपुर सिकंदराबाद, जिला, बुलन्दशहर उ.प्र., ने **FIR No. FIR 13216/15 & 17613/15, U/s 379/411/ 34 IPC थानाः जीटीबी एन्क्लेव दिल्ली**, के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है), और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी के वारण्ट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **वकील**, मिल नहीं रहा हैं और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **वकील**, फरार हो गया है (या उक्त वारण्ट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा हैं)।

इसलिए इसके द्वारा उदघोषणा की जाती है कि **FIR No. FIR 13216/15 & 17613/15, U/s 379/411/ 34 IPC थानाः जीटीबी एन्क्लेव दिल्ली**, के उक्त अभियुक्त **वकील**, से अपेक्षा की जाती है कि वे इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **07.05.2025** को या इससे पहले हाजिर हों।

आदेशानुसार
सुश्री संघमित्रा
जेएमएफसी–01, कमरा नंबर 54,
दूसरी मंजिल, शाहदरा जिला
कड़कड़डूमा कोर्ट, दिल्ली

DP/1654/SHD/2025
(Court Matter)


## बनेगा नया एलिवेटेड रोड, जीटी रोड पर लगेगा जाम से छुटकारा

**टीम एक्शन इंडिया**
**गाजियाबाद।** जीटी रोड से जाम का दबाव कम करने के लिए नया बस अड्डा से दौलतपुरा लोहा मंडी तक एलिवेटेड रोड बनाने का रास्ता साफ होता जा रहा है। शुक्रवार को सांसद अतुल गर्ग ने इस प्रस्ताव को लेकर केंद्रीय सड़क परिवहन मंत्री नितिन गडकरी से मुलाकात की। इस दौरान विचार-विमर्श के बाद केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने अधिकारियों को तैयारी शुरू करने के निर्देश दिए।सांसद अतुल गर्ग ने बताया कि जीटी रोड गाजियाबाद का सबसे पुराना मार्ग है। विधायक रहते हुए भी जीटी रोड से जाम का दबाव कम करने का प्रयास किया था। इसकी दोबारा कवायद शुरू की है। एलिवेटेड रोड के निर्माण से लोगों को राहत मिलेगी और सफर भी आसान होगा।


### भारतीय रेल

भारत सरकार
रेल मंत्रालय (रेलवे बोर्ड)
**शुद्धि पत्र संख्या 4**

**विषय: 138 अदद 'डायनामिक ट्रैक स्टेबलाइजर (डीटीएस)' के डिजाइन, निर्माण, आपूर्ति, परीक्षण और कमीशनिंग, भारतीय रेलवे कर्मचारियों के प्रशिक्षण और 3 साल की वारंटी एएमसी के साथ, के लिए दिनांक 18.02.2025 को बंद होने वाली ई–खुली वैश्विक निविदा सं. 2023–टीएम–3**

1. विषय निविदा के कुछ नियम और शर्तों को संशोधित किया गया है।
2. निम्नलिखित दस्तावेज को निविदा संख्या 2023–टीएम–3 पर अपलोड किया गया है: (i) निविदा दस्तावेज के डीटीएस की विशिष्टता के लिए शुद्धि पत्र दिनांक 14.02.2025।
3. विषय निविदा बंद होने की नियत तिथि 18.02.2025 (मंगलवार) से **18.03.2025 (मंगलवार)** बदल दी गई है।

निदेशक, रेल मण्डार (एफ), रेलवे बोर्ड
सं.: 2023/आरएस(ई)/टीएम/3 दिनांक 14.02.2025 530/2025
ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

### भारतीय रेल

भारत सरकार
रेल मंत्रालय
(रेलवे बोर्ड)

सं. 2023/Track-III/MC/5 नई दिल्ली, दिनांक : 14.02.2025

**शुद्धिपत्र -XVII**

विषय : रेल बोर्न मैंटेनेंस व्हीकल **"RBMV"** की आपूर्ति के लिए दिनांक 11.03.2025 को खोली जाने वाली निविदा संख्या टी एम – 2303।

तकनीकी विशिष्टताओं से संबंधित शुद्धिपत्र वेबसाइट **http://ireps.gov.in** पर अपलोड कर दिया गया है। निविदा के अन्य सभी नियम व शर्तें अपरिवर्तनीय रहेंगी।

(विजय सिंह)
कार्यकारी निदेशक, रेलपथ (एम. & एम.सी)
रेलवे बोर्ड
दूरभाष नं. 011–47845531
ई मेल: vijay.singh.2017@gov.in

518/2025
ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

### उत्तर रेलवे

**इलेक्ट्रोनिक निविदा ई प्रणाली के अन्तर्गत मदों की आपूर्ति हेतु निविदा आमंत्रण**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से प्रमुख मुख्य सामग्री प्रबंधक, उत्तर रेलवे, नई दिल्ली–110001 द्वारा इच्छुक फर्मों से निम्नलिखित मदों के लिये ई–निविदा आमंत्रित की जाती है :–

| क्र. सं. | निविदा स. | संक्षिप्त विवरण | मात्रा | अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|
| 01 | 82250042 | एमोक्सिसिलिन 500 मिलीग्राम और क्लैवुलैनिक एसिड 125 मिलीग्राम | 9,88,000 | 10-03-25 |
| 02 | 82251208 | इंसुलिन ग्लार्गिन पेन 100 आईयू प्रति एमएल | 26,070 | 10-03-25 |
| 03 | 82259742 | (टैब/कैप) एम्पाग्लिफ्लोजिन 25 मिलीग्राम और लिनाग्लिप्टिन 5 मिलीग्राम | 85,000 | 10-03-25 |

निविदा शर्तें – 1. विस्तृत जानकारी IREPS वेबसाइट यानी www.ireps.gov.in पर देखी जा सकती है। 2. मैनुअल निविदा स्वीकृत नहीं की जायेगी।
टेंडर नोटिस सं. 82250042, 82251208 & 82259742/Med/Part-1 दिनांक: 14.02.2025
ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ 515/25

### उत्तर रेलवे

**'एक स्टेशन एक उत्पाद' योजना के तहत स्टॉल स्थापित करने हेतु आवेदन आमंत्रित किये जा रहे है:**

क) **कुल छह (06) स्टॉल**: दिल्ली शाहदरा, दिल्ली कैंट, पानीपत, मेरठ कैंट, मेरठ सिटी और गुड़गांव स्टेशनों पर।
ख) **कुल पंद्रह (15) ट्राली**: बागपत रोड, बड़ौत, दिल्ली सराय रोहिल्ला, फरीदाबाद न्यू टाउन, खेकड़ा, नांगलोई, नोली, परतापुर, शकूरबस्ती, जुलाना, सांपला, दिल्ली सफदरजंग, शिवाजी ब्रिज, तिलक ब्रिज और मोदीनगर स्टेशनों पर।

- गुड़गांव और मेरठ कैंट स्टेशनों पर स्टॉल स्थापित करने की अवधि प्रति चरण में 90 दिन होगी।
- उपरोक्त (ख) समूह के अंतर्गत दिए गए स्टेशनों पर **ट्रॉली** स्थापित करने की अवधि 30 दिन होगी।
- NSG 1, 2, 3 और 4 स्टेशनों पर रजिस्ट्रेशन शुल्क 2000 रु. की दर से प्रत्येक तीस दिनों की अवधि के लिए हर बार अलग से लिया जाएगा और NSG 5 (मेरठ कैंट, बागपत रोड, खेकड़ा, नांगलोई, जुलाना, सांपला, शिवाजी ब्रिज, तिलक ब्रिज और दिल्ली सफदरजंग) & NSG 6 (परतापुर) स्टेशनों के लिए रजिस्ट्रेशन शुल्क 1000 रु की दर से प्रत्येक तीस दिनों की अवधि के लिए हर बार अलग से लिया जाएगा।
- प्रतिभागी के लिए पात्रता मानदंड निम्नलिखित हैं:–

क) विकास आयुक्त हस्तशिल्प, विकास आयुक्त हथकरघा, या अपेक्षित राज्य/केंद्र सरकार प्राधिकरण द्वारा जारी कारीगरों/बुनकर आईडी कार्ड धारक।
ख) भारतीय जनजातीय सहकारी विपणन विकास संघ लिमिटेड (ट्राइफेड)/राष्ट्रीय हथकरघा विकास निगम (एनएचडीसी)/खादी और ग्रामोद्योग आयोग (केवीआईसी)/गैर सरकारी संगठन और सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम मंत्रालय के उद्यम पोर्टल पर सूक्ष्म उद्यमों के साथ पंजीकृत और सामाजिक संगठनों, राज्य सरकार के साथ निकायों आदि के साथ नामांकित/पंजीकृत व्यक्तिगत कारीगर/बुनकर/शिल्पकार।
ग) पीएमईजीपी (प्रधान मंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम) के साथ पंजीकृत स्वयं सहायता समूह।
घ) समाज के हाशिए पर या कमजोर वर्ग।
ड.) किसी भी अलग प्रतीक चिन्ह की अनुमति प्रदान नहीं की जाएगी।

- आवेदक को स्टेशन अधीक्षक को एक वचन पत्र प्रस्तुत करना होगा जिसमें यह संकेत दिया जाएगा कि ट्रेन संचालन, यात्री सुरक्षा और रेलवे की छवि पर प्रतिकूल प्रभाव डालने के लिए कोई गतिविधि नहीं की जाएगी।
- आवेदक द्वारा का आवेदन इस अधिसूचना के जारी होने के बाद 19.02.2025, 15:00 बजे तक स्टेशन अधीक्षक को संबोधित व जमा किया जा सकता है व उसी दिन खोला जाएगा।
- सभी अनुमोदित प्रतिभागियों का प्राथमिकता रोस्टर बनाने के लिए एसएस और स्टेशन प्रबंधक/अनुभागीय सीएमआई और नामांकित वित्त प्रतिनिधि द्वारा सभी अनुमोदित आवेदकों की उपस्थिति में स्टेशन पर आयोजित ड्रा के माध्यम से प्राथमिकता निर्धारित की जाएगी।
- 'एक स्टेशन एक उत्पाद' योजना रेलवे बोर्ड वाणिज्यिक परिपत्र संख्या: 12/2022 एवं 09/2023 के तहत/अधीन मान्य होगी, उपरोक्त परिपत्र वेबसाइट: www.indianrailways.gov.in & URL: https://indianrailways.gov.in/railwayboard/uploads/directorate/traffic_comm/Comm_Cir_2022/OSOP%20Policy.pdf और https://indianrailways.gov.in/railwayboard/uploads/directorate/traffic_comm/Comm_Cir_2023/CC%20%2009%20of%202023 पर उपलब्ध है।

इस से सम्बंधित किसी भी जानकारी के लिए आवेदक संबंधित स्टेशनों के स्टेशन अधीक्षक या सीएमआई से संपर्क कर सकता है। 520/2025
ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

### ग्रिहम हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड

(पूर्व में पूनावाला हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड के नाम से जाना जाता था)
पंजीकृत कार्यालय:– 6वीं मंजिल, बी बिल्डिंग, गंगा ट्रूनो, लोहेगांव, पुणे, महाराष्ट्र 411014. शाखा इकाई: दूसरी मंजिल, फ्रेंड्स प्लाजा, 52/53, ईश्वर नगर, नई दिल्ली – 110065

**ई–नीलामी – बिक्री सूचना (SARFAESI अधिनियम के तहत सुरक्षित अचल संपत्ति की बिक्री)**

वित्तीय आस्तियों के प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 (अधिनियम) के अंतर्गत अचल आस्तियों की बिक्री के लिए ई–नीलामी बिक्री सूचना, प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 8 और 9 के साथ पठित। इसके द्वारा आम जनता को तथा विशेष रूप से उधारकर्ता/सह–उधारकर्ता/बंधककर्ता/गारंटर को सूचित किया जाता है कि गृहम हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड (जिसे पहले पूनावाला हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड के नाम से जाना जाता था) के पास बंधक रखी गई नीचे वर्णित अचल संपत्तियां, 17 नवंबर 2023 से प्रभावी होने के कारण पूनावाला हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड का नाम बदलकर गृहम हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड कर दिया गया है (पहले इसे मैग्मा हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड के नाम से जाना जाता था तथा मूल रूप से जीई मनी हाउसिंग फाइनेंस पब्लिक अनलिमिटेड कंपनी के नाम से निगमित) (जिसे अधिनियम के अनुसार इसके पश्चात सुरक्षित ऋणदाता कहा जाएगा) जिसका कब्जा **सुरक्षित ऋणदाता** के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा ले लिया गया है। अधिनियम की धारा 13(12) के तहत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, अधिनियम की धारा 13(2) के तहत नोटिस के अनुसरण में सुरक्षा हित (प्रवर्तन) नियम के नियम 8 और 9 के साथ पढ़ा जाए।
सुरक्षित परिसंपत्तियों को जहां है, जैसा है, जो है, जैसा है और जो कुछ भी है के आधार पर 18/03/2025 को ई–नीलामी के माध्यम से बेचा जाएगा। आम जनता को सूचित किया जाता है कि हम वेबसाइट: https://www.bankeauctions.com पर उपलब्ध ई–नीलामी मंच के माध्यम से सार्वजनिक नीलामी करने जा रहे हैं। बिक्री की विस्तृत शर्तों और नियमों के लिए, कृपया GHFL/सिक्योर्ड क्रेडिटर की वेबसाइट यानी www.grihumhousing.com पर दिए गए लिंक को देखें।

| क्रमांक | प्रस्ताव संख्या ग्राहक नाम (ए) | डिमांड नोटिस की तिथि और बकाया राशि (बी) | कब्जे की प्रकृति (सी) | संपत्ति का विवरण (डी) | आरक्षित मूल्य (ई) | ईएमडी (आरपी का 10%) (एफ) | ईएमडी जमा तिथि (जी) | वृद्धिशील बोली (एच) | संपत्ति निरीक्षण दिनांक और समय (आई) | नीलामी की तिथि और समय (जे) | ज्ञात भार/न्यायालयीन मामले यदि कोई हो (के) |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | ऋण संख्या HF0399H21100025 अरविंद शर्मा सुनीता शर्मा | **नोटिस दिनांक:** 09/07/2024 कुल बकाया: रु.1834653/- (रुपये अठारह लाख चौंतीस हजार छह सौ तिरपन मात्र) 09/07/2024 तक देय वसूली तक 11.80% प्रति वर्ष ब्याज सहित। | भौतिक | आवासीय संपत्ति का वह पूरा टुकड़ा फ्लैट नं. जीएफ-01, एमआईजी, भूतल पर, बिना छत के अधिकार के, बिल्डअप प्लॉट नं. ए120 पर, खसरा नं. 392 और 393 में से 167.22 वर्ग मीटर क्षेत्रफल, ब्लॉक-ए, "स्व वेद विहार", हदबस्त गांव सादुल्लाबाद, परगना और तहसील लोनी, जिला गाजियाबाद, उत्तर प्रदेश (इसके बाद "उक्त संपत्ति" कहा जाएगा) में स्थित है। प्लॉट की सीमाएं निम्नानुसार हैं: पूर्व प्लॉट नं. ए-121, पश्चिम- प्लॉट नं. ए-119, उत्तर सड़क 9 मीटर चौड़ी, दक्षिण- प्लॉट नं. ए-133। | रु. 19,84,500/- (रुपये उन्नीस लाख चौरासी हजार पांच सौ मात्र) | रु. 1,98,450/- (रुपये एक लाख अट्ठानबे हजार चार सौ पचास मात्र) | 17/03/2025 शाम 5 बजे से पहले | 10,000/- | 11/03/2025 (सुबह 11 बजे - शाम 4 बजे) | 18/03/2025 (सुबह 11 बजे - शाम2 बजे तक) | शून्य |
| 2. | ऋण संख्या HM0399H18100138 राजरानी राहुल सौरभ | **नोटिस दिनांक:** 13/09/2023 कुल बकाया: रु.15,79,356.84 (पंद्रह लाख उनहत्तर रुपये हजार तीन सौ छप्पन पैसे चौरासी मात्र) 13/09/2023 तक देय ब्याज सहित @15% प्रति वर्ष वसूली तक | भौतिक | मॉर्टगेज संपत्ति का वह पूरा टुकड़ा प्लॉट नंबर 6, (एटीएस के अनुसार) खसरा नंबर 251, चपरोला परगना और तहसील दादरी जिला गौतम बुद्ध नगर प्रशासन 140. वर्ग यार्ड. जेपी मेडिकल स्टोर उत्तर प्रदेश 201301. पूर्व:- दक्षिण पूर्व: अन्य संपत्ति, पश्चिम:- उत्तर पश्चिम: अन्य संपत्ति, उत्तर:- उत्तर पूर्व: औद्योगिक संपत्ति, दक्षिण:- दक्षिण पश्चिम: सड़क 15 फीट से घिरा हुआ है। | रु. 19,34,100/- (रुपये उन्नीस लाख चौंतीस हजार एक सौ मात्र) | रु. 1,98,450/- (रुपये एक लाख अट्ठानबे हजार चार सौ पचास मात्र) | 17/03/2025 शाम 5 बजे से पहले | 10,000/- | 11/03/2025 (सुबह 11 बजे - शाम 4 बजे) | 18/03/2025 (सुबह 11 बजे - शाम2 बजे तक) | शून्य |
| 3. | ऋण संख्या HL00659100000005032980 1.मोहम्मद मंसूर 2. रुखसाना खातून 3. मैमुन निशा | **नोटिस दिनांक:** 07/11/2024 कुल बकाया: रु.6,59,410/- (रुपये छह लाख उनसठ हजार चार सौ दस मात्र) 07/11/2024 तक देय, साथ ही वसूली तक 13.00% प्रति वर्ष ब्याज भी। | भौतिक | आवासीय प्लॉट संख्या ई-486 का वह पूरा टुकड़ा और पार्सल, जिसका क्षेत्रफल 50 वर्ग गज है, यानी 41.80 वर्ग मीटर, खसरा संख्या 10 में से, आवासीय कॉलोनी, गांव हकीकतपुर उर्फ खुदाबास, परगना और तहसील लोनी, जिला गाजियाबाद, उत्तर प्रदेश (इसके बाद उक्त संपत्ति कहा जाएगा)। निष्पादित बिक्री विलेख में विशेष रूप से उल्लेख किया गया है। सीमाएं: पूर्व: प्लॉट संख्या ई-485, पश्चिम: प्लॉट संख्या ई-487, उत्तर: रास्ता 20 फीट, निकहत परवीन का दक्षिण प्लॉट। माप क्षेत्र: - 50 वर्ग गज। | रु. 7,60,043/- (सात लाख साठ हजार तैंतालीस रुपए मात्र) | रु. 76,004.3/- (रुपये चौहत्तर हजार चार और तीस पैसे मात्र) | 17/03/2025 शाम 5 बजे से पहले | 10,000/- | 11/03/2025 (सुबह 11 बजे - शाम 4 बजे) | 18/03/2025 (सुबह 11 बजे - शाम2 बजे तक) | शून्य |

इच्छुक बोलीदाताओं/खरीदारों को सलाह दी जाती है कि वे सिक्योर्ड क्रेडिटर शाखा और नीलामी संपत्तियों पर जाएँ, और अपनी स्वयं की जाँच करें और बोलियाँ जमा करने से पहले अतिरिक्त शुल्क, ऋणभार और किसी भी तीसरे पक्ष के हितों का पता लगाएँ और सभी पहलुओं में खुद को संतुष्ट करें। संपत्ति कर, बिजली/पानी के बकाया और संपत्ति से जुड़े किसी भी अन्य बकाया जैसे सभी वैधानिक बकाया, यदि कोई हो, का पता लगाया जाना चाहिए और सफल बोलीदाता द्वारा भुगतान किया जाना चाहिए। इच्छुक बोलीदाताओं को पोर्टल पर खुद को पंजीकृत करना और नीलामी सेवा प्रदाता) 31 इंडिया प्राइवेट लिमिटेड से लॉगिन आईडी और पासवर्ड प्राप्त करना आवश्यक है, जो ई-बोली के लिए अनिवार्य है। **पता- प्लॉट नंबर-68 तीसरी मंजिल गुड़गांव हरियाणा-122003. हेल्पलाइन नंबर- 7291981124,25,26 सहायता**
ईमेल आईडी - Support@bankerseauctions.com. **संपर्क व्यक्ति - -धरनी पी, ईमेल आईडी-** dharani.p@c1india.com **संपर्क नंबर- 9948182222..** कृपया ध्यान दें कि संभावित बोलीदाता केवल उनसे ही ई-नीलामी पर ऑनलाइन प्रशिक्षण प्राप्त कर सकते हैं। इच्छुक खरीदार/बोलीदाता को **गृहम हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड, बैंक-आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड के खाते में** एनईएफटी/आरटीजीएस/डीडी के माध्यम से बयाना राशि जमा (ईएमडी) जमा करना आवश्यक है। **खाता संख्या-000651000460** और **आईएफएससी कोड- आईसीआईसी0000006, 20, आर. एन. मुखर्जी रोड- कोलकाता** 700001 किसी भी राष्ट्रीयकृत या अनुसूचित बैंक में 17/03/2025 को या उससे पहले निकाला गया और अपना नाम https://www.bankeauctions.com पर पंजीकृत करें और मुफ्त में यूजर आईडी और पासवर्ड प्राप्त करें और सेवा प्रदाता से ई-नीलामी पर प्रशिक्षण प्राप्त करें। वेबसाइट पर पंजीकरण के बाद, इच्छुक क्रेता/बोलीदाता को निम्नलिखित दस्तावेजों की प्रतियां अपलोड करवानी होंगी, ई-मेल करनी होंगी और स्व-सत्यापित हार्ड कॉपी पते पर भेजनी होगी- द्वितीय तल, फ्रेंड्स प्लाजा, 52/53, ईश्वर नगर, नई दिल्ली - 110065 मोबाइल नंबर +91 9657443073 ई-मेल आईडी rohan.savala@grihumhousing.com नियमों और शर्तों के बारे में अधिक जानकारी के लिए कृपया ई-नीलामी में भाग लेने के लिए https://www.bankeauctions.com www.grihumhousing.com पर जाएं। इस नोटिस को सुरक्षा हित (प्रवर्तन) नियम-2002 के नियम 8(6) के अंतर्गत उधारकर्ता/सह-उधारकर्ता/बंधककर्ता/गारंटर को 30 दिन का नोटिस भी माना जाना चाहिए।

दिनांक: 15-02-2025, स्थान: दिल्ली
एसडी/- प्राधिकृत अधिकारी, गृहम हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड (पूर्व में पूनावाला हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड के नाम से जाना जाता था)


## मामा ने घर बुलाकर की गंदी हरकत

**नोएडा।** नोएडा में सेक्टर 63 थाना क्षेत्र के एक गांव में किशोरी ने फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। परिजनों ने पड़ोस में रहने वाले दूर के रिश्ते के मामा पर छेड़छाड़ करने और इससे आहत होकर बेटी के आत्महत्या करने का आरोप लगाया है। वहीं, आरोपी को पुलिस ने रात करीब 10 बजे सेक्टर-63 में मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार कर लिया। पुलिस के मुताबिक, मूलरूप से फर्रुखाबाद का व्यक्ति परिवार संग सेक्टर 63 के एक गांव में किराये पर रहता है। वह फूड डिलीवरी का काम और पत्नी निजी कंपनी में काम करती हैं। घर में दो बेटों के अलावा 16 वर्षीय बेटी भी रहती है। उनके घर के पास बच्चों के दूर के रिश्ते का एक मामा भी रहता है।


### उत्तर रेलवे

**ई–निविदा**
**खुली निविदा संख्या 60–अम्बाला/2024–25 दिनांक 14.02.2025**

वरिष्ठ मंडल अभियंता-समन्वय/अम्बाला के द्वारा भारत के राष्ट्रपति की ओर से ई-निविदा के माध्यम से इच्छुक ठेकेदारों से निम्न लिखित कार्यों हेतु खुली निविदायें आमंत्रित की जाती है जो कि उन कार्यों के सामने दी गयी तिथि को 15:00 बजे तक खुली रहेगी और उसके बाद खोली जाएगी।

| क्र. सं. | कार्य का नाम | अनुमानित लागत (Rs.) | अग्रिम राशि (Rs.) | कार्य समाप्ति का समय | निविदा खुलने की तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | ADEN/SML के अनुभाग में कालका–शिमला सैक्शन पर 14620.20 Cum 65 mm गेज स्टोन गिट्टी की आपूर्ति के संबंध में कार्य। | 2,34,75,722 | 2,67,400 | 12 महीने | 10.03.2025 |
| 2 | कालका स्टेशन की कॉलोनी में विभिन्न स्थानों पर पानी की आपूर्ति में सुधार के लिए पुराने/खराब मौजूदा टैंकों के बदले में प्लंबिंग पाइप, बोर, पंप और पंप हाउस के साथ 01 नग 225 KL का आरसीसी ओएच टैंक का प्रावधान। | 83,82,309 | 1,62,600 | 08 महीने | 10.03.2025 |
| 3 | (i) यूएमबी–एलडीएच सेक्शन पर खन्ना रेलवे स्टेशनों पर 2 लिफ्टों (एक सर्कुलेटिंग एरिया में और दूसरी प्लेटफार्म नंबर 1 पर) का प्रावधान। (ii) सीनियर डीईएन–IV/यूएमबी के अधीन राजपुरा रेलवे स्टेशन पर 03 लिफ्टों का प्रावधान। (डिपॉजिट कार्य) | 1,64,98,204 | 2,32,500 | 04 महीने | 10.03.2025 |

नोट :– 1. ठेकेदार को शर्तों के अनुसार निविदा योग्यता पूरी करने हेतु सभी जरूरी सम्बंधित डॉक्यूमेंटों के स्कैनिंग कॉपी को रेलवे वेबसाइट **IREPS** पर अपलोड करनी जरूरी है। 2. अग्रिम राशि ऑन लाइन पेमेन्ट नेट बैंकिंग/गेटवे पेमेंट के द्वारा ही स्वीकार्य होंगे। 3. निविदा की विस्तृत जानकारी हेतु रेलवे वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर लोग ऑन करें। 4. ठेकेदार को ई–निविदा में भागीदारी हेतु (क्लास–III) डिजिटल सिगनेचर सार्टिफिकेट द्वारा लोग ऑन करना होगा। 5. जी. एस. टी. एक्ट 2017 के अनुसार लागू होगी। **517/25**
ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ


# क्लासीफाइड


## टूर एण्ड ट्रैवल्स

**कैनेडा-ऑस्ट्रेलिया** फ्री वीजा, रहना, खाना, 2 साल का वर्क परमिट। कमाएं 3 लाख महीना। कोई पैसा ना वीजा से पहले ना बाद में। चाहिए हेल्पर, कारपेंटर, मेसन, वैल्डर, प्लम्बर, ड्राइवर, ऑपरेटर, स्टोरकीपर, वेटर, सुपरवाईजर, मैनेजर, कुक इत्यादि। सरकारी रजिस्टर्ड कंपनी से ही अप्लाई करें।
**फोन** : 73476708

**वर्क वीजा** कैनेडा, ऑस्ट्रेलिया, कंस्ट्रक्शन/स्टोर/आईटी कंपनियों में जरूरत :
स्टोर कीपर, कम्प्यूटर आपरेटर, फूड पैकर, ड्राईवर, इलेक्ट्रीशियन, प्लम्बर, सिक्योरिटी, गार्ड, वेटर, कुक, नो एडवांस, रहना, खाना, टिकट, बीमा फ्री। एजेंट्स वैलकम। **रूद्राश** 9815119633, 9855577523

**कैनेडा-ऑस्ट्रेलिया** 3 साल का वीजा, फ्री रहना, खाना और टिकट कम्पनी देगी। सैलरी 2 से 3 लाख महीना। हैल्पर, कारपेन्टर, मैसन, प्लम्बर, ड्राईवर, कुक, वेटर, आपरेटर, सुपरवाईजर इत्यादि चाहिये। रजिस्टर्ड कम्पनी से ही अप्लाई करें।
**फोन** : 7087033731

**कनाडा, ऑस्ट्रेलिया**, दुबई, कुवैत, सऊदी, रशिया, सिंगापुर, में पढ़े-लिखे और अनपढ़ कारीगरों और हैल्पर की भारी जरूरत। वीजा के पैसे सैलरी से कटवाएं। फोन : 7710404041

## बेदखली सूचना

मैं जोकि जसमेर सिंह पुत्र राजपाल निवासी गांव गुमड तहसील गन्नौर जिला सोनीपत बयान करता हू कि मेरा पुत्र जितेश व उसकी पत्नी अंजलि मेरे व मेरे परिवार के कहने सुनने से बाहर है और दोनों अपनी मनमानी करते हैं। मैं उपरोक्त दोनों को अपनी चल व अचल संपत्ति से बेदखल और सम्बंध विच्छेद करता हुँ। आज के बाद अगर कोई भी उपरोक्त दोनों से लेनदेन या व्यवहार करता है तो वह स्वयं जिम्मेदार होगा। मेरी व मेरे परिवार के किसी भी सदस्य की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।

## बेदखली सूचना

**मैं** सुरेश पुत्र संजय सिंह बी1, तिलक नगर का निवासी हूं। मेरा पुत्र रमेश कुमार शादीशुदा है व उसकी पत्नी का नाम महिमा है। दोनों अपनी मनमानी करते है व परिवार में दिन-रात झगड़ा करते हैं। वहीं मेरी पुत्रवधू महिमा दहेज उत्पीड़न के केस में फंसाने की धमकी देती है। जिस कारण पूरा परिवार परेशान है। मैं अपने पुत्र व उसकी पत्नी को अपनी चल-अचल संपत्ति से बेदखल करता हूं। भविष्य में उनसे जो भी संबंध रखेगा या लेन-देन करेगा वो खुद जिम्मेवार होगा। मेरे या मेरे परिवार की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी। २

## बेदखली सूचना

**मैं** महेश कुमार पुत्र शनि सिंह बी1, मंगोलपुरी का निवासी हूं। मेरा पुत्र महेश कुमार शादीशुदा है व उसकी पत्नी का नाम सीमा है। दोनों अपनी मनमानी करते है व परिवार में दिन-रात झगड़ा करते हैं। वहीं मेरी पुत्रवधू सीमा दहेज उत्पीड़न के केस में फंसाने की धमकी देती है। जिस कारण पूरा परिवार परेशान है।

## बेदखली सूचना

**मैं** सतीश शाह पुत्र मनीष शाह सी2, पटेल नगर का निवासी हूं। मेरा पुत्र संचित शाह शादीशुदा है व उसकी पत्नी का नाम मनोरमा शाह है। दोनों अपनी मनमानी करते है व परिवार में दिन-रात झगड़ा करते हैं। वहीं मेरी पुत्रवधू मनोरमा शाह दहेज उत्पीड़न के केस में फंसाने की धमकी देती है। जिस कारण पूरा परिवार परेशान है। मैं अपने पुत्र व उसकी पत्नी को अपनी चल-अचल संपत्ति से बेदखल करता हूं। भविष्य में उनसे जो भी संबंध रखेगा या लेन-देन करेगा वो खुद जिम्मेवार होगा। मेरे या मेरे परिवार की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।

## बेदखली सूचना

**मैं जोकि कप्तान सिंह पुत्र कली राम निवासी नसीरपुर चोलका, तहसील खरखोदा जिला सोनीपत बयान करता हू कि मेरा पुत्र आशीष व उसकी पत्नी दर्शना मेरे व मेरे परिवार के कहने सुनने से बाहर है और दोनों अपनी मनमानी करते हैं। मैं उपरोक्त दोनों को अपनी चल व अचल संपत्ति से बेदखल और सम्बंध विच्छेद करता हुँ। आज के बाद अगर कोई भी उपरोक्त दोनों से लेनदेन या व्यवहार करता है तो वह स्वयं जिम्मेदार होगा। मेरी व मेरे परिवार के किसी भी सदस्य की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।**

## बेदखली सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे मुवक्किल श्री उदय प्रदाप पुत्र स्व. श्री मजोल लाल व चंदा पत्नी श्री मजोल लाल, निवासी- नंगली जालिब, जनकपुरी, बी-1 ब्लॉक , नई दिल्ली-58 के पुत्र राधेश्याम व उसकी पत्नी रमावती को उनके व्यवहार ठीक नहीं होने के कारण दिनांक 16-01-2015 को बेदखल कर दिया था लेकिन अब उनके व्यवहार मेरे मुवक्किल के प्रति अच्छे हो गये हैं। अब उनसे अपने सभी प्रकार के संबंध अपना लिए हैं तथा अब उपरोक्त दोनों उनके समस्त चल व अचल सम्पत्ति में हकदार होंगे और भविष्य में अब दोनों मेरे मुवक्किल के साथ रहेंगें। अब उन दोनों से मेरे मुवक्किल को कोई शिकायत नहीं है।

## खोया-पाया

मैं राधा सचदेवा, पुत्री श्री संजय सचदेवा, मकान नं. 62 गांव पोशंगीपुर, जनकपुरी, नई दिल्ली-110058 की निवासी हूं। त्रुटिवश मेरी 10वीं की मार्कशीट महावीर नगर में कही खो गई है, जिसका अनुक्रमांक नंबर 0224532 है। जिस किसी को मिले कृप्या उपरोक्त पते पर संपर्क करें।

# भाजपा वादों को न पूरा करने का ठीकरा आप पर फोड़ेगी : आतिशी

## जब आआपा की सरकार आई थी। उस समय दिल्ली का कर्ज 6.6 फीसद था। उसे आआपा सरकार ने दस सालों में कम करके तीन फीसद पर ले आई

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली।** दिल्ली की कार्यवाहक मुख्यमंत्री आतिशी ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) अपने वादों को न पूरा करने का ठीकरा आम आदमी पार्टी (आआपा) पर फोड़ेगी। इसके लिए भाजपा नेता दिल्ली सरकार के पास पैसा न होने का बहाना बनाएंगे। उन्होंने शुक्रवार को संवाददाता सम्मेलन में कहा कि 2014-15 में दिल्ली का बजट 31 हजार करोड़ रुपये था। उससे पहले शीला दीक्षित की सरकार 2009-10 में बजट 25 हजार करोड़ रुपये था। पांच सालों में छह हजार करोड़ रुपये की बढ़ोतरी के साथ हुई थी। आआपा सरकार ने दस सालों में यह बजट (2024-25) बढ़कर 77 हजार करोड़ रुपये तक पहुंच दिया। उन्होंने कहा कि जब आआपा की सरकार आई थी। उस समय दिल्ली का कर्ज 6.6 फीसद था। उसे आआपा सरकार ने दस सालों में कम करके तीन फीसद पर ले आई। उन्होंने कहा कि आआपा सरकार ने दस सालों में अर्थव्यवस्था को आगे बढ़ाने के लिए काम किया है। आतिशी ने कहा कि भाजपा ने पहली कैबिनेट बैठक में महिलाओं को 2500 रुपये देने का फैसला पास करने और यह पैसा आठ मार्च तक उसके खातों पहुंचने का वादा किया है। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा के नवनिर्वाचित विधायक विभागों को लेकर लड़ रहे हैं और उनका वादों को पूरा करने का कोई इरादा नहीं है। मोहल्ला क्लीनिक का नाम बदलने के सवाल पर आतिशी ने कहा कि भाजपा को नाम बदलने की बजाय दिल्ली में काम करना चाहिए।

एक्स हैंडल पर सीएमओ दिल्ली का नाम बदलकर अरविंद केजरीवाल एट वर्क के सवाल पर उन्होंने कहा कि एक्स की अपनी नीति है और वह उसके मुताबिक जो जरूरी होगा करेगा।






**साधा निशाना**

▶▶ केजरीवाल एट वर्क के सवाल पर उन्होंने कहा कि एक्स की अपनी नीति है और उसके मुताबिक जो जरूरी होगा करेगा

## एलजी अधिकारियों को दें निर्देश , ना मानें कार्यवाहक मुख्यमंत्री के अनुचित निर्देश : वीरेंद्र

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली।** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के दिल्ली प्रदेश अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा ने शुक्रवार को उपराज्यपाल विनय कुमार सक्सेना को पत्र लिखकर मांग की है कि वे अधिकारियों को निर्देश दें कि वह कार्यवाहक मुख्यमंत्री आतिशी मालेर्ना के अनुचित निर्देश ना मानें। दिल्ली भाजपा अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा ने कहा कि आतिशी मालेर्ना अपने पद का दुरुपयोग कर सरकारी सम्पति की डिजिटल लूट करवाने का काम कर रही है। उन्होंने कहा कि आतिशी प्रेस कॉन्फ्रेंस करके बिजली कटौती के नाम का भ्रम फैला रही है। वीरेंद्र सचदेवा ने कहा कि आतिशी मालेर्ना ने कार्यवाहक मुख्यमंत्री होते हुए प्रेस कॉन्फ्रेंस करके भाजपा पर बिजली कटौती करवाने का आरोप लगाया। उसके चलते यह सुनिश्चित किया जाये की कार्यवाहक मुख्यमंत्री रहते आतिशी मालेर्ना भ्रामक ब्यानबाजी ना करें। पत्र में सचदेवा ने कहा कि जिस तरह सरकारी पैसे एवं संसाधनों से विकसित मुख्यमंत्री कार्यालय के एक्स पोस्ट खाते को कार्यवाहक मुख्यमंत्री के निर्देश पर आई.टी. विभाग अधिकारियों ने पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल का निजी सोशल मीडिया खाता बना डाला वह गैर कानूनी है।

दिल्ली भाजपा अध्यक्ष ने मांग की है कि उपराज्यपाल अधिकारियों को निर्देश दें कि वह आतिशी के माध्यम से इस डिजिटल लूट को रूकवायें और सी.एम.ओ. दिल्ली की सोशल मीडिया पोस्ट वापस हो।

# सीएम का चयन न होना भाजपा में फूट को उजागर करता है : देवेंद्र

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली।** दिल्ली प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष देवेंद्र यादव ने आज कहा कि दिल्ली में चुनाव परिणाम आने के एक सप्ताह के बाद भी भाजपा का दिल्ली के मुख्यमंत्री का चयन नहीं कर पाना, इनकी आपसी फूट को उजागर करता है। उन्होंने एक बयान में कहा कि आठ तारीख के बाद जिस तरह भाजपा का हर तीसरा विधायक मुख्यमंत्री पद का दावा कर रहा है, उसमें कहीं न कहीं 1993 की भाजपा की दिल्ली सरकार का इतिहास दिखाई दे रहा है, जब एक ही कार्यकाल में तीन मुख्यमंत्री बदल गए थे। देवेंद्र यादव ने कहा कि आम आदमी पार्टी (आआपा) दिल्ली नगर निगम में सत्तासीन होने के बावजूद स्थायी समिति का अध्यक्ष बनाने में नाकाम साबित रही है, यह प्रशासन की नहीं बल्कि आआपा की नाकामी है। उन्होंने कहा कि जनता ने दिल्ली विधानसभा चुनाव में अपना मत देकर जता दिया है कि दिल्ली में आआपा का वजूद खत्म हो रहा है। आआपा संयोजक अरविंद केजरीवाल अपना अस्तित्व बचाने के लिए पंजाब के विधायकों की बैठक ले रहे हैं। देवेंद्र यादव ने कहा कि आआपा निगम की सत्ता संभाल कर अपना मूलभूत काम दिल्ली की सफाई व्यवस्था को दुरुस्त रखने में नाकाम साबित हुई है। भाजपा के 15 वर्षों के निगम शासन और आम आदमी पार्टी दो वर्ष से अधिक कार्यकाल में कुछ भी बदला नहीं है।



**नाकाम**

▶▶ आप नगर निगम में सत्तासीन होने के बावजूद स्थायी समिति का अध्यक्ष बनाने में नाकाम साबित रही

# दिल्ली भाजपा अध्यक्ष ने झुग्गी बस्ती पालकों और विस्तारकों का किया सम्मान

**सम्मानित**

▶▶ विधानसभा चुनाव में बड़ी जीत के बाद झुग्गी बस्ती पालकों और विस्तारकों का बड़ा सम्मान किया

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली।** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के दिल्ली प्रदेश अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा ने शुक्रवार को प्रदेश कार्यकाल में विधानसभा चुनाव में बड़ी जीत के बाद झुग्गी बस्ती पालकों और विस्तारकों का बड़ा सम्मान किया। इस मौके पर प्रदेश महामंत्री विष्णु मित्तल, प्रदेश संगठन महामंत्री पवन राणा, प्रदेश उपाध्यक्ष विधायक राजकुमार भाटिया, सुनीता कांगड़ा, प्रदेश मंत्री सोना कुमारी और झुग्गी बस्ती के संयोजक सुशील कुमार उपस्थित रहे। वीरेंद्र सचदेवा ने सभी पालकों और विस्तारकों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि विधानसभा चुनाव में भाजपा की जीत के सूत्रधार रहे और झुग्गी के लोगों को भाजपा पर भरोसा करने की और अरविंद केजरीवाल के भ्रामक बयानों से बचाने का काम किया है।

उन्होंने कहा कि भाजपा लगातार झुग्गीवासियों से संपर्क में रही और कार्यकर्ताओं ने हर समस्या को देखा समझा और उसका समाधान करने का पूरा प्रयास किया।



## गृह मंत्रालय ने राष्ट्रपति से जैन के खिलाफ मुकदमा चलाने की अनुमति मांगी

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली।** केंद्रीय गृह मंत्रालय ने राष्ट्रपति से दिल्ली की तत्कालीन केजरीवाल सरकार में कैबिनेट मंत्री रहे सत्येंद्र जैन के खिलाफ धन शोधन मामले में मुकदमा चलाने की अनुमति मांगी है। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) इस मामले की जांच कर रही है। सूत्रों ने शुक्रवार को बताया कि आम आदमी पार्टी (आआपा) नेता सत्येंद्र जैन के खिलाफ भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता की धारा 218 के तहत मंजूरी मांगी गई है। उन्होंने कहा कि मंत्रालय ने ईडी की जांच और पर्याप्त सबूत की मौजूदगी के आधार पर मंजूरी का अनुरोध किया है। ईडी ने सत्येंद्र जैन पर हवाला सौदों से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग मामले में केस दर्ज कर मई 2022 में उन्हें गिरफ्तार किया था।

# राहुल को लिखी चिट्ठी, सज्जन को कांग्रेस से निकालें

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली।** दिल्ली के राजौरी गार्डेन क्षेत्र से नवनिर्वाचित भाजपा विधायक मनजिंदर सिंह सिरसा ने लोकसभा में नेता विपक्ष एवं कांग्रेस सांसद राहुल गांधी को आज पत्र लिखकर सज्जन कुमार को कांग्रेस से निकालने की मांग की है। इसके साथ ही सिरसा ने राहुल गांधी से यह भी सुनिश्चित करने को कहा है कि सिख विरोधी दंगों में शामिल कोई भी नेता कांग्रेस से न जुड़ने पाए।

1984 के सिख विरोधी दंगों में सज्जन कुमार को दिल्ली की एक अदालत ने दोषी ठहराया है। इसी परिप्रेक्ष्य में राहुल गांधी को लिखे अपने पत्र के बारे में मनजिंदर सिंह सिरसा ने बताया कि उन्होंने राहुल गांधी को पत्र में याद दिलाया है कि सज्जन कुमार को अभी पार्टी से नहीं निकाला गया है। उनसे अनुरोध किया है कि वे संसद में एक प्रस्ताव पारित करके मोदी सरकार द्वारा सिख विरोधी दंगा पीड़ितों को न्याय दिलाने के लिए एसआईटी गठित करने की सराहना करें। इसके साथ ही सज्जन कुमार को संरक्षण देने के लिए सिख समुदाय और देश से माफी मांगें। सिरसा ने राहुल गांधी को पत्र में लिखा है कि 1984 के सिख नरसंहार में भूमिका के लिए कांग्रेस नेता सज्जन कुमार को हाल ही में दोषी ठहराया जाना देश के इतिहास के सबसे काले और शर्मनाक अध्यायों में से एक की दर्दनाक याद दिलाता है। लगभग चार दशकों से पीड़ितों और उनके परिवारों ने उन लोगों के खिलाफ न्याय के लिए लगातार लड़ाई लड़ी है, जिन्होंने निर्दोष सिखों के नरसंहार की साजिश रची, उसे सक्षम बनाया और उसे बचाया। अब, जब अदालत ने तीसरी बार उसके अपराधों की पुष्टि की है, तो नैतिक साहस और राजनीतिक जवाबदेही के साथ काम करने की जिम्मेदारी राहुल गांधी पर है। भाजपा विधायक ने आगे लिखा है कि आप दोनों श्री दरबार साहिब (स्वर्ण मंदिर) जाते हैं, स्कार्फ पहनते हैं और खुद को सिख समुदाय के सहयोगी के रूप में पेश करते हैं। लेकिन केवल प्रतीकात्मकता से ज्यादा हमेशा कामों की बात होती है। कठोर सत्य यह है कि सज्जन कुमार सिर्फ कांग्रेस के सदस्य नहीं थे, बल्कि दशकों तक कांग्रेस ने उन्हें संरक्षण और बढ़ावा दिया। अब भी उनको दोषी ठहराए जाने के बावजूद आपके नेतृत्व की ओर से कोई आधिकारिक निंदा नहीं की गई है। अगर न्याय और सांप्रदायिक सद्भाव के प्रति आपकी प्रतिबद्धता सच्ची है और सिर्फ राजनीतिक दिखावा नहीं है तो आपको कुछ जरूरी कदम उठाने चाहिए।



**मांग**

▶▶ सिरसा ने यह भी सुनिश्चित करने को कहा है कि सिख विरोधी दंगों में शामिल कोई भी नेता कांग्रेस से न जुड़ने पाए



# मुख्यमंत्री सैनी के नेतृत्व में हरियाणा विकास की राह पर अग्रसर : बिरला

**प्रबोधन कार्यक्रम**

**नायब सिंह सैनी को लोकसभा व विधानसभा का अनुभव, वे अपने अनुभव से हरियाणा विधानसभा को संसद की मर्यादा के अनुरूप चलाने में प्रदान करेंगे मार्गदर्शन- ओम बिरला, लोकसभा अध्यक्ष ने हरियाणा विधानसभा सदस्यों के लिए आयोजित दो दिवसीय प्रबोधन कार्यक्रम का किया उद्घाटन**








## भारत ने दुनिया को दिखाया - लोकतांत्रिक व्यवस्था शासन चलाने की सर्वोच्च पद्धति

**ओम बिरला** ने कहा कि पक्ष- विपक्ष लोकतंत्र की ताकत है और भारत ने दुनिया को यह दिखा दिया है कि लोकतांत्रिक व्यवस्था शासन को चलाने की सर्वोच्च पद्धति है। विविधताएं होने के बावजूद हमें साथ जोड़ने का कार्य इन लोकतांत्रिक पद्धतियों ने ही किया है। उन्होंने कहा कि विधान मंडलों में सार्थक चर्चाएं करने से ही नेतृत्व क्षमता बढ़ेगी और सभी सदस्यों को इस दिशा में सोचना होगा कि विधान मंडलों का जनता के कल्याण के लिए कैसे बेहतर उपयोग किया जा सकता है। उन्होंने आशा व्यक्त की कि नए सदस्य वरिष्ठ सदस्यों के अनुभवों से ज्ञान प्राप्त कर लोकतांत्रिक व्यवस्था को मजबूत करने में अपना योगदान देंगे। उन्होंने कहा कि हरियाणा विधानसभा के अध्यक्ष हरविन्द्र कल्याण लगातार प्रयास कर रहे हैं कि सदन की कार्यवाही सार्थक रूप से चले और संसदीय प्रणालियां मजबूत हों।ल लोकसभा अध्यक्ष ने कहा कि हरियाणा में बजट से पहले बजट पूर्व बैठकें कर विधायकों व अन्य हितधारकों से सुझाव लिए जाते हैं और उनके अनुरूप योजना व नीतियों का निर्माण किया जाता है। उन्होंने कहा कि संसदीय समितियां यह आकलन करती है कि बजट में जो प्रावधान और आवंटन किया गया है, उससे जनता के सामाजिक व आर्थिक जीवन में क्या बदलाव आया है। इसलिए यह प्रयास किया जाना चाहिए कि बजट के बाद संसदीय समितियां में अधिक से अधिक व्यापक चर्चा की जानी चाहिए ताकि बजट के प्रभावों का आकलन किया जा सके। उन्होंने कहा कि इस 2 दिन के कार्यक्रम में विशेषज्ञों द्वारा विधायी कार्यों को समझने और उन्हें और बेहतर बनाने की जानकारी सभी सदस्यों को मिलेगी जिससे जनता का निर्वाचित सदस्यों के प्रति विश्वास व भरोसा और मजबूत होगा।

**टीम एक्शन इंडिया**
**चंडीगढ़:** लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में हरियाणा लगातार विकास के पथ पर आगे बढ़ रहा है। चाहे ढांचागत विकास की बात हो, सामाजिक व आर्थिक परिदृश्य की बात हो, आज हर क्षेत्र में हरियाणा प्रगति कर रहा है।

लोकसभा अध्यक्ष आज यहां हरियाणा विधानसभा में संसदीय लोकतंत्र शोध एवं प्रशिक्षण संस्थान (प्राइड) लोकसभा के सहयोग से हरियाणा विधान सभा के सदस्यों के लिए आयोजित दो दिवसीय प्रबोधन कार्यक्रम के उद्घाटन सत्र में बतौर मुख्य अतिथि संबोधित कर रहे थे। इस अवसर पर हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी, विधानसभा अध्यक्ष हरविन्द्र कल्याण, पंजाब विधानसभा अध्यक्ष सरदार कुलतार सिंह संधवां, उत्तर प्रदेश विधानसभा के अध्यक्ष सतीश महाना, हरियाणा विधानसभा उपाध्यक्ष डॉ कृष्ण लाल मिड्ढा, विधानसभा सदस्य बी.बी. बत्रा उपस्थित रहे।

ओम बिरला ने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी को दोनों लोकतांत्रिक संस्थाओं - लोकसभा व विधानसभा का लंबा अनुभव है, और वे अपने अनुभव से हरियाणा विधानसभा को संसद की मयार्दा के अनुरूप चलाने में मार्गदर्शन प्रदान करेंगे।

**हरियाणा ने विरासत के साथ विकास का जो मॉडल प्रस्तुत किया है, वो अन्य राज्यों को देता है दिशा**

लोकसभा अध्यक्ष ने कहा कि हरियाणा की अपनी सांस्कृतिक, आध्यात्मिक विरासत के साथ-साथ खिलाड़ियों, स्वतंत्रता सेनानियों और वीरता का गौरवशाली इतिहास रहा है। छोटा सा राज्य होने के बावजूद भी हरियाणा ने सदैव देश दुनिया में अपनी एक अलग पहचान बनाई है। हरियाणा की धरा से ही भगवान कृष्ण ने कर्म का संदेश दिया था। हरियाणा विधानसभा की भी एक विरासत रही है और विरासत के साथ विकास का जो मॉडल प्रस्तुत किया है, वह अन्य राज्यों को दिशा देता है। विकास की इस यात्रा में विधायकों का भी महत्वपूर्ण योगदान रहा है।

उन्होंने कहा कि जनता ने भरोसे और विश्वास के साथ विधायकों को सदन में चुनकर भेजा है और यह खुशी की बात है कि 40 विधायक पहली बार चुनकर हरियाणा विधानसभा के सदस्य बने हैं। विधायकों पर जनता की अपेक्षाओं व आकांक्षाओं को पूरा करने का दायित्व होता है। उन्होंने कहा कि विधानसभा सदस्य के रूप में विधायक केवल एक निर्वाचन क्षेत्र का प्रतिनिधित्व ही नहीं करते, बल्कि वे पूरे राज्य का नेतृत्व करते हैं।

**सभी राज्यों की विधानसभाओं का एक प्लेटफॉर्म पर उपलब्ध होगा डिजिटल रिकॉर्ड**

लोकसभा अध्यक्ष ने कहा कि एक प्रभावी कानून बनाते समय पिछले सत्रों में हुई चर्चा, संवाद और डिबेट का भी अध्ययन करने की आवश्यकता है। इसलिए यह प्रयास किया जा रहा है कि पिछली विधानसभा में कानून बनाते समय नीति निर्माण, योजनाओं के समय जो भी चचाएं, संवाद हुआ है, उनका एक डिजिटल रिकॉर्ड रखा जाए। सभी राज्यों की विधानसभाओं का यह डिजिटल रिकॉर्ड एक प्लेटफार्म पर उपलब्ध होगा, जिसका सभी सदस्य अध्ययन कर सकते हैं और अपने सार्थक सुझाव दे सकते हैं।

लोकसभा अध्यक्ष ने कहा कि लेजिस्लेटिव ड्राफ्ट बनाते समय सदस्यों के सकारात्मक सुझाव होने चाहिएं। कई बार ड्राफ्ट में कमी रहने के कारण सरकार की कार्यप्रणाली और जनता पर इसका प्रभाव पड़ता है, इसलिए ये प्रारूप सदस्यों को परिचालित होने चाहिए, ताकि सदस्यों के अनुभव से उसे और बेहतर बनाया जा सके।

लोकतंत्र में जनता की भागीदारी और सक्रियता से शासन पालिका में आएगी पारदर्शिता

ओम बिरला ने कहा कि राज्य की विधानसभाओं में नीति निर्माण, योजनाओं पर व्यापक समीक्षा होनी चाहिए। राज्य के मुद्दों का अध्ययन होना चाहिए। निर्वाचन क्षेत्र और राज्य के मुद्दों को जितना प्रभावी ढंग से विधानसभा में उठाया जा सकता है, उतना ही सकारात्मक परिवर्तन आएगा। चाहे संसद हो या विधानसभा, ये लोकतांत्रिक संस्थाएं एक ऐसा मंच है, जिससे सरकार को हर क्षेत्र और हर वर्ग की समस्याओं की जानकारी मिलती है। सरकार इस जानकारी को सकारात्मक रूप से लेकर एक बेहतर सरकार चला सकती है। लोकतंत्र में जनता की जितनी भागीदारी और सक्रियता होगी, उतनी ही शासन पालिका में पारदर्शिता आएगी और कार्यपालिका पर नियंत्रण होगा।उन्होंने कहा कि सरकार और विधान मंडलों द्वारा बनाए गए कानून, नीतियों और योजनाओं का क्रियान्वयन धरातल पर सही ढंग से हो रहा है या नहीं, यह एक जनप्रतिनिधि बेहद अच्छे ढंग से बता सकता है। विधानसभा में जितनी बेहतर समीक्षा होगी उतना ही शासन बेहतर चलेगा और जवाबदेही सुनिश्चित होगी।

उन्होंने कहा कि एक अच्छा विधायक वही होता है जो सदन के दौरान अपने निर्वाचन क्षेत्र की समस्याओं को उठाने के साथ-साथ सदन की कार्यवाही में सार्थक चर्चा भी करे। उन्होंने कहा कि सामाजिक जीवन में कई चुनौतियां और कठिनाइयां आएंगी, जिनका समाधान इन्हीं विधान मंडलों से निकलेगा।

## न्यूज फ्लैश

### डंपरों से बढ़ते सड़क हादसों पर गुस्साए लोगों ने लगाया जाम

**टीम एक्शन इंडिया**
**यमुनानगर।** यमुनानगर क्षेत्र में चल रहे डंपरों के कारण दो दिन में दो हादसे होने से गुस्साए लोगों ने शुक्रवार को सड़क पर जाम लगा दिया। आज सुबह सढौरा के सरांवा में रोड पर एक तेज रफ्तार अनियंत्रित डंपर ने पहले एक स्कूली छात्रा को अपनी चपेट में लिया और फिर आगे जाकर स्विफ्ट कार को टक्कर मार दी। गनीमत यह रही इन दोनों हादसो में कोई जानी नुकसान नहीं हुआ। इस दौरान आक्रोशित लोगों ने डंपर को रोक कर सड़क पर जाम लगा दिया। बाद में डायल 112 मौके पर पहुंची और जाम को खुलवाया। पुलिस ने डंपर को अपने कब्जे में ले लिया। शुक्रवार को इस दौरान स्थानीय लोगों ने कहा कि यहां से हर दिन सैकड़ों की संख्या में तेज गति डंपर गुजरते हैं। सरावां का पीएम श्री स्कूल सड़क से सटा हुआ है और लगातार बच्चों की भी आवाजाई रहती है। जिस कारण से लगातार हादसों का डर बना रहता है। स्थानीय लोगों का कहना था कि गुरुवार को जहां एक ओर गांव टुंडो की टपरियां के नजदीक डंपर ने एक बाइक को टक्कर मार दी। जिसमें दो सगे भाइयों की मौके पर ही मौत हो गई और एक महिला घायल हो गई। जिसका अस्पताल में इलाज जारी है। वहीं देर रात मधु चौक पर एक डंपर ने एक एक्टिवा सवार व्यक्ति को कुचल दिया और मौके से डंपर लेकर फरार हो गया। गुस्साए लोगों ने जिला प्रशासन से वाहनों की गति नियंत्रण करने के लिए स्पीड ब्रेकर लगाने की मांग की और प्रशासन से गुहार लगाई है कि यहां पर जल्द से जल्द स्पीड ब्रेकर लगाए जाएं ताकि इस तरह के हादसों पर लगाम लगाई जा सके। मौके पर पंहुचकर सढौरा पुलिस ने जाम खुलवाया और डंपर चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर आगामी कार्रवाई शुरू कर दी है।

### नगर निगम अम्बाला में सीएम फ्लाइंग ने की रेड

**टीम एक्शन इंडिया**
**मनीष कुमार**
**अम्बाला:** अंबाला सिटी नगर निगम में सीएम फ्लाइंग ने बीते दिन सुबह दबिश दी। टीम सब इंस्पेक्टर हितेंद्र गौतम के नेतृत्व में निगम में पहुंची और सभी ब्रांच में जाकर रिकॉर्ड को खंगाला। टीम ने ब्रांच में जाकर अधिकारियों और कर्मचारियों से बातचीत भी की और उनके कार्य से जुड़ी जानकारी ली। सीएम फ्लाइंग की टीम के निगम में आते ही निगम अधिकारियों व कर्मचारियों में हड़कंप मच गया। इस दौरान टीम ने निगम में काम करने वाले सभी कर्मचारियों की हाजिरी चेक की। वहीं उसके बाद निगम अधिकारियों के साथ निगम के सभी विभागों में रिकॉर्ड को खंगाला गया। सीएम फ्लाइंग की टीम में परविंद्र, एएसआई सुखविंद्र, एएसआई जनक सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे। इस दौरान टीम ने सेनिटेशन ब्रांच में फाइलों को जांचा। यहां पर डोर टू डोर कूड़ा संबंधी रिकॉर्ड को देखा तथा यह भी देख कि कितने कर्मचारी डयूटी पर तैनात किए गए हैं और वह किस प्रकार से अपना कार्य कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि वह जल्द ही अपनी रिपोर्ट आला अधिकारियों को सौंपेंगे। गौरतलब है कि अंबाला में सीएम फ्लाइंग की टीम लगातार एक्शन मोड में है। इससे पहले भी कई बार सरकारी दफ्तरों में दबिश दी जा चुकी है।

## कलाकारों ने सेना पराक्रम का अद्भुत नजारा किया पेश

**टीम एक्शन इंडिया**
**चंडीगढ़:** हरियाणा कला एवं संस्कृति विभाग व हरियाणा पर्यटन निगम के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित फरीदाबाद में 38वें सूरजकुंड अंतरराष्ट्रीय शिल्प मेला की हर संध्या को शानदार बनाने के लिए सांस्कृतिक संध्या कार्यक्रमों का आयोजन निरंतर किया जा रहा है। इसमें हर रोज देश-विदेश के प्रसिद्ध कलाकारों द्वारा दी जा रही प्रस्तुतियां दर्शकों को खूब लुभा रही हैं।

इसी कड़ी में गुरुवार को बड़ी चौपाल पर सांस्कृतिक संध्या में इस बार के मेले के थीम स्टेट ओडिसा के कलाकारों ने नृत्य और सेना पराक्रम का अद्भुत नजारा पेश कर दर्शकों की खूब वाहवाही लूटी। ओडिसा कलाकारों के समूह ने बड़ी



चौपाल के मंच पर तलवारबाजी से साहसी सेना के पराक्रम को दशार्या। इनकी प्रस्तुति इतनी बेहतरीन रही की पंडाल में सभी लोगों ने तालियों से इनका अभिवादन किया। इनके अलावा ओडिसा के शास्त्रीय नृत्य की प्रस्तुतियों को भी दर्शकों ने खूब पसंद किया। महिला कलाकारों के सामूहिक नृत्य ने सभी को ओडिशा की संस्कृति से रूबरू करवाया। इन नृत्यों में संबलपुरी और गोटीपुआ नृत्य की प्रस्तुति काफी शानदार रही। बड़ी चौपाल पर आयोजित सांस्कृतिक संध्या में ओडिसा के कलाकारों ने देर रात तक समा बांधे रखा। इस अवसर पर काफी संख्या में पर्यटक मौजूद रहे। इन कलाकारों ने हरियाणा सरकार द्वारा उन्हें इस अंतरराष्ट्रीय मेले में इतना बेहतर मंच प्रदान करने के लिए मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी और विरासत एवं पर्यटन मंत्री डॉ. अरविंद कुमार शर्मा का धन्यवाद व्यक्त किया है।

**मनोरंजन**

**बड़ी चौपाल पर सांस्कृतिक संध्या में ओडिसा की सांस्कृतिक प्रस्तुतियों से कलाकारों ने खूब लूटी वाहवाही कलाकार पर्यटकों का कर रहे मनोरजंन**

## विधायिका लोकतंत्र का मजबूत स्तंभः मुख्यमंत्री सैनी

**टीम एक्शन इंडिया**
**चंडीगढ़:** हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि विधायिका लोकतंत्र का एक मजबूत स्तंभ है और सभी सदस्यों का कर्तव्य है कि इसे और अधिक सशक्त बनाएं। निर्वाचित सदस्यों की भूमिका केवल कानून बनाने तक सीमित नहीं है, बल्कि सभी सदस्यों को अपने क्षेत्र के नागरिकों की आवाज को बुलंद करने और उनकी समस्याओं के समाधान के लिए प्रभावी प्रयास करने की भी जरूरत है। मुख्यमंत्री आज यहां हरियाणा विधानसभा में संसदीय लोकतंत्र शोध एवं प्रशिक्षण संस्थान (प्राइड) लोकसभा के सहयोग से हरियाणा विधान सभा के सदस्यों के लिए आयोजित दो दिवसीय प्रबोधन कार्यक्रम का लोक सभा अध्यक्ष ओम बिरला द्वारा उद्घाटन करने उपरांत सत्र को संबोधित कर रहे थे। इस अवसर पर विधानसभा अध्यक्ष हरविन्द्र कल्याण, पंजाब विधानसभा अध्यक्ष सरदार कुलतार सिंह संधवां, उत्तर प्रदेश विधानसभा के अध्यक्ष सतीश महाना, हरियाणा विधानसभा उपाध्यक्ष डॉ कृष्ण लाल मिड्ढा, विधानसभा सदस्य बी.बी. बत्रा उपस्थित रहे। नायब सिंह सैनी ने कहा कि जनता ने हम सभी को एक बहुत बड़ी जिम्मेदारी सौंपकर सदन में भेजा है। सभी सदस्य भिन्न पार्टियों और मतों के होते हुए भी हरियाणा प्रदेश की जनता के प्रतिनिधि हैं। इसलिए इस सदन में प्रवेश करते ही सदस्यों की निष्ठा सदन को चलाने और इसकी गरिमा को बनाए रखने तथा इसके गौरव को बढ़ाने के प्रति होनी चाहिए। सदन को सुचारू ढंग से चलाने की जिम्मेदारी व कर्तव्य हम सबका है। उन्होंने कहा कि जब सदस्य सदन में बोलते हैं, तो याद रखिए कि वे केवल एक व्यक्ति नहीं, बल्कि लाखों नागरिकों की आवाज हैं।

**सशक्त बनाएं**

**हरियाणा विधानसभा को 'मैं' के भाव से नहीं 'हम' के भाव से चलाया जाएगा: नायब सिंह सैनी**

**हरियाणा विधानसभा को 'मैं'** के भाव से नहीं 'हम' के भाव से चलाया जाएगा

मुख्यमंत्री ने कहा कि सदन का नेता होने के नाते वे विश्वास व्यक्त करते हैं कि इस सदन में स्वस्थ लोकतांत्रिक परंपराओं का पालन किया जाएगा। सदन को 'मैं' के भाव से नहीं 'हम' के भाव से चलाया जाएगा। हर सदस्य की बात को गंभीरता से लिया जाएगा। नायब सिंह सैनी ने कहा कि हम पक्ष-विपक्ष के सदस्य बाद में हैं, इस गरिमामयी सदन के सदस्य पहले हैं। हरियाणा विधानसभा में स्वस्थ विधायी रीति-नीतियों और परम्पराओं को तो अपनाया ही जाएगा, कुछ नए सिद्धांतों और मयार्दाओं को भी स्थापित किया जाएगा। जिस प्रकार हरियाणा विकास व जन कल्याण के क्षेत्रों में आज अपनी पहचान रखता है, उसी प्रकार विधायी कार्यों के क्षेत्र में भी हमारी अलग पहचान बनेगी। उन्होंने कहा कि प्रदेश के हित में कानून व प्रक्रियाएं बनाने के लिए यह आवश्यक है कि हरियाणा विधानसभा की ज्यादा से ज्यादा सीटिंग हो।

15वीं हरियाणा विधानसभा के गठन उपरांत हमने यह संकल्प लिया था कि हम सब राजनीति से ऊपर उठकर सदन में काम करने पर बल देंगे।

## विद्युत सेवा में लापरवाही नहीं होगी बर्दाश्तः अनिल विज

**टीम एक्शन इंडिया**
**चंडीगढ़:** हरियाणा के ऊर्जा मंत्री अनिल विज द्वारा गत 2 फरवरी को रोहतक में बिजली सेवा केंद्र के औचक निरीक्षण के दौरान लापरवाही बरतने वाले कर्मचारियों से स्पष्टीकरण मांगा गया है।

उल्लेखनीय है कि ऊर्जा मंत्री ने राजीव गांधी विद्युत भवन, रोहतक स्थित बीएसके शिकायत केंद्र का दौरा कर उपभोक्ताओं की शिकायतों की समीक्षा की थी। निरीक्षण में यह सामने आया कि कई शिकायतों का समाधान निर्धारित चार घंटे की समय-सीमा में नहीं किया गया था।

ऊर्जा मंत्री ने संबंधित अधीक्षक अभियंता को निर्देश देते हुए कहा था कि जो शिकायतें चार घंटे से



ज्यादा समय तक लंबित रही हैं, उनकी जांच कर संबंधित स्टाफ से स्पष्टीकरण लिया जाए।ऊर्जा मंत्री ने निरीक्षण के बाद विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि प्रदेश में उपभोक्ताओं की शिकायतों का समय पर समाधान सुनिश्चित करे और लापरवाही बरतने वालों कर्मचारियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करे। ऊर्जा मंत्री के निदेर्शानुसार, अधीक्षक अभियंता (एसई) ने लापरवाही बरतने पर रोहतक के एएलएम अंकित, एएलएम नरेश, एलएम संजय और एएलएम कृष्ण तथा रोहतक के एएलएम सुरेश, जेई विकास कौशिक और एलएम रामबीर से स्पष्टीकरण मांगा गया है। उत्तरी हरियाणा बिजली वितरण निगम, रोहतक के अधीक्षक अभियंता ने इन सभी कर्मचारियों को तीन दिनों के भीतर शिकायतों के निदान में होने वाली देरी के कारणों का स्पष्टीकरण देने का निर्देश दिया है। संतोषजनक उत्तर न मिलने पर अनुशासनात्मक कार्रवाई की जाएगी।

### आईएएस सलोनी शर्मा ने संभाला एडीसी व डीएमसी झज्जर का पदभार

**झज्जर।** नवनियुक्त अतिरिक्त उपायुक्त सलोनी शर्मा ने शुक्रवार को एडीसी झज्जर का पदभार संभाल लिया। सलोनी शर्मा वर्ष 2019 बैच की आईएएस अधिकारी हैं , इससे पूर्व भी झज्जर में बतौर एडीसी अपनी सेवाएं दे चुकी हैं। एडीसी के पद के अलावा उनके पास डीएमसी (डिप्टी म्युनिसिपल कमिश्नर) के पद का कार्यभार भी रहेगा। सलोनी शर्मा ने कहा कि अधिकारियों और कर्मचारियों को नियमानुसार अनुसार कार्य करने के निर्देश दिए गए हैं। शहरी स्थानीय निकाय विभाग के अधिकारियों और कर्मचारियों को सख्त निर्देश दिए गए हैं कि नागरिकों को अपने सरकारी कार्यालयों में रोजमर्रा के कार्य करवाने में किसी प्रकार की परेशानी नहीं आनी चाहिए।

## पुलवामा हमले के शहीदों को दी श्रद्धांजलि

**टीम एक्शन इंडिया**
**जींद। जिला**भर में शुक्रवार को पुलवामा शहीदों को नमन किया गया। विश्व हिंदू परिषद, बजरंग दल द्वारा पुलवामा हमले में बलिदान हुए जवानों को श्रद्धांजलि अर्पित की गई। विहिप, बजरंग दल द्वारा जिला अध्यक्ष सुशील सिंगला की अध्यक्षता में बलिदान स्मारक पर दीप प्रज्जवलित एवं पुष्प अर्पित किए गए। सुशील सिंगला ने बताया कि हमारे देश के वीर जवानों को श्रद्धांजलि देने का समय है, जिन्होंने पुलवामा हमले में अपने प्राणों की आहुति दी थी। यह हमला 14 फरवरी 2019 को हुआ था। जिसमें सीआरपीएफ के 40 जवान शहीद हो गए थे। आज हम उन वीर जवानों को याद करते हैं जिन्होंने अपने देश के लिए अपने प्राणों की आहुति दी। हम उनके बलिदान को कभी नहीं भूलेंगे और उनकी याद में हमारे दिल में सम्मान और कृतज्ञता की भावना हमेशा रहेगी। यह केवल एक घटना नहीं थीबल्कि हमारे देश की संप्रभुता और वीर जवानों की शहादत पर किया गया एक कायरतापूर्ण हमला था। वहीं किसान-छात्र एकता संगठन द्वारा पुलवामा हमले में शहीद हुए 40 जवानों को भावभिनी श्रद्धांजलि अर्पित की गई। संगठन के सदस्यों, छात्रों, किसानों और आम नागरिकों ने एकत्र होकर राष्ट्र के वीर सपूतों को नमन किया। कार्यक्रम की शुरूआत शहीदों की याद में दो मिनट का मौन रखकर की गई। इसके बाद संगठन के उपप्रधान अभिषेक जुलाना ने शहीदों के बलिदान को याद करते हुए उनके परिवारों के प्रति अपनी संवेदनाएं प्रकट की।

वक्ताओं ने कहा कि पुलवामा हमला भारतीय इतिहास में एक काला दिन था। जिसने पूरे देश को झकझोर कर रख दिया। इस अवसर पर युवाओं और किसानों ने एकजुट होकर देश की रक्षा और शहीदों के सपनों को साकार करने का संकल्प लिया।

संगठन युवा अध्यक्ष नवरत्न माथुर ने कहा कि हम अपने वीर जवानों के बलिदान को कभी नहीं भूल सकते हैं। यह कार्यक्रम हमारी ओर से उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित करने का एक छोटा सा प्रयास है।

## विधायी प्रशिक्षण कार्यक्रम जनप्रतिनिधियों को बनाती हैं पारंगतः ओम बिरला

**टीम एक्शन इंडिया**
**चंडीगढ़:** लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने कहा कि भारत विश्व का सबसे बड़ा लोकतांत्रिक देश है और 75 वर्ष की यात्रा में देश ने सामाजिक व आर्थिक विकास के मामलों में नए आयाम स्थापित किए हैं। उन्होंने कहा कि आजादी के बाद संसद सहित राज्यों की विधानसभाओं द्वारा नए कानून बनाने का कार्य किया गया है। जहां अंग्रेजों के जमाने के अनावश्यक कानूनों को हटाया गया है, वहीं वर्तमान आवश्यकता अनुरूप नए कानून भी बनाये गए हैं। ओम बिरला आज हरियाणा विधानसभा में लोकसभा के संसदीय लोकतंत्र शोध एवं प्रशिक्षण संस्थान (प्राइड) के सहयोग से विधानसभा सदस्यों के लिए आयोजित दो दिवसीय प्रबोधन कार्यक्रम के शुभारम्भ उपरांत



पत्रकार वार्ता को संबोधित कर रहे थे। इस अवसर पर हरियाणा विधानसभा अध्यक्ष हरविन्द्र कल्याण भी उपस्थित थे। लोकसभा अध्यक्ष ने कहा कि नए कानून बनाने का कार्य राज्य विधानसभाओं और संसद का होता है। इसी कड़ी में विधायी कार्यों की सम्पूर्ण जानकारी के लिए विधायकों का प्रशिक्षण भी अति आवश्यक है ताकि राज्य विधानसभाओं में कानून बनाते समय विधेयक पर बेहतर चर्चा और संवाद हो सके और आने वाले समय में जनता को इसका लाभ मिल सके। उन्होंने कहा की विधायी कार्यों में निपुणता से ही लोकतंत्र सशक्त होता है।

**प्राइड के माध्यम से अब तक 15 राज्यों में विधायी प्रारूप तैयार करने का प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित**

ओम बिरला ने कहा कि संसदीय समितियां का कार्य भी मिनी पार्लियामेंट की तरह होता है। ये समितियां बजट की समीक्षा करती हैं, कार्यपालिका की जवाबदेही सुनिश्चित करते हुए पारदर्शिता लाने में इन समितियां का अहम रोल होता है। जनता का चुना हुआ प्रतिनिधि विधायी कार्यों में जितना सक्षम होगा, उतना ही वह नेतृत्व क्षमता में पारंगत होते हुए जनता की अपेक्षाओं पर खरा उतर सकेगा। उन्होंने कहा कि लोकसभा सचिवालय द्वारा प्राइड के माध्यम से अब तक 15 राज्यों में विधायी प्रारूप तैयार करने का प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया है। जितना बेहतर विधायी प्रारूप बनेगा, उतना अधिक जनता को फायदा होगा। जनता द्वारा चुनी गई सभी संस्थाओं को मिनी विधानसभा बताते हुए ओम बिरला ने कहा कि ग्राम पंचायत, ग्राम सभा, नगर पालिका, जिला परिषद, पंचायत समिति आदि जैसी संस्थाओं में लोकहित के कार्यों पर व्यापक चर्चा होनी चाहिए। ग्राम सभाओं के माध्यम से भी विधायी कार्यों के सकारात्मक सुझाव लिए जाने चाहिए। लोकसभा स्पीकर ओम बिरला ने जानकारी देते हुए बताया कि अब तक प्राइड द्वारा दुनिया के 100 से अधिक संसदों व संस्थाओं में प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किए गए हैं।

**सामाजिक**

**ग्राम सभाओं के माध्यम से भी विधायी कार्यों के सकारात्मक सुझाव लिए जाने चाहिए**

# नगर निकाय चुनाव में जीरो पर आउट होगी कांग्रेस : मोहन लाल

## माहौल भाजपा के पक्ष में, ट्रिपल इंजन की सरकार बनाने का मन बना चुकी जनता

टीम एक्शन इंडिया
राजकुमार प्रिंस

**करनाल।** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष पंडित मोहन लाल बड़ौली ने कहा कि नगर निकाय चुनाव में कांग्रेस दिल्ली की तरह जीरो पर ही आउट हो जाएगी। उन्होंने कहा कि आम आदमी पार्टी का हरियाणा में कोई वजूद नहीं है। भाजपा कार्यालय कर्ण कमल में पत्रकारों से बातचीत करते हुए भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि हरियाणा में भाजपा के पक्ष में माहौल है और जनता ट्रिपल इंजन की सरकार बनाने का मन बना चुकी है। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि भाजपा निकाय चुनाव के लिए तैयार है और शीघ्र ही निकाय चुनाव के उम्मीदवारों के नामों की घोषणा कर दी जाएगी। उन्होंने कहा कि भाजपा सभी नगर निगमों के मेयर और पार्षदों के चुनाव सिंबल पर लड़ेगी।



नगरपरिषद के वार्ड और चेयरमैन के चुनाव भी सिंबल पर लड़ा जाएगा। उन्होंने कहा कि कुछ नगरपालिकाओं के चुनाव सिंबल पर लड़ा जाए या नहीं, इसकी जिम्मेदारी हमने लोकल लीडरशिप को ही दी है। हालांकि कुछ नगरपालिकाओं के चेयरमैन के चुनाव पार्टी सिंबल पर लड़ेगी। एक सवाल पर बोलते हुए बड़ौली ने कहा कि चुनाव कोई भी हो भाजपा सदैव तैयार रहती है। भाजपा जमीन से जुड़ी हुई पार्टी है और सेवा भाव से देश और प्रदेश में काम करती है। सेवा ही संगठन के मूलमंत्र पर हमारे कार्यकर्ता लगातार जन सेवा के कार्यों में जुटे हैं। हमारे कार्यकर्ता कमल के फूल को जिताने के लिए ही कार्य करते हैं। उन्होंने कहा कि कांग्रेस हमेशा से ही लोगों को गुमराह करती आई है। चुनाव आयोग ने जो व्यवस्था की है, उसी के हिसाब से जनता वोट करेगी। भाजपा प्रदेशाध्यक्ष ने कहा कि 2014 में

**दावा**

**▶▶ 2014 में सरकार बनने के बाद भाजपा ने गायों के संरक्षण और सुरक्षा के लिए कानून में संशोधन किया**

सरकार बनने के बाद भाजपा ने गायों के संरक्षण और सुरक्षा के लिए कानून में संशोधन किया है। भाजपा सरकार ने ही गौशालाओं का बजट बढ़ाने का काम किया। नंदीशालाएं भी प्रदेश में बनाई जा रही है। प्रधानमंत्री मोदी के अमेरिका दौरे पर पूछे गए सवाल पर उन्होंने कहा कि अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने पीएम मोदी का अमेरिका में जोरदार स्वागत किया है। प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में भारत के 140 करोड़ लोगों का मान और सम्मान पूरी दुनिया में बढ़ा है। हमें प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर गर्व है, जिनके नेतृत्व में नए भारत का निर्माण हो रहा है और देश तेजी से तरक्की राह पर आगे बढ़ रहा है। भाजपा के जिला कार्यकारी अध्यक्ष बृज गुप्ता, जिला प्रभारी भारत भूषण जुआल, निवर्तमान मेयर रेनू बाला गुप्ता, प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य कृष्ण गर्ग, हरियाणा के पूर्व उद्योग मंत्री शशि पाल मैहता, पूर्व विधायक रमेश कश्यप, जिला उपाध्यक्ष ईलम सिंह, जिला महामंत्री सुनील गोयल, जिला मीडिया प्रभारी डा.अशोक कुमार, कर्ण मंडल अध्यक्ष नवीन बत्रा, शहरी मंडल अध्यक्ष मोहन लोधी, रामनगर मंडल अध्यक्ष मोहित सचदेवा, अर्बन मंडल अध्यक्ष गौरव खुराना सहित अन्य कई प्रमुख कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# देश की सीमाओं पर रक्षा करने वाले सैनिकों एवं शहीदों की वजह से नागरिक सुरक्षित: जैन

**याद किया**

**▶▶ मैं सच्चे नागरिक का फर्ज निभाते हुए देश की एकता अखंडता का संकल्प लेना चाहिए: राजीव**



टीम एक्शन इंडिया

**सोनीपत।** मुख्यमंत्री के पूर्व मीडिया सलाहकार राजीव जैन ने कहा है कि देश की सीमाओं पर रक्षा करने वाले सैनिकों एवं शहीदों की वजह से नागरिक सुरक्षित हैं एवं एवं देश की एकता अखंडता कायम है। देश के सैनिक अपनी जान की परवाह किये बगैर दुश्मनों को देश की सीमा में घुसने से रोकते हैं। शुक्रवार को पुलवामा (जम्मू कश्मीर) के शहीदों को अपने पुरखास रोड कार्यालय में श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए राजीव जैन ने कहा कि आतंकवादी संगठन जैश ए मोहम्मद के आतंकवादी हमले में 44 जवानों के परिवारों की खुशियां छिन गई थी और पूरा देश स्तब्ध रह गया था। उन्होंने बताया कि जन आक्रोश को देखते हुए भारतीय सेना ने 12 दिन बाद ही पाकिस्तान के बालाकोट में सर्जिकल स्ट्राइक करके जैश ए मोहम्मद के लगभग 300 उग्रवादियों को मारकर पुलवामा के शहीदों का बदला ले लिया था। भाजपा नेता ने कहा कि आज इस हमले को छह वर्ष बीत गए हैं परन्तु देश शहीद जवानों के बलिदान को कभी भूलेगा नहीं। उन्होंने कहा कि पुलवामा हमला सिर्फ एक घटना नहीं बल्कि देश की सुरक्षा के लिए एक बड़ी चुनौती थी जिसका जवाब भारत ने मजबूती से दिया। उन्होंने कहा की हमें सच्चे नागरिक का फर्ज निभाते हुए देश की एकता अखंडता का संकल्प लेना चाहिए। श्रद्धांजलि अर्पित करने वालों में चरण सिंह जोगी, मनोज धनिया, पवन गुप्ता, राजेंद्र, पवन प्रजापति, नरेंद्र जोगी, अशोक, उमेद, प्रवेश, राजीव शर्मा, जोगिंदर, सुरेंद्र खत्री, रघबीर डाबला, अरविन्द दहिया आदि

# भाजपा प्रदेशाध्यक्ष के काफिले की एस्कॉर्ट से हादसा



टीम एक्शन इंडिया
राजकुमार प्रिंस

**करनाल।** भाजपा प्रदेशाध्यक्ष मोहन लाल बड़ौली के काफिले की वजह से शुक्रवार दोपहर एक्सीडेंट हो गया। दरअसल उनके काफिले के टर्न लेते वक्त एस्कॉर्ट वाले के ब्रेक लगाने से उसके पीछे आ रही इनोवा उससे टकरा गई। यह देख इनोवा के पीछे आ रही ग्रैंड विटारा गाड़ी के ड्राइवर ने भी ब्रेक लगा दिए, जिससे पीछे से आ रहे आर्मी ट्रक ने उसे टक्कर मार दी। ये हादसा करनाल में नेशनल हाईवे पर कर्ण लेक के पास हुआ। इस दौरान 4 गाड़ियां क्षतिग्रस्त हो गई, जिसमें विटारा में सवार बुजुर्ग दंपती को चोट लगी है। हालांकि मोहन बड़ौली हादसे वाली गाड़ियों से आगे की गाड़ी में थे, इसलिए वह पहले ही करनाल के कर्ण कमल कार्यालय में निकाय चुनाव की मीटिंग में पहुंच गए। इसके बाद बड़ौली ने कहा कि उनके काफिले की किसी गाड़ी का एक्सीडेंट नहीं हुआ है। हालांकि

**हादसा**

**▶▶ काफिले के टर्न लेते वक्त एस्कॉर्ट वाले के ब्रेक लगाने से उसके पीछे आ रही इनोवा उससे टकरा गई**

पुलिस का कहना है कि एक एस्कॉर्ट गाड़ी डैमेज हुई है। पुलिस पूरी घटना की सच्चाई जानने के लिए, सीसीटीवी फुटेज खंगाल रही है। क्षतिग्रस्त हुई ग्रैंड विटारा में सवार बुजुर्ग ने कहा कि वह पत्नी के साथ चंडीगढ़ से फरीदाबाद की तरफ जा रहे थे। नेशनल हाईवे पर वीआईपी गाड़ियां यानी बड़ौली का काफिला उनकी गाड़ी को ओवरटेक कर रहा था। इसी दौरान जब काफिला कर्ण लेक के पास पहुंचा तो हाईवे से नीचे उतरते हुए लेफ्ट टर्न लेने लगे। इस दौरान आगे की गाड़ियां तो निकल गईं, लेकिन लास्ट वाली एस्कॉर्ट ने टर्न लेने के लिए अचानक ब्रेक लगा दिए।

# गुरू रविदास जी ने मानव धर्म को सबसे बड़ा धर्म बताया : सुनील

**प्रेरणा**

**▶▶ हमें उनसे प्रेरणा लेते हुए जाति पाति का भेदभाव नहीं करना चाहिए। समाज ठीक रास्ते पर आगे बढ़े**

टीम एक्शन इंडिया
राजकुमार प्रिंस

**करनाल।** गुरु रविदास जागृति मिशन चैरिटेबल ट्रस्ट के संस्थापक सुनील दास ने कहा कि संत शिरोमणि रविदास जी ने अपनी वाणी में मानव धर्म को सबसे बड़ा धर्म बताया है। हमें उनसे प्रेरणा लेते हुए जाति पाति का भेदभाव नहीं करना चाहिए। उन्होंने कहा कि समाज ठीक रास्ते पर



आगे बढ़े, इसके लिए जरूरी है कि समाज संगठित हो और समाज में भेदभाव पैदा न हो। सभी माता पिता अपने बच्चों को शिक्षित करने के साथ साथ संस्कारवान बनाएं। तभी समाज आगे बढ़ेगा। भारतीय किसान यूनियन के तत्वाधान में किसान भवन परिसर में आयोजित किए गए कार्यक्रम में संत शिरोमणी रविदास जी के चित्र पर पुष्प अर्पित करके नमन किया गया। इसके उपरांत लड्डुओं का प्रसाद वरताया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता भाकियू प्रदेशाध्यक्ष रतनमान ने की। किसान नेता रतन मान ने कार्यक्रम में उपस्थितजनों को संबोधित करते हुए कहा कि संत रविदास जी ने अपनी वाणी और दोहों के माध्यम से समाज के प्रत्येक पक्ष को छुआ है, जो उन्होंने सैकड़ों वर्ष पहले कहा था कि आज भी उनकर वाणी प्रासंगिक है। उनकी वाणी ने यह सिद्ध किया है कि मन चंगा तो कठौती में गंगा यानि यदि मन पवित्र और निर्मल है तो किसी भी स्थान पर किया गया कार्य पवित्र होगा। बाहरी आडंबरों की बजाए आंतरिक शुद्धता अधिक महत्वपूर्ण है। वरिष्ठ किसान नेता प्रेमचंद शाहपुर, यशपाल राणा, सुरेंद्र सिंह घुम्मन, श्याम सिंह मान, सुरेंद्र सांगवान, राजकुमार नौतना, धनेतर राणा, जोगिंद्र बस्तली, दिलावर डबकोली, नेकी राम, जयपाल शर्मा, भरती, राजेंद्र राणा, सत्यवीर तौमर सहित काफी संख्या में किसान, मजदूर मौजूद थे।

# नहर से मिला एक महीने पुराना शव ,केवल टी-शर्ट पहनी थी

टीम एक्शन इंडिया
राजकुमार प्रिंस

**करनाल।** जिले के चमार खेड़ा गांव के पास नहर में एक शव मिला है। पुलिया के नीचे बहते हुए शव को देखकर राहगीरों ने पुलिस को सूचना दी। जानकारी मिलते ही सदर थाना पुलिस और गोताखोरों की टीम मौके पर पहुंची। गोताखोर प्रगट सिंह ने बताया कि पुलिया के नीचे शव फंसा हुआ था, जिसे निकालने में काफी मशक्कत करनी पड़ी। शव की हालत इतनी खराब थी कि पहचान करना मुश्किल हो गया। पुलिस ने आसपास के लोगों से पूछताछ की, लेकिन शव किसका है, इसका कोई सुराग नहीं लग सका। पुलिस के अनुसार शव के शरीर पर सिर्फ नीले रंग की टी-शर्ट और ब्राउन रंग का अंडरवियर था। इसके अलावा कोई अन्य कपड़ा नहीं था। शव अर्ध नग्न अवस्था में था, जिससे मामला संदिग्ध लग रहा है। शव के हाथ में एक कड़ा पहना हुआ मिला, लेकिन इससे भी उसकी पहचान नहीं हो सकी। लाश बुरी तरह गल चुकी थी, जिससे यह अंदाजा लगाया जा रहा है कि शव करीब एक महीने पुराना हो सकता है। पुलिस के मुताबिक शव को देखकर यह कहना मुश्किल है कि यह हत्या का मामला है या फिर कोई हादसा।

# ऑटो की टक्कर से एक्टिवा सवार युवक की मौत

टीम एक्शन इंडिया
राजकुमार प्रिंस

**करनाल।** सेक्टर-4 क्षेत्र में एक ऑटो की टक्कर से एक्टिवा सवार युवक की मौत हो गई। युवक का रात को जन्मदिन था। घर में जन्मदिन की खुशियां मातम में बदल गईं। मृतक अपने काम से घर पर लौट रहा था और इसी दौरान ऑटो ने उसे टक्कर मार दी और वह गंभीर रूप से घायल हो गया और उसे करनाल के अस्पताल में भर्ती करवाया गया। जब वह रात को घर नहीं लौटा तो परिजनों को चिंता हुई। ढूंढते हुए उन्हें हादसे की जानकारी मिली और वे अस्पताल में पहुंचे और मृतक की शिनाख्त की। पुलिस ने आज पोस्टमॉर्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया है। करनाल में राजीवपुरम निवासी 35 वर्षीय दीपक पिकअप गाड़ी चलाने का काम करता था। वीरवार रात को वह एक्टिवा से घर लौट रहा था। रास्ते में सेक्टर-4 स्थित कंबोज होटल के पास किसी ऑटो वाले ने टक्कर मार दी। दीपक सड़क पर गिरा और गंभीर रूप से घायल हो गया। राहगीरों ने उसे अस्पताल पहुंचाया, लेकिन इलाज के दौरान उसने दम तोड़ दिया। दीपक के भाई श्याम ने बताया कि जब वह रात को घर नहीं पहुंचा तो फोन किया, लेकिन नंबर बंद था। परिवार को चिंता हुई और वे उसे ढूंढने निकल पड़े। जब सेक्टर-4 पहुंचे तो वहां हादसे की खबर मिली, लेकिन यह नहीं पता था कि घायल दीपक ही था। इसके बाद अस्पताल पहुंचे तो वहां दीपक का शव मिला। 13 फरवरी को दीपक का जन्मदिन था। परिवार वाले सोचे बैठे थे कि वह घर आएगा तो केक काटेंगे, लेकिन जन्मदिन की खुशियां मातम में बदल गई।

# शहर में खाली पड़े प्लॉटों को एक सप्ताह में कवर करें नागरिक: शर्मा

टीम एक्शन इंडिया
राजकुमार प्रिंस

**करनाल।** नगर निगम आयुक्त डॉ. वैशाली शर्मा ने बताया कि जिन भी लोगों के शहर में खाली प्लॉट पड़े हैं, वह एक सप्ताह के अंदर-अंदर उनकी चारदीवारी इत्यादि करवाकर उन्हें कवर करवाना सुनिश्चित करें, ताकि कोई भी व्यक्ति उनमें कूड़ा-कर्कट डालकर वहां गंदगी न फैला सके। उन्होंने कहा कि ऐसा करके ही खाली प्लॉटों को गंदगी से मुक्त किया जा सकता है।



उन्होंने बताया कि शहर का दौरा करते समय प्रायः देखने में आया है कि कई जगहों पर खाली पड़े प्लॉटों में कूड़ा-कर्कट पड़ा रहता है। इसके अतिरिक्त कई प्लॉटों में पानी भी भरा रहता है, जिस कारण बीमारियों के फैलने की आशंका बनी रहती है। इसके चलते आस-पड़ौस के नागरिक भी परेशान रहते हैं और वह नगर निगम कार्यालय में निरंतर इस तरह की शिकायतें लेकर आते हैं। उन्होंने बताया कि नगर निगम लगातार सफाई अभियान चलाकर ऐसे प्लॉटों की सफाई भी करवाता रहता है, परंतु फिर भी कुछ लोग ऐसे प्लॉटों में गंदगी फैला देते हैं, जिससे शहर

**आदेश**

**▶▶ वहां गंदगी न फैला सके। उन्होंने कहा कि ऐसा करके ही खाली प्लॉटों को गंदगी से मुक्त किया जा सकता है**

की स्वच्छता प्रभावित होती है। उन्होंने ऐसे प्लॉट धारकों को चेताते हुए कहा कि वह अपने-अपने प्लॉटों की चारदीवारी या फैंसिंग इत्यादि करवाकर उन्हें कवर करना सुनिश्चित करें, ताकि कोई भी व्यक्ति उनमें कूड़ा-कर्कट न गिरा सके। उन्होंने कहा कि सफाई शाखा की विभिन्न टीमें शहर के सभी चारों जोन का निरीक्षण कर ऐसे प्लॉटों को चिन्हित करेंगी, जिनमें गंदगी या जलभराव हुआ हो। अगर कहीं ऐसा पाया जाता है, तो सम्बंधित प्लॉट धारक के विरूद्ध कार्रवाई अमल में लाई जाएगी और उसका चालान कर जुर्माना भी लगाया जाएगा। इसके अतिरिक्त उस प्लॉट की साफ-सफाई करवाने पर नगर निगम का जितना खर्चा आएगा, वह भी वसूल किया जाएगा। उन्होंने कहा कि अगर कोई व्यक्ति जुर्माना राशि जमा नहीं करवाएगा, तो उस राशि को सम्बंधित प्लॉट के सम्पत्ति कर में जोड़ दिया जाएगा। इसके पश्चात प्लॉट धारक को नगर निगम से एन.डी.सी. यानि अदेय प्रमाण पत्र तभी मिलेगा, जब उसके द्वारा तमाम राशि जमा करवा दी जाएगी।

उन्होंने अपील करते कहा कि शहर को साफ-सुथरा एवं स्वच्छ बनाने की नागरिकों की भी जिम्मेदारी है, जिसे उन्हें निभाना चाहिए। उन्होंने कहा कि निगम के सफाई मित्र एक बार पूरे शहर की सफाई कर देते हैं, इसके पश्चात नागरिकों को चाहिए कि वह साफ-सफाई को बनाकर रखें।

बेहतर सफाई व्यवस्था से ही हमारे शहर का वातावरण स्वच्छ बना रहेगा।

# घरौंडा नगरपालिका में सीएम फ्लाइंग ने किया औचक निरीक्षण

टीम एक्शन इंडिया
राजकुमार प्रिंस

**करनाल।** जिले की घरौंडा नगरपालिका के कार्यालय में शुक्रवार को सीएम फ्लाइंग की टीम ने औचक निरीक्षण किया। टीम ने नगरपालिका में सफाई व्यवस्था की जांच करते हुए रिकॉर्ड अपने कब्जे में ले लिए। टीम के अचानक पहुंचने से कार्यालय में अफरा-तफरी का माहौल बन गया और अधिकारी व कर्मचारी अलर्ट मोड में नजर आए। सीएम फ्लाइंग की टीम ने नगरपालिका में चल रहे सफाई कार्यों और टेंडर की शर्तों के पालन को लेकर विस्तृत जांच की।



जानकारी के अनुसार नगरपालिका घरौंडा में सफाई का टेंडर सुगम स्वच्छता कंपनी के पास है। सीएम फ्लाइंग की टीम ने इसी टेंडर को लेकर जांच की और विभिन्न दस्तावेजों को बारीकी से परखा। टीम ने यह जांचने का प्रयास किया कि ठेका कंपनी सफाई व्यवस्था को सही तरीके से लागू कर रही है या नहीं। निरीक्षण के दौरान नगरपालिका कार्यालय में सफाई व्यवस्था से जुड़े कई

**पड़ताल**

**▶▶ टीम ने सफाई कार्यों की निगरानी के लिए अपनाई जा रही व्यवस्थाओं की पड़ताल की**

दस्तावेज चेक किए गए और सफाई से संबंधित रिपोर्ट्स की समीक्षा की गई। करनाल सीएम फ्लाइंग के डीएसपी सुशील कुमार के नेतृत्व में पहुंची टीम ने सफाई कार्यों की निगरानी के लिए अपनाई जा रही व्यवस्थाओं की भी पड़ताल की। इसमें टिप्परों में लगे जीपीएस सिस्टम, कचरा उठाने के बाद तुलाई के लिए उपयोग होने वाले धर्म कांटे, डंपिंग यार्ड की स्थिति और कर्मचारियों की हाजिरी की जांच की गई। टीम ने इन सभी प्वाइंट को लेकर नगरपालिका अधिकारियों से सवाल-जवाब भी किए। जहां भी किसी प्रक्रिया में कोई कमी या गड़बड़ी नजर आई, वहां तत्काल पूछताछ की गई। निरीक्षण के बाद सीएम फ्लाइंग की टीम ने इस जांच को लेकर कोई भी आधिकारिक बयान नहीं दिया। केवल इतना ही बताया गया कि यह एक रूटीन चेकिंग थी। टीम का मुख्य उद्देश्य सफाई टेंडर में निर्धारित मानकों की पुष्टि करना था।

# कनाडा भेजने के नाम पर 6 लाख की ठगी

टीम एक्शन इंडिया
राजकुमार प्रिंस

**करनाल।** जिले में एक महिला को विदेश भेजने के नाम पर 6 लाख 7 हजार रुपए की ठगी का मामला सामने आया है। जालसाजों ने पहले भरोसा दिलाया कि उनका इमिग्रेशन का बड़ा कारोबार है और उन्होंने कई लोगों को विदेश भेजा है। पैसे लेने के बाद जब पीड़िता ने जवाब मांगा तो न केवल टालमटोल की गई, बल्कि धमकियां भी दी गई। महिला की शिकायत के आधार पर पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। करनाल के घौसी मोहल्ला निवासी वीना ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसने अपने बेटे पवन और परिचित रजत का सिंगापुर का वीजा लगवाने के लिए इमिग्रेशन एजेंट गुरप्रीत सिंह ढिल्लों से संपर्क किया था। गुरप्रीत ने खुद को यूनिवर्स माइग्रेशन इमिग्रेशन कंसल्टेंट से जुड़ा बताया और भरोसा दिलाया कि वह सिंगापुर का वीजा लगवा सकता है। इसके लिए उसने 3.20 लाख रुपए मांगे। उस पर भरोसा करके पीड़िता ने 21 सितंबर 2022 को जरूरी दस्तावेज भेज दिए। गुरप्रीत ने अपने भाई अमृतपाल सिंह से बात करवाई। वह गंगानगर स्थित श्योर सक्सेस इमिग्रेशन का संचालक बताया गया। अमृतपाल ने भी वीजा लगवाने का आश्वासन दिया और पैसे जमा करने के लिए अपना बैंक खाता दिया। 19 और 21 सितंबर को वीना ने 12 हजार रुपए ऑनलाइन ट्रांसफर किए। बाद में गुरप्रीत ने सुखप्रीत कौर नाम की महिला का खाता दिया और 11 नवंबर 2022 को उसमें 2.52 लाख रुपए आरटीजीएस के जरिए जमा करवा दिए। इसके अलावा करनाल स्थित बुटीक पर 3.30 लाख रुपए नकद भी दिए गए। पीड़िता ने बताया कि पैसे लेने के बाद आरोपियों ने पहले टालमटोल किया और फिर बताया कि पवन का वीजा रिजेक्ट हो गया है, लेकिन रजत का वीजा लग गया है। 22 नवंबर को रजत सिंगापुर गया, लेकिन वहां कागजात अधूरे पाए जाने पर अगले ही दिन उसे भारत डिपोर्ट कर दिया गया। जब वीना ने गुरप्रीत और उसके साथियों से इस बारे में पूछा तो उन्होंने जवाब देने की बजाय धमकियां देनी शुरू कर दी।

# 7 उम्मीदवारों ने पार्षद के लिए नामांकन किया

टीम एक्शन इंडिया
राजकुमार प्रिंस

**करनाल।** नीलोखेड़ी के एसडीएम एवं रिटर्निंग अधिकारी अशोक कुमार ने बताया कि शुक्रवार को नीलोखेड़ी नगरपालिका चुनावों के लिए 7 उम्मीदवारों ने पार्षद पद के लिए नामांकन दाखिल किया। इनमें वार्ड नंबर 13 से एक, वार्ड नंबर 1 से 3, वार्ड नंबर 5 से 2 और वार्ड नंबर 4 से 1 उम्मीदवार का नाम शामिल है। इसी प्रकार से तरावड़ी नगर पालिका के वार्ड नंबर 5 के उपचुनाव के लिए एक उम्मीदवार ने अपना नामांकन दाखिल किया। उन्होंने बताया कि नगरपालिका चुनाव तथा तरावड़ी नगरपालिका के वार्ड नंबर 5 के लिए प्रत्याशी 17 फरवरी तक सुबह 11 बजे से दोपहर 3 बजे तक राजपत्रित अवकाश को छोड़कर सभी कार्यदिवस पर नामांकन दाखिल करवा सकेंगे। 18 फरवरी को नामांकन की जांच का कार्य किया जाएगा।

# हकेवि के आठ विद्यार्थियों को मिला प्लेसमेंट

**मदद**

**▶▶ सैद्धांतिक शिक्षा और औद्योगिक आवश्यकताओं के बीच की खाई को भी कम करने में मदद मिलेगी**



टीम एक्शन इंडिया
दिनेश नौताना

**महेंद्रगढ़।** हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय के प्रबंधन अध्ययन विभाग द्वारा प्लेसमेंट ड्राइव का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार ने कहा कि उच्च शिक्षा की वास्तविक प्रगति विद्यार्थियों की व्यावसायिक उपलब्धियों से आंकी जाती है। इसी दृष्टिकोण के साथ, विश्वविद्यालय लगातार अपने विद्यार्थियों के लिए बेहतर प्लेसमेंट अवसरों को बढ़ाने के लिए प्रयासरत है। विश्वविद्यालय में प्रबंधन अध्ययन विभाग की विभागाध्यक्ष प्रो. सुनीता तंवर एवं प्लेसमेंट सेल की उपनिदेशक डॉ. दिव्या के प्रयासों से आयोजित इस प्लेसमेंट ड्राइव में एडुस्टेशन कंपनी ने एमबीए के आठ विद्यार्थियों को प्लेसमेंट का अवसर प्रदान किया। विद्यार्थियों का यह चयन विभाग की कौशल विकास, उद्योग से जुड़े कार्यक्रम और विद्यार्थियों को कॉर्पोरेट जगत की चुनौतियों के लिए तैयार करने की प्रतिबद्धता को दर्शाती है। इसी क्रम में राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनईपी) 2020 के दिशा-निर्देशों के अनुसार, ग्रीष्मकालीन इंटर्नशिप कार्यक्रम के लिए एजाइल कैपिटल सर्विसेज ने 13, जीलहॉक कंपनी ने 12 और टेनहाई इंडिया ने 5 विद्यार्थियों को चुना है। इस इंटर्नशिप कार्यक्रम से न केवल विद्यार्थियों के व्यावहारिक ज्ञान प्रदान होगा बल्कि इसके माध्यम से सैद्धांतिक शिक्षा और औद्योगिक आवश्यकताओं के बीच की खाई को भी कम करने में मदद मिलेगी।

# नौनिहालों के सपनों पर हावी होते कोचिंग सेंटर

## संपादकीय

## प्यार के उत्सव का नया बाजार

पिछले कुछ समय से ग्लोबलाइज्ड समाज में प्यार भी ग्लोबल ट्रेंड हो गया है। आज जहां इजहार और इकरार करने के तौर- तरीके बदल गए हैं, वहीं इंटरनेट के मौजूदा दौर में प्यार भी बाजारू हो चला है। प्यार का यह उत्सव एक बड़े बाजार को गिरफ्त में ले चुका है। हर जगह वैलेंटाइन की संस्कृति पसरती जा रही है। शहर से लेकर कस्बों तक यह तेजी से फैल चुका है। वैलेंटाइन के सम्बन्ध में कई किस्से प्रचलित हैं। रोमन कैथोलिक चर्च की मानें तो यह "वैलेंटाइन "अथवा "वलेंटिनस" नाम के तीन लोगों की मान्यता देता है जिसमें से दो के सम्बन्ध वैलेंटाइन डे से जोड़े जाते हैं लेकिन बताया जाता है इन दो में से भी संत वैलेंटाइन खास चर्चा में रहे। कहा जाता है संत वैलेंटाइन प्राचीन रोम में एक धर्मगुरू थे। उन दिनों वहां क्लाउडियस दो का शासन था। उसका मानना था अविवाहित युवक बेहतर सैनिक हो सकते हैं क्योंकि युद्ध के मैदान में उन्हें अपनी पत्नी या बच्चों की चिंता नहीं सताती। अपनी इस मान्यता के कारण उसने तत्कालीन रोम में युवकों के विवाह पर प्रतिबंध लगा दिया। किन्दवंतियों की मानें तो संत वैलेंटाइन ने क्लाउडियस के इस फैसले का विरोध करने का फैसला किया। बताया जाता है कि वैलेंटाइन ने इस दौरान कई युवक-युवतियों का प्रेम विवाह करा दिया। यह बात जब राजा को पता चली तो उसने संत वैलेंटाइन को 14 फरवरी को फाँसी की सजा दे दी। कहा जाता है संत के इस त्याग के कारण हर साल 14 फरवरी को उनकी याद में युवा "वैलेंटाइन डे" मनाते हैं । 1260 में संकलित की गई 'ऑरिया ऑफ जैकोबस डी वॉराजिन' नामक पुस्तक में भी सेंट वेलेंटाइन का वर्णन मिलता है। इसके अनुसार रोम में तीसरी शताब्दी में सम्राट क्लॉडियस के अनुसार विवाह करने से पुरुषों की शक्ति और बुद्धि कम होती है। उसने फरमान जारी किया कि उसका कोई सैनिक या अधिकारी विवाह नहीं करेगा। संत वेलेंटाइन ने इस क्रूर आदेश का विरोध किया। उन्हीं के आह्वान पर अनेक सैनिकों और अधिकारियों ने विवाह किए। कैथोलिक चर्च की एक अन्य मान्यता के अनुसार एक दूसरे संत वैलेंटाइन की मौत प्राचीन रोम में ईसाइयों पर हो रहे अत्याचारों से उन्हें बचाने के दरम्यान हो गई। इस पर नई मान्यता यह है कि ईसाइयों के प्रेम का प्रतीक मानें जाने वाले इस संत की याद में ही वैलेंटाइन डे मनाया जाता है। एक अन्य किंवदंती के अनुसार वैलेंटाइन नाम के एक शख्स ने अपनी मौत से पहले अपनी प्रेमिका को पहला वैलेंटाइन संदेश भेजा जो एक प्रेम पत्र था। उसकी प्रेमिका उसी जेल के जेलर की पुत्री थी जहाँ उसको बंद किया गया था। उस वेलेंनटाइन नाम के शख्स ने प्रेम पत्र लिखा " फ्रॉम यूअर वेलेंनटाइन।" आज भी यह वैलेंटाइन पर लिखे जाने वाले हर पत्र के नीचे लिखा रहता है। क्लॉडियस ने 14 फरवरी को संत वेलेंटाइन को फांसी पर चढ़वा दिया। तब से उनकी स्मृति में प्रेम दिवस मनाया जाता है। कहा जाता है कि सेंट वेलेंटाइन ने अपनी मृत्यु के समय जेलर की नेत्रहीन बेटी जैकोबस को नेत्रदान किया व जेकोबस को एक पत्र लिखा, जिसमें अंत में उन्होंने लिखा था 'तुम्हारा वेलेंटाइन।' 14 फरवरी के बहाने इस संत के नाम पर पूरे विश्व में यह दिवस मनाया जाने लगा।

-प्रियंका सौरभ

> परीक्षा-केंद्रित संसाधनों तक पहुँच उच्च कोचिंग लागतों द्वारा सीमित है, जिसके परिणामस्वरूप एक दोहरी प्रणाली है जहाँ केवल गरीब ही मुख्यधारा की शिक्षा से लाभ उठा सकते हैं। सरकारी स्कूली बच्चे अल्प शैक्षिक संसाधनों पर निर्भर हैं, जबकि अमीर छात्र प्रतिष्ठित संस्थानों में जाते हैं। स्कूलों में पढ़ाई को बेहतर बनाने के लिए, निजी कोचिंग सुविधाओं पर निर्भरता कम करने के लिए स्कूलों में कोचिंग सत्र और उन्नत शिक्षण मॉड्यूल शुरू करें। ऑनलाइन संसाधनों को प्रोत्साहित करें जो परीक्षण लेने की लागत और आय के बीच के अंतर को कम करने के लिए अधिक किफायती कीमतों पर उच्च गुणवत्ता वाली शिक्षा प्रदान करते हैं। सभी छात्र प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए नपटल और दीक्षा जैसे प्लेटफॉर्म द्वारा दिए जाने वाले मुफ़्त संसाधनों का उपयोग कर सकते हैं

**भारत में को**चिंग सुविधाओं की संख्या में तेजी से वृद्धि देखी जा रही है। ये केंद्र छात्रों को स्कूल स्तर की परीक्षाओं के साथ-साथ जेईई, नीट और यूपीएससी की तैयारी में मदद करते हैं। हालाँकि, इस उद्योग की विस्फोटक वृद्धि से कई चिंताएँ भी पैदा हो रही हैं। लगभग 58, 000 करोड़ के बाजार मूल्य के साथ, भारत का फलता-फूलता कोचिंग क्षेत्र अब पूरे देश से करोड़ों छात्रों को आकर्षित करता है। पारंपरिक शिक्षा में अंतर को पाटने के लिए, ये निजी संस्थान विशेष परीक्षा की तैयारी प्रदान करते हैं। हालाँकि, चिंताएँ हैं कि उनका बाजार-संचालित दृष्टिकोण औपचारिक शिक्षा के मानकों को गंभीर रूप से प्रभावित करता है और शैक्षणिक माँगों को बढ़ाकर छात्रों की पढ़ाई पर भारी बोझ डालता है। कोचिंग सेंटरों के विस्फोटक विकास के कारण भारत में औपचारिक शिक्षा प्रणाली और छात्रों के कल्याण सम्बंधित चिंताएँ जताई गई हैं। छात्रों की भलाई और औपचारिक शिक्षा में कोचिंग सेंटरों का प्रभाव कम हो गया है। छात्र अपनी अकादमिक पढ़ाई से पहले कोचिंग सत्रों को प्राथमिकता देते हैं, जिससे व्यापक शिक्षा प्रदान करने में स्कूलों की भूमिका कम हो जाती है। उदाहरण के लिए, बहुत से छात्र केवल उपस्थिति आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए स्कूल जाते हैं और प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिए केवल ट्यूशन सुविधाओं का उपयोग करते हैं। कोचिंग सेंटर में लंबे समय तक पढ़कर कड़ी प्रतिस्पर्धा करने वाले छात्र तनाव, चिंता और बर्नआउट का अनुभव करते हैं। कोटा के छात्रों की आत्महत्या की रिपोर्ट कोचिंग सेंटर के माहौल से होने वाले गंभीर मनोवैज्ञानिक नुकसान को दर्शाती है। कोचिंग सेंटर अकादमिक फोकस और तैयारी की रणनीतियों पर हावी हैं, जिससे छात्रों की अपनी शिक्षा में रुचि खत्म हो जाती है। कोचिंग सेशन में भाग लेने के लिए, कई सीबीएसई स्कूलों में छात्र महत्त्वपूर्ण शैक्षणिक वर्षों के दौरान नियमित कक्षाएँ छोड़ देते हैं। उच्च कोचिंग लागत आर्थिक रूप से वंचित छात्रों को उच्च-गुणवत्ता की तैयारी तक पहुँचने से रोककर शैक्षिक असमानता में अंतर को और बढ़ा देती है। प्रीमियम जेईई तैयारी कार्यक्रमों की लागत लाखों तक है, जो उन लोगों को अलग करती है जो कोचिंग का खर्च उठा सकते हैं और जो नहीं उठा सकते हैं।



कोचिंग उद्योग कई कारकों के परिणामस्वरूप विकसित हुआ है। कोचिंग की आवश्यकता उच्च-दांव वाली प्रवेश परीक्षाओं, जैसे कि जेईई और एनईईटी पर जोर देने से प्रेरित है। आईआईटी सीटों की सीमित संख्या के कारण, छात्र चयनित होने की अपनी संभावनाओं को बढ़ाने के लिए कोचिंग सेंटरों में दाखिला लेते हैं। माता-पिता और छात्रों के अनुसार, प्रतिष्ठित विश्वविद्यालयों में प्रवेश पाने के लिए कोचिंग सेंटर आवश्यक हैं। क्योंकि उन्हें लगता है कि इससे प्रतिस्पर्धी परीक्षाओं में उनके प्रदर्शन में सुधार होगा, इसलिए कई माता-पिता कोचिंग फीस पर बड़ी रकम खर्च करते हैं। औपचारिक शिक्षा में प्रतियोगी परीक्षाओं की उन्नत तैयारी का अभाव अक्सर एक कमी छोड़ देता है जिसे कोचिंग सेंटर भर देते हैं। राज्य बोर्ड राज्य बोर्ड और एनसीईआरटी की पाठ्यपुस्तकों के ज्ञान पर जोर देते हैं, जबकि कोचिंग सेंटर प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए विशेष तैयारी प्रदान करते हैं। कोचिंग सेंटर में शामिल होने के लिए छात्रों पर साथियों और अभिभावकों के दबाव के परिणामस्वरूप कोचिंग संस्कृति तेजी से बढ़ रही है। पूरा परिवार कोटा और हैदराबाद जैसी जगहों पर कोचिंग के अवसरों के लिए जा रहा है। कोचिंग सेंटर रैंक-केंद्रित विज्ञापनों और सफलता की कहानियों के साथ छात्रों को आकर्षित करते हैं। अपने विज्ञापनों में, कोचिंग सेंटर अपने सर्वश्रेष्ठ छात्रों को प्रदर्शित करते हैं, जिससे यह धारणा बनती है कि सफलता सुनिश्चित है।

इसका सामान्य रूप से शिक्षा पर प्रभाव पड़ता है। कोचिंग सेंटरों द्वारा पाठ्यक्रम से अधिक प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी पर जोर दिए जाने के परिणामस्वरूप छात्र अपनी नियमित शैक्षणिक पढ़ाई की उपेक्षा करते हैं। कक्षा 11 और 12 के दौरान, छात्र पूरे दिन के जेईई या नीट कोचिंग सत्र में भाग लेने के लिए अक्सर स्कूल छोड़ देते हैं। औपचारिक शिक्षा की वैधता कम हो जाती है क्योंकि छात्र अपना ध्यान कोचिंग सेंटरों की ओर मोड़ते हैं, जिससे शिक्षक की प्रेरणा कम हो जाती है। छात्र केवल कोचिंग सामग्री का उपयोग करते हैं और शहरी क्षेत्रों के स्कूल कक्षा में कम भागीदारी की रिपोर्ट करते हैं। परीक्षाओं में सफल होने के लिए रटने को प्रोत्साहित करके, कोचिंग सेंटर स्कूलों में सिखाई जाने वाली आलोचनात्मक सोच और वास्तविक दुनिया के अनुप्रयोग कौशल को कमजोर कर देते हैं। प्रवेश परीक्षा अध्ययन मार्गदर्शिकाएँ अक्सर वैचारिक विश्लेषण की तुलना में नियमित समस्याओं को हल करने पर अधिक जोर देती हैं। खेल, कला और पाठ्येतर गतिविधियाँ प्रभावित होती हैं क्योंकि छात्र कोचिंग कक्षाओं में बहुत अधिक समय व्यतीत करते हैं। छात्र अक्सर इंजीनियरिंग या मेडिकल परीक्षाओं की तैयारी करते समय स्कूल द्वारा प्रायोजित एथलेटिक कार्यक्रमों और सांस्कृतिक कार्यक्रमों से चूक जाते हैं।

परीक्षा-केंद्रित संसाधनों तक पहुँच उच्च कोचिंग लागतों द्वारा सीमित है, जिसके परिणामस्वरूप एक दोहरी प्रणाली है जहाँ केवल गरीब ही मुख्यधारा की शिक्षा से लाभ उठा सकते हैं। सरकारी स्कूली बच्चे अल्प शैक्षिक संसाधनों पर निर्भर हैं, जबकि अमीर छात्र प्रतिष्ठित संस्थानों में जाते हैं। स्कूलों में पढ़ाई को बेहतर बनाने के लिए, निजी कोचिंग सुविधाओं पर निर्भरता कम करने के लिए स्कूलों में कोचिंग सत्र और उन्नत शिक्षण मॉड्यूल शुरू करें। ऑनलाइन संसाधनों को प्रोत्साहित करें जो परीक्षण लेने की लागत और आय के बीच के अंतर को कम करने के लिए अधिक किफायती कीमतों पर उच्च गुणवत्ता वाली शिक्षा प्रदान करते हैं। सभी छात्र प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए नपटल और दीक्षा जैसे प्लेटफॉर्म द्वारा दिए जाने वाले मुफ़्त संसाधनों का उपयोग कर सकते हैं। विशेष कोचिंग की आवश्यकता को कम करने के लिए ज्ञान-भारी परीक्षाओं की तुलना में योग्यता-आधारित आकलन को प्राथमिकता दें। कॉमन यूनिवर्सिटी एंट्रेंस एग्जाम विषय-वस्तु के ज्ञान की तुलना में योग्यता और आलोचनात्मक सोच को प्राथमिकता देता है। स्कूल के शिक्षकों को उन्नत निर्देश और सलाह देने के लिए आवश्यक संसाधन देने के लिए शिक्षक तैयारी कार्यक्रमों में पैसा खर्च करें। देश भर के शिक्षकों के पेशेवर कौशल को बढ़ाना निष्ठा जैसे सरकारी कार्यक्रमों का लक्ष्य है। ऐसे दिशा-निर्देश बनाएँ जो एक अच्छी तरह से पाठ्यक्रम को प्राथमिकता दें जो प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए परीक्षा देने की रणनीतियों के साथ शैक्षणिक, सांस्कृतिक और एथलेटिक निर्देश को जोड़ता हो। 2020 की राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनईपी) अंतःविषय शिक्षा को बढ़ावा देती है और उच्च-दांव वाली परीक्षाओं से जुड़े तनाव को कम करती है। कौशल-आधारित पाठ्यक्रम, व्यक्तिगत शिक्षण और नवीन शिक्षण तकनीकों के माध्यम से औपचारिक शिक्षा को बढ़ाकर कोचिंग केंद्रों पर निर्भरता को कम किया जा सकता है। मजबूत कानून, उचित मूल्य, उच्च गुणवत्ता वाली शिक्षा और छात्रों की भलाई को बढ़ावा देने से निष्पक्ष, व्यापक शिक्षण वातावरण की गारंटी होगी। नेल्सन मंडेला ने एक बार कहा था, "शिक्षा सबसे शक्तिशाली हथियार है जिसका उपयोग आप दुनिया को बदलने के लिए कर सकते हैं।" भविष्य समानांतर शैक्षिक प्रणालियों में नहीं है, बल्कि अंतराल को बंद करने में है।

## कविता

**एक जादू सी है तनहाई भी।**

सुर भी ताल भी शहनाई भी
एक जादू सी है तनहाई भी।

ना रूकी मोहब्बत फिर भी ना रुकी
अनेक बेड़ियां आपने पहनाई भी।

सच का सूरज निकलने वाला ही है
लो आंख अब खोलेगी बिनाई भी।

सिर्फ आपके नाम पर खड़ा हूं
अब बौनी लगे बड़ी ऊंचाई भी।

आपने मुझे कितना रुसवा किया
आपकी सोची कितनी भलाई भी।

मैंने तो सच्ची वफा दिखाई तुमसे
खुदा जाने तुममें है कुछ सच्चाई भी।

बिनाई-वास्तव में।
रुसवा- बदनाम,लज्जित।

संजीव

## सपा के लिये खतरे की घंटी बनता जा रहा है अखिलेश का बड़बोलापन

**अजय कुमार**

दिल्ली विधान सभा चुनाव में आम आदमी पार्टी की और अयोध्या के मिल्कीपुर विधान सभा उपचुनाव में समाजवादी पार्टी की हार के बाद उत्तर प्रदेश की सियासत का भी मिजाज बदलता जा रहा है। इस बदलते मिजाज से भारतीय जनता पार्टी की बल्ले-बल्ले नजर आ रही है,वहीं समाजवादी पार्टी के सामने फिर से यक्ष प्रश्न खड़ा हो गया है कि वह पिछड़ा-दलित-अल्पसंख्यक(पीडीए) पर और कितना भरोसा करे।सपा प्रमुख को मिल्कीपुर की हार से तो झटका लगा ही है,लेकिन अखिलेश के लिये उससे भी ज्यादा सदमें वाली बात यह है कि मिल्कीपुर में पीडीए ही नहीं यादव बिरादरी वालों ने भी समाजवादी पार्टी से मुंह मोड़ लिया।यहां करीब 65 हजार यादव वोटर हैं। यादव वोटर से सपा से मुंह मोड़ने की वजह अखिलेश से अधिक अवधेश प्रसाद को बताया जाता हैं। मिल्कीपुर विधान सभा सीट कभी मित्रसेन यादव के वर्चस्व वाली सीट हुआ करती थी,लेकिन 2012 में इसे एससी सीट घोषित कर दिया गया था। तब से यहां का सियासी समीकरण बदल गया। यादव की जगह दलित नेता उभरने लगे। अवधेश प्रसाद भी इसी कड़ी का हिस्सा हैं। वह पासी समाज से आते हैं। इतना ही नहीं अवधेश प्रसाद ने मिल्कीपुर के यादव वोटरों को कभी तवज्जो नहीं दी। सपा के बड़े नेता मित्रसेन यादव और उनके पुत्र से भी अवधेश के रिश्ते बिगड़े हुए रहे। मिल्कीपुर की जीत बीजेपी के लिये आसान नहीं लग रही थी,लेकिन बीजेपी ने अपने राजनैतिक कौशल के जरिये आसान बना दिया। एक तो बीजेपी ने अवधेश के सामने उन्हीं की बिरादरी का नेता चन्द्रभानु पासवान को मैदान में उतार दिया। दूसरे बीजेपी जनता को यह मैसेज देने में भी सफल रही कि समाजवादी पार्टी परिवारिक पार्टी है। इसलिये उसे सांसद अवधेश प्रसाद के बेटे के अलावा कोई प्रत्याशी ही नहीं मिला,जबकि यहां समाजवादी पार्टी के कई कद्दावर नेता मौजूद थे टिकट चाहने वालों की लिस्ट में कुछ यादव नेता भी शामिल थे,जिनको भी अखिलेश के फैसले से झटका लगा। इसके चलते यादव वोटर समाजवादी पार्टी को सबक सिखाने को आतुर हो गये। इसी लिये बीजेपी को शानदार जीत से कोई रोक नहीं पाया।नतीजे आने के बाद जनता के बीच मैसेज गया कि सपा का पीडीए वोट बैंक तार-तार हो गया है। हालात यह हो गई की अखिलेश यादव को सबसे आगे आकर अपने कार्यकर्ताओं को कहना पड़ गया कि पार्टी पीडीए फामूर्ले से पीछे नहीं हटेगी। 2027 के यूपी विधान सभा चुनाव भी पीडीए के सहारे ही जीता जायेगा,लेकिन मिल्कीपुर में शर्मनाक हार के बाद समाजवादी पार्टी को अपना वोट बैंक बढ़ाने की भी चिंता सताने लगी है।

## विचार

## हिंदी साहित्य जगत की अमर कवियित्री: सुभद्रा कुमारी चौहान

**- सुरेश सिंह बैस "शाश्वत"**

**सुभद्राकुमारी** चौहान का नाम हिन्दी साहित्य जगत में कौन नहीं जानता है। उनकी अनेक कृतियों ने तो उन्हें अमरत्व प्रदान कर दिया है। "खूब लड़ी मर्दानी वह तो झाँसी वाली रानी थी" इस कविता से कौन वाकिफ नहीं है। खासकर देशभक्ति से ओतप्रोत वीररस एवं बालमन की अनुभूतियों पर ज्यादा अपनी रचनाओं का रूख रखा! सुभद्राकुमारी चौहान कवियत्री के अलावा कथाकार भी थीं। इनका जन्म सन् 1904 में हुआ था, शिक्षा दीक्षा इलाहाबाद में पूरी हुई। वे जब मात्र पन्द्रह वर्ष की थी, तब उनका विवाह जबलपुर के लॉयर ठाकुर लक्ष्मण सिंह चौहान के साथ हो गया। सुभद्रा जी का साहित्य साधना की ओर झुकाव बचपन से ही था। अंग्रेजों की बर्बर हुकूमत के साये में पले बढ़े जीवन में सुभद्रा कुमारी चौहान के मन पर देशभक्ति का जज्बा कूटकूट कर भरा था। और बस वे बचपन से ही गुलामी की बेड़ियों में जकड़ी भारत भूमि को आजाद कराने वाली गतिविधियों में जुट गई। इसका सबसे अच्छा माध्यम सर्वप्रथम उन्होंने अपनी साहित्य को बनाया था, वे कविताओं के माध्यम से लोगों में देशभक्ति और गुलामी की छटपटाहट को प्रसारित करने में जो सफलता पाई। उसके लिये भारतीय स्वतंत्रता का इतिहास सुभद्रा कुमारी चौहान का हमेशा ऋणी रहेगा।

सन् 1921 में सुभद्रा कुमारी चौहान और उनके पति महात्मा गांधी के आव्हान पर स्वतंत्रता संग्राम में कूद पड़े। इसी सिलसिले में सन् 1923 को उन्हें कारावास भी जाना पड़ा। इसके बाद तो वे राष्ट्रीय आंदोलन का एक अटूट हिस्सा ही बन गई। श्रीमती चौहान ने यह भी महसूस किया था कि स्वतंत्रता की लड़ाई काफी लंबी है। आज के लड़ने वाले जब बूढ़े होकर थक जायेंगे तो नयी पीढ़ी को लड़ना होगा। इसलिये उन्होंने बच्चों में राष्ट्रीयता, देशप्रेम, मातृभूमि के प्रति आदर और भारतीय संस्कृति, इतिहास और परंपरा के प्रति गौरव की बात जागने के लिए अपने साहित्य कृतित्व को माध्यम बनाया। इनकी बाल कविता "सभा का खेल " कुछ ऐसी ही रचना थी। वही "बुन्देले हरबोलों के मुख से हमने सुनी कहानी थी" प्रत्येक भारतीयों के मन मस्तिष्क में क्रांति का शंखनाद कर रही थी। स्वतंत्रता और बगावत का यह महामंत्र लोगों में फूंकने का कार्य बड़ा रंग ला रहा था। यही कारण था कि श्रीमती चौहान ब्रिटिश हुकूमत के आंख की किरकिरी बन गई और फलतः उन्हें कई बार जेल भेजा गया। सुभद्रा जी ने अपने राष्ट्रीय कविताओं के माध्यम से जन मानस को आंदोलित करने में अभूतपूर्व सफलता पाई थी। सुभद्रा जी यूं तो कविता लिखने में सिद्धहस्त ही थीं लेकिन बच्चों के लिये कविता लिखने में वे बहुत सहज थीं। उनकी कविताओं में बालमन की जो अभिव्यक्ति है, वह सभी बच्चों जैसी है। उन्हें बालमन की अनुभूतियों की बड़ी गहरी समझ थी। उन्होंने इस लक्ष्य को स्वयं स्वीकार करते हुये एक कविता कुछ ऐसी लिखी है -

**"मैं बचपन को बुला रही थी बोल उठी बिटिया मेरी!**
**वंदन वन सी फूल उठी, वह छोटी सी कुटिया मेरी ।**
**"माँ ओ" कहकर बुला रही थी, मिट्टी खाकर आई थी।**
**कुछ मुंह में, कुछ लिये हाथ में, मुझे खिलाने लाई थी।**
**मैंने पूछा यह क्या लाई बोल उठी वह 'मां 'काओ' ।**
**फूल फूल में उठी खुशी से, मैने कहा - तुम्ही खाओ।"**

बाल मनोविज्ञान की पारखी, सुभद्रा जी की कविताओं में अभिनेयता, बाल सुलभ क्रियाकलाप और कल्पना का अनूठा संगम, उन्हें बहुत ही सरस बना देता था। भाषा की सरलता, गद्य, छंद, सहज कंठस्थ हो जाने की क्षमता और अभिनेयता की विशेषताओं से भरी उनकी कविताएं हिन्दी बाल साहित्य की अक्षय निधि हैं। सुभद्रा जी जबलपुर नगर , पालिका की सदस्य भी रहीं फिर मध्यप्रदेश विधान सभा की सदस्य भी बनीं।


## एक्शन इंडिया दैनिक

**भगवान शंकर जी के ग्यारहवें रुद्रावतार हनुमान जी (मेंहदीपुर, श्री बाला जी) के संरक्षण में संचालित किया जाता है। समाचार-पत्र का यह अंक भी उन्हीं के चरणों में श्रद्धापूर्वक समर्पित है।**

**आरएनआई: DELHIN / 2006 / 19302**

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक एवं संपादक रवि भारद्वाज, एक्शन बालाजी हाउस, बी-244, मजलिस पार्क, लेन-3, राकेश भारद्वाज चौक के नजदीक, दिल्ली-33 ने मारुतिनंदन प्रिंटर्स एंड पब्लिशर्स, शक्ति कॉम्प्लेक्स, 6/18, समयपुर इंडस्ट्रियल एरिया, दिल्ली-110042 से छपवाकर प्रकाशित किया।

"एक्शन इंडिया" में प्रकाशित लेखों में व्यक्त किये गये विचार एवं दृष्टिकोण संबंधित लेखक के हैं। संपादक केवल पीआरबी एक्ट के तहत ही उत्तरदायी है। किसी भी विवाद का न्यायिक क्षेत्र दिल्ली ही होगा।

**संस्थापक : श्रद्धेय राकेश भारद्वाज जी**
**समूह संपादक : रवि भारद्वाज ( 9999889104)**
**मेट्रो संपादक : दीपक कांडपाल (8447314925)**
ई-मेल : actionindianews@gmail.com



**वैधानिक सूचना**

पाठकों को सलाह है कि एक्शन इंडिया, समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के आधार पर कोई निर्णय लेने से पहले विज्ञापन में प्रकाशित उक्त उत्पाद या सेवा के बारे में आवश्यक जांच-पड़ताल कर लें। समाचार पत्र प्रबंधक किसी भी विज्ञापन में गुणवत्ता, सेवा आदि के विवरण के बारे में विज्ञापनदाता द्वारा किए गए दावे या उल्लेख की पुष्टि या समर्थन नहीं करता है। अतः समाचार पत्र उक्त विज्ञापनों के बारे में किसी प्रकार से उत्तरदायी नहीं होगा।


## चिंतन

## चेतना से सार्थक होता जीवन

**संजीव**

**शिक्षा** जीवन के महत्व, संस्कार की संकल्पना को निरूपित करती है वही साक्षरता मनुष्य के संपूर्ण जीवन को अंश मात्र से ही अपना पक्ष रखती है" शिक्षा व्यक्ति के संपूर्ण जीवन पद्धति को विकसित करने का जरिया तथा महत्वपूर्ण विकल्प है' जिसके अंतर्गत पढ़ना लिखना समझना चरित्र विकास बौद्धिक मानसिक मनोवैज्ञानिक आध्यात्मिक सभी पहलुओं में गुणात्मक विकास करने के लिए आवश्यक कारक है' सबसे पहले हमें शिक्षा और साक्षरता के मूल अंतर को पहचानना होगा' साक्षरता में संस्कृतिक सभ्यता तथा अन्य माननीय जीवन की कल्पना से इसका कोई संबंध नहीं रह जाता है' साक्षरता सदैव रोजगार मूलक पहलुओं से जुड़ी होती है। जबकि सभ्यता संस्कृति का विकास मानवी शिक्षा से ही संभव हो पाता है' शिक्षा हमें सभ्य होना सिखाती है। इसमें व्यक्ति के मनन, चेतना, सद्बुद्धि और विचारशीलता में वृद्धि करती है' ऐसा भी संभव होता है कि कई वर्षों के अध्ययन से व्यक्ति सभ्य और सुसंस्कृत नहीं हो पाता है। इसीलिए विचारकों ने शिक्षा और संस्कृति को अलग-अलग पैमाने से नापा है' सुसंस्कृत व्यक्ति सदैव संतुलित, शांत एवं नीति निर्णायक बन सकता है। पर कई उदाहरणों में ऐसा भी पाया गया है उच्च शिक्षित व्यक्ति उच्छृंखल हो सकता है. वर्तमान समय में उच्च शिक्षित और उच्च पद पे लिखे अज्ञानियों की संख्या बहुतायत में है' ऐसा ज्यादातर तकनीकी शिक्षा के मामले में देखा गया है, इसीलिए उच्च शिक्षित व्यक्ति जो सद व्यवहार नहीं करता, उन्हें केवल साक्षर मान के शिक्षित व्यक्ति ना माना जाए' शिक्षा और संस्कृति तथा विरासत के मूल्य का आपस में गहरा संबंध है जबकि साक्षरता का इससे बहुत दूर-दूर तक कोई लेना देना नहीं है' वैसे शिक्षा और संस्कृति के ज्ञान का प्रारंभिक गर्भावस्था से ही हो जाता है, अर्जुन पुत्र अभिमन्यु इस बात के बहुत बड़े उदाहरण है' महात्मा गांधी तथा अब्राहम लिंकन ने मनुष्य के चरित्र निर्माण एवं विकास के लिए माताओं का योगदान बहुत महत्वपूर्ण बताया है'। परिवार की शिक्षा के बाद विद्यालयों की शिक्षा अत्यंत महत्वपूर्ण होती है।

## ओए...ओए...ये ओयो को क्या हो गया

**डॉ. सुरेश कुमार मिश्रा उरतृप्त**

**हर समाज के** सफर में ऐसा वक्त आता है जब उसकी खुद की बेतुकी सच्चाइयाँ किसी हाथी की तरह कमरे के बीचोंबीच खड़ी नजर आती हैं। भारत, जो कामसूत्र और खाप पंचायतों का देश है, इस कला में शायद मास्टर हो चुका है। ताजा शिकार? ओयो होटल – जिसे अब "खुदाईखाना" के नाम से बदनाम किया जा रहा है। आखिर क्यों? क्योंकि दो वयस्क लोगों का साफ-सुथरे बिस्तर और वाईफाई की चाहत रखना हमारे समाज की दृष्टि में सबसे बड़ा पाप हो सकता है। सफरियों के लिए बजट फ्रेंडली ऑप्शन के तौर पर शुरू हुआ ओयो होटल आजकल बदनामी का प्रतीक बन चुका है। कभी थके-मांदे यात्रियों और रोमांटिक जोड़ों का मसीहा कहलाने वाला यह होटल अब समाज की "सभ्यता" का शिकार हो चुका है। यह जगह जो साफ-सुथरी चादरें, एसी, और स्वच्छ बाथरूम जैसी बुनियादी सुविधाएँ देती थी, अब "खुदाईखाना" कहलाने लगी है, मानो यहाँ कोई पुरातात्विक खुदाई हो रही हो। पर कहानी यहाँ खत्म नहीं होती। नई "संस्कार" नीति के तहत अविवाहित जोड़ों का प्रवेश निषेध है। अगर शादी से बाहर किसी को प्यार हो जाए, तो उसके लिए ओयो का दरवाजा बंद है। और अगर आप शादीशुदा हैं? तो आपकी अपनी उलझन है। समाज के ठेकेदारों ने मान लिया है कि शरीफ और शादीशुदा लोग तो ऐसी "गिरी हुई" जगह पर कभी नहीं जाएंगे। तो गणित साफ है: न प्रेमी जोड़े, न परिवार, न यात्री। मतलब? होटल बंद। जरा सोचिए, यह वही देश है जहाँ हर दूसरी बॉलीवुड फिल्म प्यार के खिलाफ समाज की लड़ाई दिखाती है। लेकिन असल जिंदगी में वही समाज प्यार करने वालों की गर्दन पर "लोग क्या कहेंगे" का फंदा डाल देता है। ऐसे में ओयो तो बस इस भव्य नाटक का एक छोटा सा मोहरा है। इस पूरे हंगामे के केंद्र में हमारी नैतिकता पर प्रश्न चिह्न लग गया है। एक युवा जोड़ा, अपने प्यार और आधार कार्ड के साथ, ओयो होटल के रिसेप्शन पर जाता है। रिसेप्शनिस्ट, जो अचानक नैतिकता का गेटकीपर बन चुका है, उनकी जाँच ऐसे करता है मानो स्वर्ग का वीजा जारी कर रहा हो।

## न्यूज फ्लैश

### पुलवामा शहीदों की याद में जन सहयोग संस्था ने लगाया रक्तदान शिविर




**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**

**कुरुक्षेत्र:** शहर की सुप्रशिद्ध संस्था जन सहयोग द्वारा आज पुलवामा हमले में शहीद हुए सैनिको की याद में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया जिसमें 25 रक्तदाताओं ने अपना रजिस्ट्रेशन करवाया व रक्तदान किया। शिविर में कुरुक्षेत्र उपायुक्त नेहा सिंह मुख्य अतिथि के रूप में पहुंची व रक्तदाताओं को बैज लगा कर उनका हौसला बढ़ाया। उपायुक्त नेहा सिंह ने संस्था के कार्यो की तारीफ करते हुए कहा कि संस्थाओं द्वारा एक मजबूत समाज की स्थापना होती है इसलिए सामाजिक कार्यो के लिए औ? संस्थाओं को भी आगे आना चाहिए। जन सहयोग संस्था की तरफ से शहीदों के सम्मान में समाज सेवा में अहम योगदान देने वाले आर्मी या फौज से रिटायर्ड अधिकारियों व कर्मचारियों को सम्मानित किया गया जिनमें रुलदू राम शर्मा,गुरदयालसिंह,नरेश कुमार,रोशन लाल, दमन प्रीत,नीरज,कैप्टन गुरमैल सिंह,रामकुमार व सूबेदार रवींद्र कौशिक जी शामिल हैं। संस्था के संस्थापक मास्टर जितेंद्र ने माननीय उपायुक्त महोदय जी को संस्था के पुनीत व यूनिक कार्यों से अवगत करवाया और बताया कि संस्था द्वारा समय समय पर ऐसे शिविर लगा कर सैनिको की सच्ची सेवा को याद करते रहते है। संस्था इससे पहले भी रक्तदान शिविर लगा कर रिकॉर्ड 511 यूनिट रक्त एकत्रित कर चुकी है। इस मुहिम में यू के ट्रस्ट भारत, जिला रेडक्रॉस सोसाइटी कुरुक्षेत्र और सैनिक कल्याण बोर्ड कुरुक्षेत्र ने भी अपना भरपूर सहयोग दिया। रक्तदान शिविर में कई युवाओ ने हिस्सा लिया।इस मौके पर संस्था से नितेश मंगल ,मिथुन समाना ,जितेंद्र मास्टर,अंगुरीलाल,गगनदीप, श्रवणकुमार शिविर में मुख्य रूप मौजूद रहे।

### राजकीय उच्च माध्यमिक स्कूल व सोम कान्वेंट गुरुकुल घडारसी में छात्राओं को किया जागरूक

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**



**कुरुक्षेत्र** : जिला पुलिस द्वारा महिलाओं विशेष रुप से लडकियों को जागरुक किया जा रहा है। पुलिस अधीक्षक वरुण सिंगला के मार्ग–निर्देश में जिला पुलिस की सेफ सिटी टीमों द्वारा शिक्षण संस्थानो मे महिला सुरक्षा को लेकर जागरूकता अभियान चलाये जा रहे हैं। महिला पुलिस की टीमों द्वारा महिलाओं एवं बच्चों को उनकी सुरक्षा के प्रति जागरूक किया जा रहा है। बच्चों व महिलाओं को समझाया जाता है कि बच्चे हर छोटी बड़ी बातें अपने माता–पिता से हर रोज सांझा करें ताकि कोई अनहोनी न हो। कार्यक्रम के तहत दिनांक 14 फरवरी को सेफ सिटी की टीम ने गांव घडारसी के स्कूल में छात्राओं को महिला विरुद्ध होने अपराधों के बारे में जानकरी दी। पुलिस की टीम ने लड़कियों को सैल्फ डिफेन्स का प्रशिक्षण भी दिया। राजकीय उच्च माध्यमिक विधालय व सोम कान्वेंट गुरुकुल में लड़कियों को सम्बोधित करते हुए सेफ सिटी टीम की हैड कांस्टेबल नीलम ने कहा कि पुलिस हमेशा आप के साथ है। उन्होंने कहा कि महिलाओं की सुरक्षा के लिए पुलिस विभाग द्वारा दुर्गा–शक्ति एप्प लांच की गई है। उन्होंने कहा कि दुर्गा शक्ति एप्प का लाल बटन दबाने से आपको पुलिस मदद मिलेगी इसलिए आप खुद को दुर्गा शक्ति एप्प पर रजिस्टर कर लें। महिला विरुद्ध होने वाले अपराधो की सूचना किसी भी थाना के महिला हेल्प डेस्क, महिला थाना, महिला हैल्पलाईन नम्बर 1091 या डायल 112 पर दी जा सकती है। सूचना पर पुलिस तुरन्त कारवाई करेगी। पुलिस टीम ने महिला विरुद्ध होने वाले अपराधों के बारे में विस्तार से जानकारी दी ताकि महिला विरुद्ध अपराधों पर रोक लग सके। पुलिस टीम ने छात्राओं को सडक सुरक्षा तथा साईबर अपराधों बारे भी जागरूक किया।

# गीता इंस्टीट्यूट ऑफ लॉ में वार्षिक खेल कूद प्रतियोगिता का हुआ आयोजन

## साथ ही यह मानसिक दृढ़ता और टीमवर्क को भी बढ़ावा देते हैं

**टीम एक्शन इंडिया**

**समालखा:** गीता इंस्टीट्यूट ऑफ लॉ, करहंस में वार्षिक खेल कूद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में सैकड़ों छात्रों ने विभिन्न खेलों में हिस्सा लेकर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। गीता ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूट्स के वाईस चेयरमैन, निशांत बंसल मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित हुए।



मुख्य अतिथि निशांत बंसल ने अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा, "खेल शारीरिक स्वास्थ्य के लिए आवश्यक हैं, साथ ही यह मानसिक दृढ़ता और टीमवर्क को भी बढ़ावा देते हैं। विद्यार्थियों को हमेशा खेलों में भाग लेना चाहिए, क्योंकि यह उनके समग्र विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है।" उन्होंने आगे कहा, "गीता इंस्टीट्यूट ऑफ लॉ ने हमेशा शिक्षा के साथ-साथ विद्यार्थियों के शारीरिक और मानसिक विकास पर भी ध्यान दिया है। ऐसे आयोजन विद्यार्थियों को अपनी सीमाओं को चुनौती देने और नए लक्ष्य प्राप्त करने का अवसर प्रदान करते हैं। मैं इस आयोजन की सफलता के लिए संस्थान के समस्त अधिकारियों, कर्मचारियों और विद्यार्थियों को बधाई देता हूँ।" इस स्पोर्ट्स मीट में लड़के और लड़कियों की दौड़, वॉलीबॉल, खो-खो, कैरम, लेमन रेस, टग ऑफ वॉर, शॉट पुट, टेबल टेनिस जैसे विभिन्न खेलों का आयोजन किया गया, जिसमें विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और बेहतरीन टीम भावना का उदाहरण प्रस्तुत किया। ये रहा परिणाम।

100 मीटर गर्ल्स रेस में प्रतिभा ने प्रथम, पायल ने दूसरा और तिरांजलि ने तीसरा स्थान प्राप्त किया वहीँ 100 मीटर बॉयज की रेस में प्रिंस ने पहला, अंकुश ने दूसरा और रविंदर ने तीसरा स्थान प्राप्त किया।
गर्ल्स की लेमन रेस मैं सिमरन ने पहला, प्रिय ने दूसरा और इशु ने तीसरा स्थान प्राप्त किया।
कैरम बोर्ड प्रतियोगिता में आर्यन ने पहले, लक्ष्य ने दूसरा हितेश ने तीसरा स्थान प्राप्त किया।
वॉलीबॉल प्रतियोगिता अनुभव, अंकुश इशान, राहुल, रितेश और जप्करण की टीम ने पहला स्थान प्राप्त किया। शॉट पुट प्रतियोगिता में बॉयज में सागर ने पहला, साहिल ने दूसरा और युवराज ने तीसरा स्थान प्राप्त किया।

### निष्पक्ष चुनाव सम्पन्न करवाने के लिए अधिकारियों की रहेगी पैनी निगाहः नेहा

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**

**कुरुक्षेत्र :** उपायुक्त नेहा सिंह ने कहा कि शहरी स्थानीय निकाय चुनावों को निष्पक्ष एवं पारदर्शी रूप से सम्पन्न करवाने के लिए सभी अधिकारी चुनावी प्रक्रिया की निरंतर मॉनिटरिंग करते रहे। इन चुनावों में आदर्श आचार संहिता की शत प्रतिशत पालना करवाना सुनिश्चित की जाए।
उपायुक्त नेहा सिंह ने बातचीत करते हुए कहा कि नगर निकाय चुनावों को स्वतंत्र, निष्पक्ष, शांतिपूर्ण और पारदर्शी तरीके से आयोजित करने के लिए सभी अधिकारी, पुलिस अधिकारियों के साथ तालमेल रखेंगे। इन चुनावों से सम्बन्धित अधिकारी अधिक से अधिक मतदान केन्द्रों, विशेषकर संवेदनशील और अतिसंवेदनशील मतदान केन्द्रों का दौरा करें। उन्होंने कहा कि चुनाव लड? वाले उम्मीदवारों, उनके प्रतिनिधियों, राजनीतिक दलों द्वारा मतदाताओं को प्रभावित करने के लिए नकदी या शराब, कपड़े या किसी अन्य सामग्री के वितरण के बारे में कड़ी निगरानी बनाए रखें। इस चुनाव के पूरा होने तक राज्य चुनाव आयोग को प्रतिदिन जब्त की कार्रवाई की जानकारी दी जाए।
उपायुक्त ने कहा कि असामाजिक तत्वों, हिस्ट्रीशीटरों, भगोड़े, घोषित अपराधियों, पैरोल,फरलो पर आए लोगों, पूर्व दोषियों आदि की आवाजाही पर विशेष निगरानी रखें, साथ ही कानून एवं व्यवस्था से संबंधित सभी शिकायतों पर जिला प्रशासन द्वारा तुरंत प्रभावी कार्रवाई करवाना सुनिश्चित करें।
उन्होंने कहा कि ऑब्जर्वर्स चुनाव लड़ने वाले उम्मीदवारों, राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों और जनता से मिलने का समय तय करें और उनकी शिकायतें, समस्याएं और सुझाव सुनते हुए उन्हें सम्बन्धित पुलिस अधीक्षक और रिटर्निंग अधिकारी को अमल में लाना सुनिश्चित करे।
उपायुक्त ने कहा कि नामांकन प्रक्रिया के दौरान 17 फरवरी को 3 बजे के बाद कोई भी नामांकन पत्र दाखिल नहीं होगा।

### बच्ची से रेप के विरोध में सड़कों पर उतरे

**फरीदाबाद।** तीन वर्षीय मासूम बच्ची के साथ हुई रेप की घटना ने पूरे शहर को झकझोर कर रख दिया है। शुक्रवार को बजरंग दल और विश्व हिंदू परिषद के कार्यकताओं ने सेक्टर-12 स्थित लघु सचिवालय में प्रदर्शन किया और तहसीलदार यशवंत सिंह के माध्यम से मुख्यमंत्री को ज्ञापन सौंपा। प्रदर्शनकारियों ने दोषी के विरुद्ध कठोरतम कार्रवाई की मांग की है। उनकी प्रमुख मांगों में मामले को फास्ट ट्रैक कोर्ट में चलाना और दोषी को फांसी की सजा देना शामिल है। कार्यकताओं ने राज्य सरकार से अपराधियों के लिए एनकाउंटर नीति लागू करने और दोषी के घर पर बुलडोजर कार्रवाई की भी मांग की है।

### निष्ठा व लगन से किये गये कार्यों से हमेशा होती है बरकतः उपायुक्त

**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत , (कमाल हुसैन )**

हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह की दूरगामी सोच का प्रदेश के हर वर्ग को लाभ मिल रहा है। मुख्यमंत्री की जनकल्याणकारी नीतियों से आम जन खुश है। जिस प्रकार से मुख्यमंत्री जनता के हितों को ध्यान में रखकर फैसले ले रहे हैं उस से आम जन प्रभावित हुए बगैर नहीं रहा है। जनता समाधान शिविर भी मुख्यमंत्री की ही सोच है जिसके परिणाम सार्थक नज? आ रहे हैं।



उपायुक्त डॉ.विरेन्द्र कुमार दहिया ने शुक्रवार को जिला सचिवालय के सभागार में जन समस्याओं की सुनवाई करते हुए कहा कि निष्ठ्दा व लगन से किये गये कार्यों में हमेशा बरकत होती है। अधिकारियों को समाधान शिविर में आने वाली समस्याओं को लेकर और गंभीरता से कार्य करना होगा।

उपायुक्त डॉ.विरेन्द्र कुमार दहिया ने कहा कि समाधान शिविर में जो लोग अपनी समस्याएं रख रहे हैं। हमें उनकी समस्याओं का समाधान करना है उन्हें इंतजार नहीं करवाना है। जनता समाधान शिविर में लोगों की समस्याओं का समाधान करना है उन्हें जवाब नहीं देना है। अपने ओहदे व पद को दूर रखकर उनके कार्य में रूचि लेनी है व उनकी समस्या का समाधान करना है।

पुलिस अधीक्षक लोकेंद्र सिंह ने पुलिस विभाग से संबंधित समस्याओं की सुनवाई करते हुए कहा कि समस्या बड़ी है या छोटी है इसपर ध्यान देने की बजाय उसका समाधान करना है। उन्होंने कहा कि अधिकारियों के रूचि लेने पर ही समस्याओं का समाधान होगा हमें यह नहीं भुलना चाहिये। पुलिस अधीक्षक ने कई मामलों में अधिकारियों से बात की व समस्याओं के समाधान में हो रही देरी का कारण जाना।

डीसी ने मौके पर कई अधिकारियों के सहयोग से पेंशन व कई अन्य मामलों से संबंधित समस्याओं की सुनवाई करके उनका समाधान करने के निर्देश दिये। शुक्रवार को क्रीड, पुलिस व पेंशन से जुड़ी कुल 86 समस्याएं पहुंची जिनका उपायुक्त ने सभी अधिकारियों को समाधान करने के निर्देश दिये।

### बीएसएनएल ने शुरू की आईएफटीवी सेवा

**फतेहाबाद।** भारत संचार निगम लिमिटेड के उपभोक्ताओं के लिए अच्छी खबर है। क्योंकि बीएसएनएल की ओर से फतेहाबाद जिले में इंटरनेट फाइबर आधारित लाइव टीवी यानी आईएफटीवी सेवा की शुरूआत कर दी है, जिससे यूजर्स हाई क्वालिटी वाले लाइव टीवी चैनल और पे टीवी की सुविधा ले पाएंगे। खास बात यह है कि इन सुविधाओं के लिए उपभोक्ता को अलग से कोई शुल्क नहीं देना पड़ेगा और न ही अलग से उन्हें कोई सेटअप बॉक्स लगाने की आवश्यकता होगी। इस संबंध में शुक्रवार को भारत संचार निगम लिमिटेड के कार्यालय में एजीएम रघवीर सिंह की अध्यक्षता में एक बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में उन्हें आईएफटीवी सर्विस के विस्तार के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई और यूजर्स को उनकी नई शुरू की गई सर्विस के संबंध में जागरूक करने के निर्देश दिए गए। बैठक में एसडीओ आत्मा राम, जेटीओ अशोक कुमार के अलावा अन्य अधिकारी मौजूद रहे। उपभोक्ता को स्काइप प्रो आईएफटीवी एप करना होगा इंस्टॉलएजीएम रघवीर सिंह ने बताया कि भारत संचार निगम लिमिटेड के उपभोक्ता अब 500 से अधिक लाइव चैनल का आनंद हाई डेफिनेशन एचडी के साथ बिना किसी अतिरिक्त शुल्क के ले सकते हैं। उपभोक्ता को अपनी स्मार्ट एलईडी व एंड्रॉयड एलईडी में स्काइप प्रो आईएफटीवी एप को इंस्टॉल करना होगा।

### होटल प्रबंधन संस्थान, पानीपत में हुआ कैम्पस प्लेसमेंट

**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत , ( कमाल हुसैन )**

होटल प्रबंधन संस्थान, पानीपत में छात्रों के लिए प्लेसमेंट इंस्टीट्यूट ऑफ होटल मैनेजमेंट, पानीपत में कैम्पस प्लेसमेंट का आयोजन किया गया, जिसमें होटल लेमन ट्री की टीम ने छात्रों का साक्षात्कार लिया। इस अवसर पर, होटल लेमन ट्री की टीम ने हमारे संस्थान के छात्रों को अपने होटल में रोजगार का अवसर प्रदान किया और उन्हें अपने होटल में विभिन्न पदों पर नियुक्ति का अवसर प्रदान किया। इस अवसर पर, हमारे संस्थान के होटल प्रबंधन संस्थान के कार्यकारी प्राचार्य श्री चन्दन वशिष्ठ ने बताया कि इस कैम्पस प्लेसमेंट मे संस्थान के बीएससी तृतीय वर्ष के विद्यार्थियो ने भाग लिया। उन्होने बताया कि हमारा उदेश्य होटल प्रबंधन शिक्षा के साथ-साथ बेहतर नोकरी के अवसर भी उपलब्ध कराना है और हमारा उदेश्य प्लेसमेंट को सो प्रतिसत से अधिक करना है। इस दौरान होटल लेमन ट्री के बारे मे विस्तार पूर्वक जानकारी दी। साथ ही उन्हे विभिन्न विभागो कि कार्यशैली से भी अवगत कराया। उन्होने कहा, "हमें यह जानकर खुशी हुई कि होटल लेमन ट्री ने हमारे संस्थान के छात्रों को रोजगार का अवसर प्रदान किया है। यह हमारे संस्थान के लिए एक गर्व का क्षण है।"होटल लेमन ट्री की तरफ से क्षेत्रीय महाप्रबंधक विनय अरोड़ा, कार्यकारी हाउसकीपर शम्मी कुमार शर्मा व मानव संसाधन प्रबंधक सीमा ने सिरकत की।



इस अवसर पर, होटल लेमन ट्री की टीम ने कहा, "हमें यह जानकर खुशी हुई कि हमारे होटल में काम करने के लिए हमें इतने प्रतिभाशाली छात्र मिले हैं। हमें उम्मीद है कि वे हमारे होटल में अपने कौशल और ज्ञान का उपयोग करके हमारे ग्राहकों को बेहतर सेवा प्रदान करेंगे।"

### बार प्रधान के लिए दो अधिवक्ताओं में होगी टक्कर, अन्य सभी पदों चुने जाएंगे

**टीम एक्शन इंडिया**

**गन्नौर।** गन्नौर बार एसोसिएशन गन्नौर के चुनाव के लिए नामांकन का शुक्रवार को आखिरी दिन था। प्रधान, उपप्रधान, महासचिव, सहसचिव और कोषाध्यक्ष के लिए नामांकन आए हैं। प्रधान पद के लिए 2, उपप्रधान के लिए 1, महासचिव की लिए 1 व कोषाध्यक्ष के लिए एक नामांकन आए हैं। वहीं प्रधान पद को छोड़कर सभी का एक-एक नामांकन आने से उपप्रधान, महासचिव, सहसचिव और कोषाध्यक्ष का निर्विरोध बनना तय है क्योंकि इस पद के लिए एक ही नामांकन आया है। बार एसोसिएशन के लिए वोटिंग 28 फरवरी को होगी। उसी दिन रिजल्ट आएगा। आरओ एडवोकेट संजय पांचाल, एआरओ एडवोकेट सतेंद्र गिरी व एडवोकेट योगेश शर्मा ने बताया कि प्रधान पद के लिए गौरव त्यागी व राजीव त्यागी के बीच टक्कर होगी।



पूर्व में एक बार प्रधान रह चुके गौरव त्यागी ने दूसरी बार प्रधान पद के लिए अपनी दावेदारी पेश की है।

### हेरोइन सहित एक युवक गिरफ्तार

**यमुनानगर।** एंटी नारकोटिक्स सेल की टीम ने 16 ग्राम हेरोइन के साथ एक युवक को गिरफ्तार कर लिया। आरोपी के खिलाफ केस दर्ज का कोर्ट में पेश किया जहां से उसे न्यायिक हिरासत में भेज दिया। शुक्रवार को इंचार्ज जसविंदर सिंह ने बताया कि उनकी टीम को सूचना मिली कि गुलाब नगर फ्लाईओवर के पास एक युवक नशीले पदार्थ बेचने की फिराक में घूम रहा है। गुप्त सूचना के आधार पर टीम का गठन किया गया। टीम ने मौके पर जाकर वहां घूम रहे एक युवक को गिरफ्तार किया। मौके पर ड्यूटी मजिस्ट्रेट को बुलाया गया, जिसके सामने पकड़े गए युवक की तलाशी ली तो उसके पास से 16 ग्राम हेरोइन बरामद हुई।

### दीक्षांत समारोह में मुख्यमंत्री सैनी होंगे मुख्यातिथि

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**

**कुरुक्षेत्र :** कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के श्रीमद्भगवद्गीता सदन (केयू ऑडिटोरियम हॉल) में 18 फरवरी 2025 को होने वाले 34वें दीक्षांत समारोह में हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी बतौर मुख्यातिथि दीक्षा लेने वाले विद्यार्थियों को अपना उद्बोधन देंगे। इस अवसर पर हरियाणा के राज्यपाल एवं कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के कुलाधिपति बंडारू दत्तात्रेय दीक्षांत समारोह की अध्यक्षता करेंगे। वहीं समारोह में हरियाणा के शिक्षा मंत्री महिपाल ढांडा, इसरो के प्रतिष्ठित अंतरिक्ष वैज्ञानिक डॉ. एस सोमनाथ तथा कुरुक्षेत्र के लोकप्रिय सांसद नवीन जिंदल बतौर विशिष्ट अतिथि की गरिमामयी उपस्थिति रहेगी।



यह जानकारी देते हुए कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर सोमनाथ सचदेवा ने कहा कि 34वें दीक्षांत समारोह में हरियाणा के राज्यपाल एवं कुवि कुलाधिपति बंडारू दत्तात्रेय कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय की ओर से हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी तथा इसरो के प्रतिष्ठित अंतरिक्ष वैज्ञानिक डॉ. एस सोमनाथ को मानद उपाधि देंगे। उन्होंने बताया कि 34वें दीक्षांत समारोह के लिए कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय में तैयारियां जोरों पर है। कुवि कुलपति प्रोफेसर सोमनाथ सचदेवा ने शुक्रवार को दीक्षांत समारोह की तैयारियों को लेकर श्रीमद्भगवद्गीता सदन (केयू ऑडिटोरियम) का दौरा कर सभी अधिकारियों को दीक्षांत समारोह को सफल बनाने के लिए गेस्ट हाउस, पार्किंग, ऑडिटोरियम हॉल में प्रवेश, बैठने की व्यवस्था सहित विभिन्न कमेटियों के संयोजकों व सदस्यों को विस्तृत दिशा-निर्देश भी दिए गए।
दीक्षांत समारोह के ओवर ऑल इंचार्ज केयू डीन एकेडमिक अफेयर्स प्रो. दिनेश कुमार ने बताया कि 34वें दीक्षांत समारोह में सभी अधिष्ठाता, कोर्ट के सदस्य, शैक्षणिक एवं कार्यकारिणी परिषद के सदस्य मंच पर होंगे।

### सिल्वर ओक यूनिवर्सिटी में महासंगम यात्रा का किया गया स्वागत

**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत , (कमाल हुसैन )**

अंतरराष्ट्रीय मंदिर प्रबंधक परिषद एवं भगवा ऐप के तत्वावधान में आयोजित महासंगम यात्रा अपने आध्यात्मिक संदेश के साथ अहमदाबाद पहुँचने पर प्रतिष्ठित सिल्वर ओक विश्वविद्यालय में महासंगम यात्रा का भव्य स्वागत किया गया।इस अवसर पर 2000 से अधिक छात्रों ने महासंगम यात्रा का उत्साहपूर्वक स्वागत किया और अपनी प्राचीन संस्कृति से रूबरू हुए,यह आयोजन महासंगम यात्रा पर केंद्रित परिचर्चा के रूप में संपन्न हुआ।
इस अन्तरराष्ट्रीय मंदिर प्रबंधक परिषद के राष्ट्रीय महामंत्री व यात्रा के संयोजक दीप सिहाग सिसाय ने बताया कि हमारा उद्देश्य युवाओं को सनातन संस्कृति से जोड़ना और उन्हें अपनी विरासत का गर्व कराना है।इस यात्रा के माध्यम से हमने युवा पीढ़ी को प्रेरित किया कि वे अपनी संस्कृति और परंपराओं को आत्मसात करें।इस आयोजन में विश्वविद्यालय के छात्र-छात्राओं और महासंगम यात्रा से जुड़े युवाओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। महासंगम यात्रा के माध्यम से यह कार्यक्रम सनातन धर्म की गहराई और इसकी आधुनिक समाज में उपयोगिता को उजागर करने का एक सशक्त मंच बना।



इस दौरान अन्तरराष्ट्रीय मंदिर प्रबंधक परिषद के राष्ट्रीय महामंत्री संगठन डॉ नवीन नैन भालसी ने बताया कि यात्रा के साथ चल रहें 12 त्रिशूलों का भी पूजन छात्रो द्वारा किया गया व महाकुंभ प्रयागराज में स्तिथ महामंडलेश्वर स्वामी दयानंद सरस्वती के आश्रम में 108 त्रिशूलों का पूजन 21 पंडितों द्वारा सुबह और सायं किया जा रहा है, यह पूजन 30 दिन की इस यात्रा के दौरान लगातार जारी रहेगा। इसके बाद इन त्रिशुलों को मंदिरों में स्थापित किया जायेगा।
इस दौरान अन्तरराष्ट्रीय मंदिर प्रबंधक परिषद की राष्ट्रीय प्रवक्ता दामिनी वशिष्ट ने बताया कि इस महान मह्संगम यात्रा का उद्देश्य सनातन धर्म के पुनर्जागरण के साथ-साथ मंदिरों और पुजारियों को डिजिटल की दुनियां से जोड़ना है, भगवा ऐप के जरिए भक्त अब मोबाइल उपकरणों के माध्यम से भी अपने धार्मिक अनुष्ठानों का आनंद ले सकते हैं।
इस दौरान महशूर पर्वतारोही रीना भाटी ने बताया कि 30 दिनों तक चलने वाली यात्रा ने अब तक 19 दिन पुरे कर लियें है, यात्रा ने अब तक 17 दिनों में 4,000 किलोमीटर से अधिक की दूरी तय कर ली है, जिसमें अनेकों पवित्र तीर्थस्थलों के दर्शन किए गए और हजारों श्रद्धालुओं ने इसमें भाग लेकर अपनी आस्था प्रकट की। यात्रा की शुरूआत प्रयागराज महाकुंभ से हुई, जहाँ श्रद्धालुओं ने त्रिवेणी संगम में पुण्य स्नान कर इसे ऐतिहासिक स्वरूप दिया। इसके पश्चात यात्रा काशी विश्वनाथ धाम पहुँची।

### निकाय चुनाव के मद्देनजर शस्त्र लाइसैंस धारक अपने हथियार जमा करवाएंः वरुण

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**

**कुरुक्षेत्र :** निकाय चुनावो के मद्देनजर कुरुक्षेत्र पुलिस ने एडवाइजरी जारी की है । एडवाइजरी जारी करते हुए अधीक्षक कुरुक्षेत्र श्री वरुण सिंगला ने कहा कि शस्त्र लाइसैंस धारक अपने लाइसैंसी हथियार नजदीकी पुलिस थाना या प्राधिकृत शस्त्र डीलरों के पास जमा करवायें । जानकारी देते हुए पुलिस प्रवक्ता नरेश कुमार ने बताया कि अधीक्षक कुरुक्षेत्र श्री वरुण सिंगला ने निर्देश जारी करते हुए कहा कि निर्वाचन आयोग द्वारा निकाय चुनावो की घोषणा कर दी गई है। पुलिस अधीक्षक ने कहा कि चुनाव को शांतिपूर्वक, निष्पक्ष और भय मुक्त वातावरण में संपन्न करवाने के उद्देश्य से शस्त्र लाइसैंस धारक अपना हथियार बिना किसी देरी के अपने नजदीकी थाना में या प्राधिकृत शस्त्र डीलरों के पास जमा कराएं । पुलिस अधीक्षक ने सभी थाना व चौकी प्रभारियों को निर्देश देते हुए कहा है कि आपके क्षेत्र में जिन लोगों के पास लाइसैंसी हथियार है उन सभी के हथियारों को चुनाव से पहले संबंधित पुलिस थाने या प्राधिकृत गन हाउस में जमा करवाना सुनिश्चित करें। उन्होंने बताया कि कोई भी व्यक्ति थाना के अलावा प्राधिकृत शस्त्र डीलरों के पास अपने हथियार जमा करवा सकता है परंतु हथियार जमा करवाने की रसीद को संबधी थाने में दिखाना अनिवार्य है। चुनाव के दौरान किसी के पास भी कोई हथियार नहीं होना चाहिए।



## न्यूज फ्लैश

### समाधान शिविर में आने वाली समस्याओं को संबंधित अधिकारी गंभीरता से लें : एसडीएम



**गन्नौर।** समाधान शिविर में शुक्रवार को एसडीएम प्रवेश कादियान ने लोगों की शिकायतें सुनी और उनके समाधान के अधिकारियों को निर्देश दिए । दरबार में फैमिली आईडी बनवाने ,पेंशन बनवाने की मांग की । समाधान शिविर में अधिकारियों को आदेश देते हुए एसडीएम प्रवेश कादियान ने कहा किआने वाली समस्याओं को संबंधित अधिकारी गंभीरता से लें और प्राथमिकता के आधार पर उनका समाधान सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि शिविर का उद्देश्य नागरिकों की समस्याओं का त्वरित निवारण करना है। अधिकारी लोगों की शिकायतों के निवारण में किसी भी प्रकार की लापरवाही नहीं बरतें और हर शिकायत पर तत्परता से कार्य करें। समाधान शिविर में सभी समस्याओं को संबंधित विभागों को सौंप दिया गया। एस डी एम ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे इन समस्याओं का समाधान शीघ्रता से करें। उन्होंने नागरिकों से भी अपील की कि वे इन समाधान शिविरों में अपनी समस्याओं को नि:संकोच दर्ज करवाएं। प्रशासन हर संभव प्रयास करेगा कि सभी शिकायतों का समाधान समयबद्ध तरीके से हो। इस मौके पर उपमंडल के विभिन्न विभागों के अधिकारी मौजूद थे ।

### गायत्री विद्यापीठ बसंत विहार में बेबी शो में स्कूल के छात्रों ने दिखाई प्रतिभा



**गन्नौर ।** गायत्री विद्यापीठ बसंत विहार में बेबी शो का आयोजन हुआ। जिसमें विभिन्न स्कूलों के 105 बच्चों ने शिरकत की। प्रजा पिता ब्रह्माकुमारी आश्रम गन्नौर से मुख्य अतिथि रचना दीदी व बबीता दीदी रही ने शिरकत की। उनके साथ संदीप सिंघल व काजल सिंघल भी पहुंचे। कार्यक्रम में जज की भूमिका डॉक्टर प्रीति , एडवोकेट एवं कवियत्री रजनी जैन ने निभाई। विद्यालय के डायरेक्टर राजेंद्र कौशिक ने कहा कि गायत्री विद्यापीठ हमेशा इस तरह के कार्यक्रमों के द्वारा बच्चों के अंदर छिपी हुई प्रतिभा को उजागर करने का काम करता रहता है। प्रधानाचार्य शकुंतला कौशिक ने कहा कि यहां पर अपनी प्रस्तुति देने वाला हर एक बच्चा उनके लिए प्रथम है इसलिए कोई भी बच्चा मायूस या निराश नहीं होना चाहिए ।इसी भाव के साथ हर एक बच्चे को प्रथम समझते हुए सबको पारितोषिक दिया गया।

# स्वयंसेवकों ने क्विज प्रतियोगिता में हासिल किया दूसरा स्थान

## शत्रुजीत कपूर (आईपीएस) डायरेक्टर जनरल हरियाणा पुलिस ने किया होनहारों को सम्मानित

**मान बढ़ाया**

**सौरभ शर्मा और माधव मुंजाल ने शानदार प्रदर्शन के आधार पर एसडी पीजी कॉलेज को राज्य में द्वितीय स्थान दिलाया**



**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत,** ( कमाल हुसैन )
एसडी पीजी कॉलेज पानीपत के राष्ट्रीय सेवा योजना के दो स्वयंसेवकों ने एसईआरसी डायल सेक्टर 3 पंचकुला में आयोजित 7वीं हरियाणा राज्य ट्रेफिक क्विज प्रतियोगिता में दूसरा स्थान हासिल कर कॉलेज और जिले का मान बढाया । सौरभ शर्मा (एमकॉम-प्रथम) और माधव मुंजाल (बीए-द्वितीय) ने शानदार प्रदर्शन के आधार पर एसडी पीजी कॉलेज को राज्य में द्वितीय स्थान दिलाया । दोनों प्रतिभागियों ने इससे पहले कॉलेज लेवल, ब्लाक लेवल, जिला स्तरीय और रेंज लेवल प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन के बल पर राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में अपना स्थान सुनिश्चित किया था । राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में 10 टीमों ने हिस्सा लिया जिसमें गुरुग्राम, फरीदाबाद, रोहतक, सोनीपत, पंचकुला, झज्झर, करनाल, साउथ रेंज, हिसार और अम्बाला की टीमें शामिल थी । विजेताओं का कॉलेज प्रांगण में पहुँचने पर प्राचार्य डॉ अनुपम अरोड़ा, एन.एस.एस. प्रोग्राम ऑफिसर डॉ राकेश गर्ग और अन्य प्राध्यापकों ने जोरदार स्वागत किया । विजेताओं को मुख्य अतिथि शत्रुजीत कपूर (आईपीएस) डायरेक्टर जनरल हरियाणा पुलिस ने प्रशस्ति पत्र, मुमेंटो और स्मार्ट वाच के साथ सम्मानित किया । विदित रहे कि प्रतियोगिता में ट्रैफिक नियमों पर आधारित प्रश्न पूछे गये और जिन विद्यार्थियों ने सबसे अधिक सही जवाब दिए उन्हें विजेता घोषित किया गया । ट्रैफिक चिन्हों को पहचानना, विभिन्न विकट परिस्थितियों में क्या करना चाहिए, ट्रेफिक नियम आदि पर आधारित सवाल विद्यार्थियों से पूछे गए । पुलिस विभाग के समस्त अधिकारियों और शिक्षा विभाग के सांझा प्रयासों से इस प्रतियोगिता में अब तक रिकॉर्ड संख्या में विद्यार्थियों ने भाग लिया है । डॉ अनुपम अरोड़ा ने कहा कि दुनिया भर में सड़क दुर्घटनाओं का बढ़ना चिंता की बात है । दुनिया भर में सड़क दुर्घटनाओं से 13 लाख से अधिक लोग प्रतिवर्ष मृत्यु को प्राप्त हो जाते है जिसमे से डेढ़ लाख से अधिक मौते तो सिर्फ अपने देश में होती है । हरियाणा में यह संख्या 52 हजार के लगभग है और पानीपत जिला इससे बिल्कुल भी अछूता नहीं है । जैसा युवा होगा वैसा ही राष्ट्र होगा और हर युवा आने वाली पीढ़ी का मार्गदर्शक होता है । नियमों पर चलना बहुत बड़ी बात है और इतिहास गवाह है की जो मुल्क नियमों पर चले उन्होनें तरक्की के नए आयाम स्थापित किये है । समय आ गया है कि युवा न सिर्फ खुद सड़क पर संभलकर चले बल्कि अपने आस-पड़ोस में रहने वालों को भी ऐसा करने के लिए मजबूर करे । इंस्पेक्टर जनरल ऑफ पुलिस ट्रैफिक एंड हाइवेज हरियाणा सरकार के प्रयासों और दूरदर्शिता की सराहना करते हुए उन्होनें कहा कि दुर्घटना के ग्राफ को कम करने की जिम्मेवारी अब युवाओं को पूरा करनी है।

## वार्षिक खेल कूद प्रतियोगिता का हुआ आयोजन



**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत , ( कमाल हुसैन )**
गीता इंस्टीट्यूट ऑफ लॉ, करहंस में वार्षिक खेल कूद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता मे सैकड़ों छात्रों ने विभिन्न खेलों में हिस्सा लेकर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। गीता ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूट्स के वाईस चेयरमैन, निशांत बंसल मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित शामिल हुए। मुख्य अतिथि निशांत बंसल ने अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा, "खेल शारीरिक स्वास्थ्य के लिए आवश्यक हैं, साथ ही यह मानसिक दृढ़ता और टीमवर्क को भी बढ़ावा देते हैं। विद्यार्थियों को हमेशा खेलों में भाग लेना चाहिए, क्योंकि यह उनके समग्र विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है।" उन्होंने आगे कहा, "गीता इंस्टीट्यूट ऑफ लॉ ने हमेशा शिक्षा के साथ-साथ विद्यार्थियों के शारीरिक और मानसिक विकास पर भी ध्यान दिया है। ऐसे आयोजन विद्यार्थियों को अपनी सीमाओं को चुनौती देने और नए लक्ष्य प्राप्त करने का अवसर प्रदान करते हैं। मैं इस आयोजन की सफलता के लिए संस्थान के समस्त अधिकारियों, कर्मचारियों और विद्यार्थियों को बधाई देता हूँ।" इस स्पोर्ट्स मीट में लड़के और लड़कियों की दौड़, वॉलीबॉल, खो-खो, कैरम, लेमन रेस, टग ऑफ वॉर, शॉट पुट, टेबल टेनिस जैसे विभिन्न खेलों का आयोजन किया गया, जिसमें विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और बेहतरीन टीम भावना का उदाहरण प्रस्तुत किया।
ये रहा परिणाम।
100 मीटर गर्ल्स रेस में प्रतिभा ने प्रथम, पायल ने दूसरा और तिरांजलि ने तीसरा स्थान प्राप्त किया ।

## लापता तीन युवकों में से एक पकड़ा गया

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**
**करनाल।** करनाल के शास्त्री नगर से लापता हुए तीन युवकों में से एक को पुलिस ने ढूंढ निकाला है। तीनों संदिग्ध परिस्थितियों में अपने घर से लापता हो गए थे। इनमें से एक युवक घर से 3 लाख रुपए लेकर निकला था। मामला एक लडकी से जुड़ा बताया जा रहा है, जिससे युवक फेसबुक पर चैटिंग करता था। पुलिस ने इस मामले में एक युवक वरुण को ढूंढ लिया है और उससे पूछताछ जारी है। वरुण के मिलने की सूचना जैसे ही परिजनों को मिली, वे गुरुवार देर रात रामनगर थाने पहुंच गए और हंगामा करने लगे। परिजनों का कहना है कि बाकी दो युवकों की जल्द से जल्द तलाश की जाए, क्योंकि मामला गंभीर हो सकता है।
अनमोल की बहन ने बताया कि अक्षित और वरुण की फेसबुक पर मेघालय की किसी लडकी से बातचीत हो रही थी। चैटिंग में सामने आया कि वे ट्रेन से मेघालय जाएंगे और लडकी को लेकर आएंगे। पुलिस के अनुसार वरुण ने पूछताछ में लडकी के मेघालय से होने की बात स्वीकार की है। लापता हुए युवकों में अक्षित, वरुण और अनमोल शामिल हैं। तीन दिन पहले परिजनों ने पुलिस को शिकायत दी थी, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई। अनमोल की बहन का कहना है कि इस पूरे मामले का मास्टरमाइंड वरुण ही है। उसने ही दोनों बच्चों का ब्रेनवॉश किया और उन्हें मेघालय जाने के लिए उकसाया।

## डीएसपी सतीश वत्स ने महराणा व बिंझौल गांव का किया दौरा

**नशामुक्त**

**ग्रामवासी आपसी भाईचारा बनाकर रखे और गांव को अपराध व नशामुक्त बनाने में पुलिस का सहयोग करें**



**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत , ( कमाल हुसैन )**
पुलिस अधीक्षक लोकेंद्र सिंह के मार्गदर्शन में उप पुलिस अधीक्षक मुख्यालय सतीश वत्स ने ग्रामीण भ्रमण कार्यक्रम के तहत शुक्रवार को महराणा व बिंझौल गांव का दौरा किया। उन्होंने गांव में आमजन के साथ बैठक कर गांव की सुरक्षा व पुलिस से संबंधित समस्याओं के बारे में जाना और उनके त्वरित समाधान का आश्वासन दिया। साथ ही अपराधों की रोकथाम हेतु चर्चा की। उप पुलिस अधीक्षक मुख्यालय सतीश वत्स ने इस दौरान संबोधित करते हुए कहा कि सरकार द्वारा नशे के विरुद्ध मुहिम चलाई गई है। और सभी चाहते है कि प्रदेश नशे से मुक्त हो। पुलिस द्वारा गावों में लगातार जागरूकता के प्रोग्राम चलाए जा रहे है। युवाओं को नशे से दूर रखने के लिए खेल प्रतियोगिता आयोजित करवाई जा रही है, ताकि वे अपनी उर्जा का सही दिशा में प्रयोग कर सकें। इसके साथ ही पुलिस नशा तस्करों को काबू करने के साथ ही नशे की सप्लाई की चैन को तोड़ने के लिए प्रभावी प्रयास कर रही है। साथ ही नशे की गर्त में फसे लोगों की सिविल अस्पताल के डी एडिक्शन सेंटर में काउंसिलिंग करवाने के साथ दवाई दिलाई जा रही है। उन्होंने कहा कि नशा हसते खेलते परिवार को तबाह कर देते है। नशा एक सामजिक बुराई है। इसको जड़ से खत्म करने के लिए समाज के हर वर्ग को मिलकर इसके खिलाफ अपनी भागीदारी सुनिश्चित करनी होगी। आमजन इस मुहिम में पुलिस का सहयोग करें।
उप पुलिस अधीक्षक सतीश वत्स ने इस दौरान ग्रामीणों से अनुरोध किया कि वे नशे के साथ साथ अपराध से भी दूर रहे, आपसी गुटबाजी से बचे। गांव में यदि कोई व्यक्ति नशे का कारोबार करता है तो उसके बारे में पुलिस को सूचना दे। सूचना देने वाले की पहचान भी गुप्त रखी जायेगी। और आरोपी के खिलाफ त्वरित कार्रवाई की जाएगी।

## हरित एवं स्वच्छ ऊर्जा का प्रयोग करना चाहिए: मीणा

**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत , ( कमाल हुसैन )** पर्यावरण को स्वच्छ बनाए रखने के लिए हमें हरित एवं स्वच्छ ऊर्जा का प्रयोग करना चाहिए ये बातें ऑयल इंडस्ट्री हरियाणा के राज्य स्तरीय समन्वयक लेखराज मीणा ने सक्षम क्षमता महोत्सव कार्यक्रम के उद्घाटन समारोह में उपस्थित अधिकारियों और कर्मचारियों को संबोधित करते हुए कही।



मीणा ने कहा कि सक्षम क्षमता महोत्सव एक पखवाड़े तक चलेगा और इस दौरान लोगों को हरित एवं स्वच्छ ऊर्जा अपनाने के लिए जागरूक किया जाएगा। सक्षम अभियान भारत में ऊर्जा और पर्यावरण संरक्षण के लिए एक महत्वपूर्ण पहल है। उन्होंने कहा कि यह अभियान न केवल ऊर्जा की बचत पर जोर देता है, बल्कि यह लोगों को अपनी जीवनशैली में ऐसे बदलाव करने के लिए प्रेरित करता है जो प्राकृतिक संसाधनों का संरक्षण करें और प्रदूषण कम करे। यह कार्यक्रम नागरिकों को स्वास्थ्य और पर्यावरण संरक्षण के लिए ईंधन संरक्षण की आवश्यकता के बारे में जागरूक करने के साथ-साथ भारत को कच्चे तेल के आयात पर अपने निर्भरता काम करने में मदद करने के लिए आयोजित किया जाता है।
उन्होंने कहा कि भारत की बढ़ती हुई ऊर्जा मांग के कारण, जीवाश्म ईंधनों पर निर्भरता बढ़ रही है। सक्षम अभियान का उद्देश्य निर्भरता को कम करना है ताकि प्राकृतिक संसाधनों का संरक्षण किया जा सके।

**जागरूक किया**

**महोत्सव एक पखवाड़े तक चलेगा और इस दौरान लोगों को हरित एवं स्वच्छ ऊर्जा अपनाने के लिए जागरूक किया जाएगा**

## डीआईटीएम कॉलेज, गन्नौर के विद्यार्थियों ने याकुल्ट कंपनी का किया औद्योगिक भ्रमण

**टीम एक्शन इंडिया**
**गन्नौर ।** डीआईटीएम कॉलेज गन्नौर के विद्यार्थियों ने औद्योगिक ज्ञान और व्यावहारिक अनुभव प्राप्त करने के उद्देश्य से याकुल्ट कंपनी का शैक्षिक दौरा किया। औद्योगिक भ्रमण का आयोजन छात्रों को आधुनिक उद्योगों की कार्यप्रणाली से अवगत कराने और उनके व्यावसायिक कौशल को निखारने के लिए किया गया। कॉलेज के निदेशक जनरल डॉ. नीरज कुमार और अध्यक्ष संजीव कुमार जैन ने कहा कि ऐसे औद्योगिक भ्रमण छात्रों के करियर विकास के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण हैं। उन्होंने बताया कि इससे विद्यार्थियों को वास्तविक उत्पादन प्रक्रियाओं, गुणवत्ता नियंत्रण और प्रबंधन तकनीकों की गहरी समझ प्राप्त होती है, जो उनकी भविष्य की संभावनाओं को सशक्त बनाती है। याकुल्ट कंपनी में छात्रों ने उत्पादन प्रक्रिया, गुणवत्ता मानकों और मार्केटिंग रणनीतियों की विस्तृत जानकारी प्राप्त की। कंपनी के विशेषज्ञों ने उन्हें प्रोबायोटिक्स उत्पादों के निर्माण की बारीकियों से अवगत कराया। कॉलेज प्रबंधन ने बताया कि डीआईटीएम कॉलेज अपने विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के साथ-साथ व्यावहारिक अनुभव प्रदान करने के लिए इस प्रकार के औद्योगिक भ्रमण का आयोजन करता रहेगा।




## तार चोरी करने वाले तीन आरोपी गिरफ्तार

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**
**करनाल।** एंटी बर्गलरी टीम द्वारा गुप्त सुचना के आधार पर मेहता फार्म करनाल के पास से तीन आरोपियों नसीब पुत्र सुभाष वासी गांव पधाना, रवि कुमार पुत्र जसबीर वासी गांव सैदपुरा और हर्ष उर्फ आशु पुत्र रणधीर वासी गांव अब्दुलापुर को गिरफ्तार किया गया। पुलिस पूछताछ में आरोपियों ने खेतों में ट्यूब्वलों से तार चोरी की तीन वारदातों का खुलासा किया। निरीक्षक सतबीर सिंह ने बताया कि सभी आरोपियों को अदालत में पेश करके पुलिस रिमांड पर लिया गया है। रिमांड के दौरान आरोपियों के कब्जे से दो वारदातों में चोरी 40 फुट व 105 फुट बिजली की तार बरामद की गई।

## श्रीश्याम फाल्गुनोत्सव: निकाली कलश यात्रा

**टीम एक्शन इंडिया**
**समालखा ( कुलदीप सिंह )**
श्री श्याम बाबा सेवा मंडल के तत्वावधान मे मनाये जा रहे 21 वें श्रीश्याम फाल्गुनोत्सव के उपलक्ष्य मे शुक्रवार को पुरानी गुड मंडी से भव्य कलश यात्रा निकाली गई। जिसमे 400 से भी ज्यादा सुसज्जित महिलाओ ने अपने सिर पर पवित्र कलश को धारण कर डीजे पर बज रहे श्रीश्याम बाबा के मधुर भजनो पर झूमते हुए यात्रा मे शामिल हुई।
इससे पहले समालखा नगर पालिका अध्यक्ष अशोक कुच्छल ने श्याम बाबा का आशिर्वाद लेकर कलश यात्रा का शुभारंभ किया। श्री श्याम बाबा सेवा मंडल के अध्यक्ष सत्यवीर



गुप्ता,महासचिव प्रदीप बंसल,नंद किशोर सिंघल, नवीन सिंघल,कृष्ण बंसल,नवीन बंसल,मोहित गोयल, विपीन गोयल,संदीप गुप्ता,अशोक जैन,राहुल गर्ग,राजेश गोयल,नीतिन गोयल,सुरेंद्र मितल,विनय जैन,पवन गुप्ता व सुभाष गुप्ता आदि श्याम भक्तो ने श्याम बाबा के भव्य रथ को रस्सी से खींचा। यात्रा के दौरान श्रीश्याम बाबा के जयकारें गूंजते रहे। कलश यात्रा रेलवे रोड के मुख्य बाजार से होते हुए पुराना बस अड्डा व जीटी रोड के रास्ते नई अनाज मंडी मे कथा स्थल पर पहुंची जहां महिलाओ ने अपने अपने कलश ब्यास गद्दी के समक्ष स्थापित किये। श्याम बाबा सेवा मंडल के प्रधान सत्यवीर गुप्ता ने बताया कि 15 फरवरी शनिवार से नई अनाज मंडी से सजे भव्य पंडाल मे अगले एक सप्ताह तक प्रतिदिन दोपहर 3:15 बजे से शाम 6:15 तक श्रीराम कथा का आयोजन होगा। जिसमे विश्व विख्यात कथा मर्मज्ञ एवं संत विजय कौशल जी महाराज अपनी मधुर वाणी से श्रीराम कथा करेंगे। 22 फरवरी को हवन-पूजन के साथ श्रीराम कथा का विश्राम होगा व विशाल भंडारे का आयोजन भी किया जायेगा।

**हवन-पूजन**

**22 फरवरी को हवन-पूजन के साथ श्रीराम कथा का विश्राम होगा व विशाल भंडारे का आयोजन भी किया**

## दिल्ली वर्ल्ड पब्लिक स्कूल में दूसरा स्थापना दिवस मनाया

**टीम एक्शन इंडिया**
**समालखा दिल्ली** वर्ल्ड पब्लिक स्कूल में दूसरा स्थापना दिवस बड़े ही धूमधाम और उत्साह के साथ मनाया जिसकी शुरूआत प्रबंधक समिति, चेयरपर्सन संगीता रेवड़ी, वाइस चेयरपर्सन प्रियंका अरोड़ा, मिस हिमांशी, प्रिंसिपल डॉ. अजीत भारद्वाज द्वारा दीप प्रज्वलित करके माँ सरस्वती की वंदना से कार्यक्रम आरंभ हुआ। इसके पश्चात छात्रों ने पंजाबी, हरियाणवी और लोक नृत्य प्रस्तुत कर सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। इस अवसर को और खास बनाने के लिए नो बैग डे मनाया गया। जिसके अंतर्गत विभिन्न रोचक गतिविधियों का आयोजन किया गया। कक्षा नौवीं के बच्चों ने नुक्कड़ नाटक के द्वारा भारतीय




सेना के शौर्य और पराक्रम से अवगत करवाया। विद्यालय में बच्चों के साथ-साथ अध्यापकों ने भी अपनी रुचि अनुसार गायन-नृत्य गतिविधियों से कार्यक्रम में चार चाँद लगा दिये। कक्षा तीसरी से पाँचवीं के बच्चों के लिए ऑडिटोरियम में मनोरंजक खेलों का आयोजन किया गया। जिससे उन्होंने खूब आनंद लिया। कक्षा छठी से आठ के छात्रों को देशभक्ति की भावना जागृत करने के उद्देश्य से "उरी: द सर्जिकल स्ट्राइक" फि ल्म दिखाई गई। जिससे छात्रों को देश की रक्षा में सैनिकों के साहस और बलिदान के बारे में गहराई से जानने का अवसर मिला। कक्षा नौवीं और ग्यारहवीं के छात्रों के बीच एक रोमांचक क्रिकेट मैच खेला गया। जिसमें खिलाड़ियों ने पूरे जोश और उत्साह के साथ भाग लिया। इस अवसर पर विद्यालय के प्रिंसिपल डॉ. अजीत भारद्वाज ने अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि विद्यालय की स्थापना का उद्देश्य केवल शैक्षणिक उपलब्धियों तक सीमित नहीं है, बल्कि छात्रों के सर्वांगीण विकास पर भी ध्यान देना है। उन्होंने कहा कि हमारा लक्ष्य विद्यार्थियों को न केवल अकादमिक रूप से उत्कृष्ट बनाना है, बल्कि उनमें नैतिक मूल्यों, नेतृत्व क्षमता और राष्ट्रभक्ति की भावना का भी विकास करना है। इस प्रकार के आयोजन बच्चों को शिक्षा के साथ-साथ समाज और देश के प्रति अपने दायित्व को समझने का अवसर प्रदान करते हैं। उन्होंने सभी छात्रों को इस आयोजन में बढ़-चढ़कर भाग लेने के लिए बधाई दी।
विद्यालय की प्रबंधक समिति ने भी इस आयोजन की सराहना करते हुए कहा कि इस प्रकार के कार्यक्रम विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए आवश्यक हैं। समिति के सदस्यों ने विशेष रूप से "उरी: द सर्जिकल स्ट्राइक" फिल्म प्रदर्शन की प्रशंसा की।

**नो बैग डे**

**लोक नृत्य प्रस्तुत कर सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। इस अवसर को और खास बनाने के लिए नो बैग डे मनाया गया।**

## प्रतियोगिता के विजेता प्रतिभागियों को अतिरिक्त उपायुक्त ने किया सम्मानित

**ऊर्जा संरक्षण**

**डेले सोफ्टवेयर द्वारा पेंटिंग प्रतियोगिता तथा ऊर्जा संरक्षण रैली का आयोजन किया गया था**

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**
**करनाल।** ऊर्जा संरक्षण सप्ताह के अन्तर्गत स्कूली बच्चों की पीएम श्री राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय करनाल में आयोजित प्रतियोगिता के विजेता प्रतिभागियों को अतिरिक्त उपायुक्त यश जालुका ने बतौर मुख्य अतिथि




पारितोषिक वितरण किया। परियोजना अधिकारी राजेश हुड्डा और सहायक परियोजना अधिकारी गुलशन गिरधर ने कहा कि ऊर्जा संरक्षण सप्ताह के अंतर्गत 10 स्कूलों में वाद-विवाद, प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता, डेले सोफ्टवेयर द्वारा पेंटिंग प्रतियोगिता तथा ऊर्जा संरक्षण रैली का आयोजन किया गया था। इन प्रतियोगिताओं के विजेताओं को आज सम्मानित किया गया है।

# कृषि विज्ञान केंद्र, ऊझा, पानीपत में पांच दिवसीय, तीन प्रशिक्षण कार्यक्रमों का समापन

**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत , ( कमाल हुसैन )**
चौधरी चरण सिंह कृषि विश्वविद्यालय के कृषि विज्ञान केंद्र, ऊझा, पानीपत में पांच द्विवसीए, तीन प्रशिक्षण कार्यक्रमों का समापन समारोह आयोजित किया गया। इनमे दो प्रशिक्षण कार्यक्रम स्प्रे व्यवसाय अनुसूचित जाती के किसानों के लिए आय का एक अतिरिक्त स्त्रोत एससी-एसटी परियोजना के तहत व एक प्रशिक्षण कार्यक्रम नर्सरी रेजिन्ग एससी-एसटी परियोजना के तहत करवाए गए। इन प्रशिक्षण कार्यक्रमों में पानीपत जिले से 80 प्रतिभागियों ने भाग लिया। इन




प्रशिक्षण कार्यक्रमों का मुख्य उद्देश्य अनुसूचित जाति वर्ग के लोगों को प्रशिक्षण प्रदान करके उन्हें अपने आजीविका उत्थान के लिए सशक्त बनाना था। जिससे कि वे अपने व अपनी आने वाली पीड़ियों के लिए एक सुनहरा भविष्य बना सके।

कार्येक्रम के दौरान डॉक्टर सतपाल सिंह, संयोजक, कृषि विज्ञान केंद्र, पानीपत में सभी प्रतिभागियों को इन परियोजनाओं के बारे में विस्तार से बताते हुए बताया कि ये परियोजनाएं,

**सशक्त**

**अनुसूचित जाति वर्ग के लोगों को प्रशिक्षण प्रदान करके उन्हें अपने आजीविका उत्थान के लिए सशक्त बनाना था**

अनुसूचित जाति वर्ग के लोगों के लिए एक बहुत ही सुनहरे मौके प्रदान करती है, जिनके द्वारा बिना किसी खर्च के वे प्रशिक्षण प्रदान करके अपना एक नया व्यवसाय शुरू कर सकते हैं व अपनी आजीविका के में उत्थान कर सकते हैं उन्होंने सभी प्रतिभागियों से कृषि विज्ञान केंद्र से जुड़े रहने के लिए आग्रह किया व बताया कि ट्रेनिंग के बाद भी किसी भी तरह की सलाह की जरूरत के लिए कृषि विज्ञान केंद्र, पानीपत उनके साथ उनके सहयोग के लिए हमेशा तत्पर रहेगा।

इस अवसर पर डॉक्टर महा सिंह जागलान, वरिष्ठ संयोजक, कृषि विज्ञान केंद्र, करनाल ने सभी प्रतिभागियों को फसलों में आने वाले कीट पतंग के बारे में निवारण के लिए किए जाने वाले छिड़कावों के बारे में बताया। उन्होंने सभी को सुप्रे मशीन में लगने वाली नोजल्स के बारे में भी विस्तार से जानकारी दी।

# थानेसर हल्के के गांवों में नवीन संकल्प शिविरों का आयोजन किया

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**
**कुरुक्षेत्र :** नवीन जिन्दल फाउंडेशन द्वारा थानेसर के गांव सुनहेड़ी खालसा और आलमपुर में आयोजित नवीन संकल्प शिविरों में ग्रामीणों ने दी जा रही सुविधाओं का लाभ लिया। थानेसर हल्के के गांव सुनहेड़ी खालसा और आलमपुर में आयोजित इन संकल्प शिविरों में पेंशन,आधार कार्ड, परिवार पहचान पत्र और राशन कार्ड संबंधित मुद्दों का समाधान किया गया। इस अवसर पर सांसद नवीन जिन्दल के कार्यालय प्रभारी श्री धर्मवीर सिंह ने बताया कि सांसद नवीन जिन्दल की पहल पर आरंभ किए गए नवीन संकल्प शिविरों में विशेष रूप से मोबाइल मेडिकल यूनिट भी चलाई जा रही है, जिसमें मुफ्त दवाइयां, चिकित्सा परामर्श और टेस्ट की सुविधाएं दी जाती है।



कुरूक्षेत्र संसदीय क्षेत्र में गांवों के लोगों द्वारा इन सुविधाओं का भरपूर लाभ उठाया जा रहा है। इन नवीन संकल्प शिविरों में सांसद नवीन जिन्दल द्वारा शुरू की गई नवीन जिन्दल यशस्वी छात्रवृत्ति योजना के बारे में भी जानकारी दी जाती है ताकि जरूरतमंद छात्रों को छात्रवृत्ति के माध्यम से आर्थिक सहयोग मिल सके। उन्होंने बताया कि आज थानेसर हल्के के गांव सुनहेड़ी खालसा और आलमपुर के नवीन संकल्प शिविरों में 113 लोगों को परामर्श और निःशुल्क दवाईयां दी गई साथ ही 27 लोगों के युरिन और रक्त के टेस्ट भी किए गए। आज के नवीन संकल्प शिविरों में 34 लोगों की समस्याओं का समाधान और 8 लोगों को छात्रवृत्ति योजना के बारे विस्तृत जानकारी देकर लाभान्वित किया।

## न्यूज फ्लैश

### अमृत सरोवर को पर्यटन स्थल के रूप में किया जाएगा विकसित: प्रभाकर कुमार वर्मा

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**
**कुरुक्षेत्र :**



हरियाणा तालाब एवं अपशिष्ट जल प्रबंधन प्राधिकरण के चेयरमैन के प्रधान सलाहकार प्रभाकर कुमार वर्मा ने कहा कि कुरुक्षेत्र के गांव समानी में तालाब को पर्यटन स्थल के रूप में विकसित करने का प्रस्ताव तैयार किया गया है। इस प्रस्ताव के अनुसार प्रथम चरण में एक तालाब के निर्माण कार्य को पूरा किया जा चुका है। इसे पर्यटन स्थल के रूप में विकसित किया गया है। अब दूसरे चरण में गांव के तालाब को बर्ड सेंचुरी के रूप में विकसित किया जाएगा, इस परियोजना के लिए सरकार ने करीब 3 करोड़ रुपए का बजट भी पारित किया है। प्रधान सलाहकार प्रभाकर कुमार वर्मा शुक्रवार को देर सायं गांव समानी व झिरबड़ी में तालाब का निरीक्षण करने के लिए पहुंचे। इससे पहले प्रधान सलाहकार प्रभाकर कुमार वर्मा, पंचायती राज विभाग के चीफ इंजीनियर यशवीर सिंह, पंचायती राज के कार्यकारी अभियंता अमन ने गांव समानी में प्रथम चरण में बनाए गए अमृत प्लस प्लस तालाब का अवलोकन किया। इसके उपरांत साथ लगते दूसरे तालाब का निरीक्षण किया। यहां पर अधिकारियों को निर्देश दिए गए कि गंदे पानी की निकासी को रोका जाए और पानी का ट्रीटमेंट करने के उपरांत ही तालाब में डाला जाए। प्रधान सलाहकार ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि इस योजना को जल्द से जल्द पूरा किया जाना है, इसलिए तालाब की मिट्टी को निकाला जाए, चारों तरफ फिरनी बनाई जाए और गंदे पानी की निकासी को रोका जाए तथा पानी का ट्रीटमेंट करने के बाद ही तालाब में डाला जाए। प्रधान सलाहकार ने कहा कि हरियाणा पौंड आथोरिटी की तरफ से गांव समानी के 2 तालाबों को अलग-अलग चरण में विकसित करने का प्रस्ताव है। इस प्रस्ताव के लिए सरकार की तरफ से 3 करोड़ रुपए का बजट पारित किया गया है। इस गांव के एनएच-44 पर स्थित तालाब को पर्यटन स्थल के रूप में विकसित किया जा चुका है और अब दूसरे चरण में गांव के अदरूनी तरफ तालाब को बर्ड सेंचुरी के रूप में विकसित किया जाएगा। इस जगह पर काफी संख्या में विदेश पक्षी रहते है, इसलिए इन पक्षियों को देखते हुए इस तालाब को बर्ड सेंचुरी के रूप में तैयार किया जाएगा। इस तालाब के चारों तरफ फलदार पेड़ लगाएं जाएंगे और रात को रोशनी के लिए सोलर लाईटस लगाई जाएगी। उन्होंने कहा कि ग्रामीणों के बैठने के लिए बैंच सहित अन्य व्यवस्थाएं की जाएंगी। इस तालाब के चारों तरफ मार्ग तैयार किया जाएगा ताकि लोग सुबह और सायं के समय में सैर कर सके। सरकार की योजना है कि इन दोनों तालाबों को पर्यटन स्थल के रूप में विकसित किया जाए। यह तालाब जीटी रोड एनचएच 44 पर स्थित है। इसलिए पर्यटन की आपार संभावनाएं है। इस मौके पर पौंड आथोरिटी से आशुतोष और पंचायत विभाग के कार्यकारी अभियंता, एसडीओ और अन्य अधिकारी मौजूद थे।

### पूर्व रक्षा मंत्रालय के कर्मचारी की जेब काटकर 40 हजार रुपये की नकदी व अन्य समान चोरी

**गन्नौर।** गुरु रविदास मंदिर में बच्चो को सम्मानित करने आए पूर्व रक्षा मंत्रालय के कर्मचारी की अज्ञात चोर ने जेब काटकर 40 हजार रुपये की नकदी व अन्य समान चोरी कर ले गया। भीड़ के दौरान चोर ने सब इंस्पेक्टर व अन्य व्यक्ति की भी जेब काट ली। पीड़ित ने चोरी की शिकायत गन्नौर थाना पुलिस को दी है। शिकायत में हरि नगर निवासी रोशनलाल ने बताया कि वह रक्षा मंत्रालय से रिटायर है। उनकी पुत्र वधु ज्योति भनखर हरियाणा पुलिस ने डीएसपी के पद पर पानीपत में सेवारत है। वह वीरवार को गन्नौर नगरपालिका रॉड सिथत गुरु रविदास मंदिर में पहुँचे थे। उनकी जेब मे एक लिस्ट ओर 40 हजार रुपये थे। उस लिस्ट में बच्चों के नाम थे जिसको सम्मानित करना था। जब वह मंदिर पहुचे तो ज्योति को सम्मानित करने के लिए काफी लोग खड़े थे। इस भीड़ में किसी ने उसकी जेब से पैसे व लिस्ट चोरी कर ली। साथ ही सब इंस्पेक्टर नरेश व रामकिशन की भी किसी ने पॉकिट मार ली। जिसमे एटीएम, आधार कार्ड, लाइसेंस व अन्य कागजात थे।

# स्वच्छता एवं प्रबंधन विषय पर किया जागरूक

**पानीपत , ( कमाल हुसैन )**
जिला विधिक सेवा प्राधिकरण पानीपत और एमडीडी ऑफ इंडिया संस्था द्वारा चलाए जा रहे "स्वास्थ्य सखी अभियान" के तहत आज राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय सिवाह में छात्राओं को मासिक धर्म प्रबंधन पर किया गया जागरूक।

जिला विधिक सेवा प्राधिकरण पानीपत, स्वास्थ्य विभाग, शिक्षा विभाग, महिला एवं बाल विकास विभाग तथा एम डी डी आफ इंडिया संस्था के संयुक्त तत्त्वावधान में राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, सिवाह में माहवारी स्वच्छता एवं प्रबंधन विषय पर छात्राओं के साथ जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया।



स्वास्थ्य विभाग से काउंसलर अंजू गौतम ने छात्राओं को बताया कि माहवारी का चक्र 21 से 31 दिन का हो सकता है तथा इसकी शुरूआत 8 साल से 17 साल की आयु में होती है तथा 45 साल से 55 साल की आयु में माहवारी प्रक्रिया बन्द हो जाती है। तथा माहवारी 3 दिन से 7 दिन की हो सकती है। यह सभी किशोरियों, लड़कियों, महिलाओं की शारीरिक संरचना के अनुसार अलग अलग हो सकती है। स्वास्थ्य विभाग द्वारा इस विषय पर छात्राओं को एक जागरूकता फिल्म भी दिखाई गई। जिला समन्वयक संजय कुमार ने बताया कि माहवारी के दौरान पौष्टिक आहार का सेवन करना चाहिए। एम डी डी आफ इंडिया की तरफ से जिला समन्वयक संजय कुमार, सामुदायिक कार्यकर्ता पायल, स्वास्थ्य विभाग से काउंसलर अंजू गौतम, प्रधानाचार्य संतोष, अध्यापिका प्रियंका, प्रमिला, प्रीति, सोनिया, दीपिका, अमित, महिला एवं बाल विकास विभाग से सुपरवाइजर सोनिया के अलावा समस्त स्कूल स्टाफ व छात्र छात्राएं शामिल रही।

**माहवारी स्वच्छता**

**माहवारी स्वच्छता एवं प्रबंधन विषय पर छात्राओं के साथ जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया**

# ब्रह्माकुमारीज द्वारा 16 को मनाया जाएगा महाशिवरात्रि पर्व

**टीम एक्शन इंडिया**
**मनीष कुमार**
**अम्बाला:** ब्रह्माकुमारीज ईश्वरीय विश्वविद्यालय शांतिधाम, 36-37, दयाल बाग, अंबाला कैंट से राजयोगिनी ब्रह्माकुमारी आशा दीदी जी अंबाला सब जोन निर्देशिका ने बताया कि महाशिवरात्रि महापर्व के उपलक्ष्य में खुखरैन भवन, अंबाला कैंट, में रविवार 16 फरवरी 2025 को सुबह 10:00 बजे कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें अपने परमपिता शिव परमात्मा से सच्ची, सुख, शांति, प्रेम व आनंद का वरदान लेने के लिए शहर के सभी व्यक्तियों को सादर ईश्वरीय निमंत्रण है। कार्यक्रम को मनोरंजक बनाने के लिए सुप्रसिद्ध पंजाबी गायक ओमप्रकाश जी द्वारा गीत की प्रस्तुति होएगी। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में राजयोगिनी ब्रह्माकुमारी लक्ष्मी दीदी जी जो कि डायरेक्टर, सोनीपत रिट्रीट सेंटर, जूरिस्ट विंग पंजाब जॉन कोऑर्डिनेटर, इंचार्ज ब्रह्मा कुमारीज हांसी सर्कल जी शामिल रहेंगे। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में आचार्य स्वामी राजेश्वरानंद जी महाराज जो कि अंतरराष्ट्रीय वैदिक कथा वाचक चेयरपर्सन इंटरनेशनल संत समाज सेवा दल संस्थापक अरिहंत आयुर्वेद फाऊंडेशन के है जी शामिल रहेंगे। आशा दीदी जी ने सभी अम्बाला निवासियों व नगर के आसपास के गांवों के लोगों को भी इस भव्य आध्यात्मिक कार्यक्रम का लाभ लेने का निमंत्रण दिया।

# छात्रों ने पुलवामा हमले में शहीद हुए जवानों को दी श्रद्धांजलि

**टीम एक्शन इंडिया**
**समालखा:**
मॉडल टाउन स्थित जी. वी. एम. इंटरनेशनल स्कूल में शुक्रवार को जम्मू कश्मीर के पुलवामा हमले में शहीद हुए जवानों के लिए श्रद्धांजलि समारोह का आयोजन किया गया स्कूल निदेशक राधेश्याम जांगड़ा , प्रधानाचार्या पम्मी ठकराल व उप प्रधानाचार्या मीनाक्षी भतुर्वाल, अध्यापकों और विद्यार्थियों ने दो मिनट का मौन रखकर शहीदों को श्रद्धांजलि दी गई इसके बाद कक्षा आठवीं के छात्रा ने पुलवामा हमले पर भाव विभोर करने वाला भाषण दिया और कुछ छात्राओं द्वारा इस पर



एक अत्यंत सुंदर कविता प्रस्तुत की कविता अत्यंत हृदय स्पर्शी थी जिससे छात्राओं में देश प्रेम की भावना देखने को मिली'

अंत में प्रधानाचार्या ने बच्चों की प्रशंसा करते हुए और देश सेवा के प्रति अडिग रहने की शपथ दिलाई।

# मेधा कोर्सेस के लगभग 40 विद्यार्थियों को करवाया औद्योगिक दौरा

**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत, ( कमाल हुसैन )**
**जी.टी.** रोड स्थित आई.बी स्नातकोत्तर महाविद्यालय में प्लेसमेंट और करियर गाइडेंस इकाई एवं मेधा फाउंडेशन के संयुक्त तत्वावधान में मेधा कोर्सेस के लगभग 40 विद्यार्थियों को औद्योगिक दौरा करवाया गया । इस दौरे को प्रचार्या डॉ शशि प्रभा मलिक और प्लेसमेंट एवं करियर गाइडेंस इकाई की ऑफिसर डॉ. अर्पणा गर्ग, डॉ किरण मदान, प्रो. सोनिया, डॉ विक्रम कुमार एवं डॉ सुनीता ढांडा ने शुभकामनाओं के साथ हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस अवसर




पर महाविद्यालय की प्रचार्या डॉ शशि प्रभा मलिक ने कहा - हमारा उद्देश्य रहता है कि हम विद्यार्थियों को पढ़ाई के साथ-साथ रोजगार उन्मुख बनाएं , इसी क्रम में महाविद्यालय अपने विद्यार्थियों को भिन्न प्रकार के अवसर प्रदान करता रहा है। प्लेसमेंट एवं करियर गाइडेंस इकाई की ऑफिसर डॉ अर्पणा गर्ग ने कहा - प्रैक्टिकल एक्सपोजर विद्यार्थियों को अपने कैरियर के चुनाव में बहुत मदद करता हैं।

# गांव बड़ी में तीन घरों में चोरी

**गन्नौर ।** गांव बड़ी में बीती रात अज्ञात चोरों ने तीन घरों के ताले तोड़कर नकदी और कीमती सामान चोरी कर लिया। पीड़ित ने मामले की शिकायत थाना बड़ी में दी। शिकायत में पीड़ित सुधीर ने बताया कि 12 फरवरी 2025 की रात वह पशुवाड़े के पास सो रहा था। सुबह 4 बजे घर लौटा तो मुख्य दरवाजे और अलमारी के ताले टूटे मिले। चोर 16 हजार 800 रुपये नकद, चांदी के गहने, दो घड़ियां और चांदी की चेन ले गए। इसी रात पंकज जैन की दुकान और राजीव के घर भी ताले तोड़कर चोरी की गई। शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज कर अज्ञात चोरों की तलाश शुरू कर दी।

# वैचारिक क्रान्ति के अग्रदूत थे महर्षि दयानन्द सरस्वती

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**
**कुरुक्षेत्र :** महर्षि दयानन्द सरस्वती ने आर्यसमाज की स्थापना समाज और राष्ट्र के उत्थान हेतु की थी और उनकी शिक्षाएं आज भी सभी के लिए प्रेरणादायी हैं। अंधविश्वास और पाखण्ड की जंजीरों में जकड़े समाज को एक नई दिशा देने और विचारों में नई क्रान्ति का आगाज यदि किसी महापुरुष की ओजस्वी वाणी ने किया तो वे महर्षि दयानन्द ही थे। उक्त शब्द कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के हिन्दी विभाग द्वारा आर्य समाज स्थापना एवं सत्यार्थप्रकाश लेखन के 150 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में आयोजित एक समारोह को सम्बोधित करते



हुए गुरुकुल कुरुक्षेत्र के वरिष्ठ भजनोपदेशक महाशय जयपाल आर्य ने कहे। इस अवसर पर विश्वविद्यालय हिन्दी विभाग की अध्यक्षा श्रीमती डॉ. पुष्पा रानी, वेद प्रचारक विशाल आर्य सहित समारोह में विशेष रूप से आमंत्रित अनेक कालेज के प्रोफेसर और छात्र-छात्राएं मौजूद रहे।

महाशय जयपाल आर्य ने कहा कि महर्षि दयानन्द ने समाज से भेदभाव, ऊंच-नीच जैसी बुराइयों को दूर करने का भरसक प्रयास किया। महिलाओं को वेद पढ़ने-सुनने का अधिकार उन्हीं की देन हैं। उन्होंने ही समाज से बाल विवाह, सती प्रथा जैसी कुरीतियों को जडमूल से समाप्त कर महिलाओं को समाज में सम्मान दिलाया, ऐसे महापुरुष को हमें हमेशा स्मरण रखना चाहिए, साथ ही उनके अमर ग्रन्थ सत्यार्थ प्रकाश को अवश्य पढ़ना चाहिए। समारोह में उन्होंने गुजरात के राज्यपालश्री आचार्य देवव्रत जी एवं गुरुकुल कुरुक्षेत्र द्वारा चलाए जा रहे वेद प्रचार अभियान के बारे में भी विस्तृत चर्चा की और सभी महानुभावों से प्रकृति और देशी गाय को बचाने वाले महाभियान प्राकृतिक खेती मिशन से जुड़ने का आह्वान किया। समारोह में अन्त में संयोजक श्रीमती डॉ. पुष्पा रानी ने कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय की ओर से महाशय जयपाल आर्य व विशाल आर्य को सम्मानित भी किया।

# डीएलएसए द्वारा नैशनल लोक अदालत को लेकर हुआ बैठक




**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**
**कुरुक्षेत्र :** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव एवं सीजेएम नितिन राज ने कहा कि डीएलएसए द्वारा 8 मार्च को होने वाली नैशनल लोक अदालत को लेकर बैठक का आयोजन किया गया। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव एवं सीजेएम नितिन राज ने कहा कि इसके तहत सभी को नैशनल लोक अदालत संबधी दिशा निर्देश दिए और ज्यादा से ज्यादा केस लोक अदालत के माध्यम से सुलझाने के बारे में जानकारी दी गई। इस मौके पर पुलिस विभाग, रिवेन्यु विभाग, एलडीएम,नगर निकाय, बिजली विभाग ने भाग लिया।

# मलिक ने गोल्ड मेडलिस्ट शुभम को किया सम्मानित

**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत , ( कमाल हुसैन )**
38 वें राष्ट्रीय खेल 28 फरवरी से 14 फरवरी 2025 तक उत्तराखंड में आयोजित किए गए । खेलों का शुभारंभ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने किया तथा समापन समारोह गृहमंत्री अमित शाह ने किया।यह खेल भारत का सबसे बड़ा खेल उत्सव मेला है इसमें भारत के हर राज्य से तथा मिलिट्री , वायुसेना ,नौसेना , सिविल सर्विसेज , पुलिस विभाग एवं विश्वविद्यालयों से सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी भाग लेते हैं। इस बार करीब 10 हजार खिलाड़ियों ने भाग लिया। इन खेलों में वही खेल करवाए जाते हैं जो ओलंपिक लेवल पर आयोजित किए जाते हैं। यह भारत



सरकार का मान्यता प्राप्त खेल है । विजेता खिलाड़ियों को गोल्ड मेडल प्राप्त करने पर 7 लाख रुपए सिल्वर मेडल पर ?5 लाख तथा ब्रॉन्ज मेडल प्राप्त करने वाले खिलाड़ी को ?3 लाख की राशि इनाम के तोर पर प्रदान की जाती है।

अबकी बार डी ए वी स्कूल थर्मल पानीपत के 12वीं कक्षा के छात्र शुभम श्योराण का चयन हरियाणा राज्य की पटान्थलांन गेम में हुआ । डीएवी थर्मल के छात्र खिलाड़ी शुभम ने पटान्थलांन के तीन इवेंट लगातार किए जिनमें 3 किलोमीटर रनिंग , 200 मीटर तैराकी व 10-10 मीटर के 4 सूट शूटिंग के किए। शुभम ने नेशनल गेम्स में गोल्ड मेडल जीता । उसकी इस उपलब्धि पर डीएवी स्कूल में सम्मान समारोह कार्यक्रम आयोजित किया गया । जिसमें जिला तैराकी संघ के प्रधान सुखबीर मलिक ने शुभम को शॉल, नोटों की माला और नेशनल गेम्स की कैप पहनाकर सम्मानित किया ।

विंग सुपरवाइजर शिखीसिंगल , नीरु, नीलम अरोड़ा ने स्पोर्ट्स मोली से सम्मानित किया । और स्पोर्ट सुपर वाइजर विक्रम मान ने नोटों की मालाओं से सम्मानित किया। प्रिंसिपल मैडम रितु दिलबागी ने नेशनल गेम्स का गोल्ड मेडल शॉल और नोटों की माला पहनकर सम्मानित किया। तथा पूरे स्कूल स्टाफ ने शुभम का फूल मालाओं से भव्य स्वागत किया । एन आई एस कोच प्रवीण कादयान ने बताया कि स्कूल में पढने वाले छात्र शुभम की जिला राज्य व ऑल इण्डिया डीएवी स्कूल्स में पहली उपलब्धि है। इस अवसर पर जिला जिला तैराकी संघ के प्रधान सुखबीर मलिक ने बताया कि पढ़ाई के साथ-साथ खेल भी जरूरी है जिससे शरीर दिमाक दोनों का विकास होता है। प्रधानाचार्या रितु दिलबागी ने बच्चों को प्रेरित करते हुए कहा कि खेल हों या पढ़ाई किसी भी फील्ड में मेहनत से सब कुछ मिलता है बिना परिश्रम के कुछ नहीं मिलता।

# रैम्प व थडो को तोडने का काम शुरू किया तो झेलना पड़ा विरोध

**टीम एक्शन इंडिया**
**समालखा,13 फरवरी ( कुलदीप सिंह )**
समालखा नगर पालिका द्वारा शहर मे पानी निकासी के लिए नालियो की जगह एनपी 3 साइज के पाइप डालने का काम शुरू कर दिया है। इसके लिए वीरवार को पालिका ठेकेदार द्वारा माडल टाऊन मे मकानो के आगे बनाये गए रैम्प व थडो को तोडने का काम शुरू किया तो लोगो का हल्का विरोध भी झेलना पडा।



उल्लेखनीय है कि नगर पालिका द्वारा शहर के माडल टाऊन के गंदे पानी की निकासी के लिए रघुनाथ मंदिर से लेकर समाज सेवा समिति के नाले तक का टैंडर लगाया गया है। इस 33 लाख रुपए के टैंडर के तहत नालियो की जगह एनपी 3 साइज के पाइप डालने की योजना है।पालिका ठेकेदार ने आज पाइप डालने के लिए जब मकानो व दुकानो के आगे बनाये गए रैम्प व थडो को तोडना शुरू किया तो स्थानीय लोगो ने रैम्प व सीडिया तोडने का विरोध किया। मामला बिगडते देख पालिका सचिव मनीष शर्मा,एम ई राजकुमार व जेई मौके पर पहुंचे ओर लोगो के गुस्से को शांत किया।

# पुलवामा हमले में शहीद हुए वीर सपूतों को दी श्रद्धांजलि





**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** कैम्स कॉन्वेंट स्कूल कुशक नम्बर-2 में प्रधानाचार्या सोनिया सैनी ने स्कूल स्टाफ व स्कूली छात्र-छात्राओं के साथ 2019 पुलवामा हमले में शहीद हुए भारत माँ के वीर सपूतो को याद किया व भावभीनी श्रद्धांजलि दी। स्कूल के चेयरमैन खेमचंद सैनी, मैनेजर रोहित कुमार सैनी, प्रधानाचार्या सोनिया सैनी ने कहा कि 14 फरवरी 2019 में हमारे भारत के वीर सपूत देश रक्षा करते करते अपनी जान देकर शहीद हो गए। उन्होंने शहीदों को याद करते हुए कहा कि हमारी सेना बार्डर पर रहकर दिन-रात हमारी व देश की रक्षा करती है। आज हम अपने शहीद जवानों को नमन करते हुए भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित करते हैं। उन्होंने बच्चों से कहा कि सभी को हमेशा ही देशहित में कार्य करना चाहिए, क्योंकि सबसे पहले देश है उसके बाद ही कुछ और होता है, इसलिए सभी देशहित में कार्य करें।

# मुख्यमंत्री उम्मीदवार के चयन में देरी क्यों: देवेन्द्र यादव



**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** दिल्ली प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष देवेंद्र यादव ने कहा कि दिल्ली में चुनाव परिणाम आने के एक सप्ताह के बाद तक भी भाजपा का दिल्ली के मुख्यमंत्री का चयन नहीं कर पाना इनकी आपसी फूट को उजागर करता है। 8 तारीख के बाद जिस तरह भाजपा का हर तीसरा विधायक मुख्यमंत्री पद का दावा कर रहा है, उसमें कहीं न कहीं 1993 की भाजपा की दिल्ली सरकार का इतिहास दिखाई दे रहा है जब एक ही कार्यकाल में 3 मुख्यमंत्री बदल गए थे। श्री यादव ने कहा भाजपा एक विचारहीन पार्टी है जिसके नेता कभी एकमत नहीं रहे जबकि हमने दिल्ली में 15 वर्ष एक ही नेतृत्व में शीला दीक्षित के मुख्यमंत्रित्व में सरकार चलाई थी।

देवेन्द्र यादव ने कहा कि दिल्ली में पूर्ण बहुमत के बाद क्या भाजपा वर्तमान चुनौतियों का सामना करने के लिए तैयार है? क्योंकि भाजपा की केन्द्र सरकार ने लोगों से किए वादे काले धन वापस लाने, 15 लाख खाते में आने, 2 करोड़ नौकरियां प्रतिवर्ष देने और महंगाई पर नियंत्रण पाने में पूरी तरह से अब तक विफल रही है।

# मणिपुर में राष्ट्रपति शासन पर वाम दलों ने भाजपा को घेरा

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली। मणिपुर** में राष्ट्रपति शासन लगाए जाने पर वाम दलों ने भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की आलोचना की है। उन्होंने कहा कि केंद्र और राज्य (दोनों जगह) में डबल इंजन वाली सरकार फेल हो गई है। भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी (सीपीआई) के महासचिव डी राजा ने आज यहां पत्रकारों से कहा कि मणिपुर में राष्ट्रपति शासन लागू किए जाने से पता चलता है कि भाजपा का तथाकथित "डबल इंजन" वाला दृष्टिकोण स्पष्ट रूप से फेल हो गया है। वह स्थिति के घोर कुप्रबंधन के बावजूद सत्ता में बने रहने के लिए हर तरह के उपायों का सहारा ले रही है। इस निर्णय में भाजपा की संसदीय लोकतंत्र के प्रति उपेक्षा साफ दिखाई देती है, जिसकी घोषणा संसद के



स्थगित होने के दिन ही कर दी गई। यह स्पष्ट रूप से संसदीय जांच से बचने के लिए है, जो हमारे लोकतंत्र के प्रमुख सिद्धांतों में से एक है। उन्होंने कहा कि मणिपुर में संकट के बावजूद प्रधानमंत्री एक बार भी राज्य का दौरा करने में विफल रहे। जब यह राज्य में राष्ट्रपति शासन लगाने के निर्णय की घोषणा की गई, तब वे देश से बाहर थे। राष्ट्रीय सुरक्षा पर भाजपा के खोखले दावों की कलई मणिपुर में खुल गई है। लगभग दो वर्षों तक सरकार की अनिर्णायकता से सैकड़ों लोगों की जान चली गई और हजारों लोग विस्थापित हो गए। डबल इंजन की

**साधा निशाना**


**मणिपुर में राष्ट्रपति शासन लागू किए जाने से पता चलता है कि भाजपा का तथाकथित "डबल इंजन" वाला दृष्टिकोण फेल हो गया**

सरकार को इसका जवाब देना होगा। डी राजा ने कहा कि अब समय आ गया है कि भाजपा इस मुद्दे पर खुलकर सामने आए और राज्य में वास्तविक शांति और सुलह को बढ़ावा देने के लिए सभी हितधारकों के साथ मिलकर काम करे। हम मांग करते हैं कि भाजपा सरकार राज्य में राजनीतिक दलों और ताकतों को विश्वास में ले और अलोकतांत्रिक तरीकों से सत्ता में बने रहने की बजाय संकट के मूल कारण को दूर करने का प्रयास करे। उन्होंने कहा कि सीपीआई मांग करती है कि मणिपुर में राष्ट्रपति शासन का इस्तेमाल राज्य के दर्जे को कम करने, मानवाधिकारों का उल्लंघन करने या लोकतांत्रिक मानदंडों पर अंकुश लगाने के लिए नहीं किया जाना चाहिए।

विधानसभा को निलंबित अवस्था में रखना कोई राजनीतिक तर्क और समझदारी नहीं है, लोगों से नया जनादेश मांगना बेहतर है। भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी (मार्क्सवादी) की नेता बृंदा करात ने कहा कि यह केंद्र और राज्य दोनों जगह डबल इंजन वाली सरकार के पूर्ण विफलता को दर्शाता है। यह मणिपुर के हित में नहीं है।

# वंचित और पीड़ितों के हक के साथ लोकतंत्र के मूल्यों की रक्षा करना महत्वपूर्ण: भारद्वाज

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** कर्तव्य पथ पर हमारे लिए हार या जीत महत्वपूर्ण नहीं बल्कि शोषित, वंचित और पीड़ितों के हक के साथ-साथ लोकतंत्र के मूल्यों की रक्षा करना महत्वपूर्ण है, यह कहना है करावल नगर जिला कांग्रेस अध्यक्ष आदेश भारद्वाज का। अभी हाल ही में दिल्ली विधानसभा चुनावों में हार का सामना करने वाली कांग्रेस का शीर्ष नेतृत्व नहीं चाहता कि उनके कार्यकर्ताओं पर लगातार हार का कोई नकारात्मक प्रभाव पड़े। इसी विषय पर आदेश भारद्वाज ने भी अपने कार्यकर्ताओं को फिर से एकजुट होकर पार्टी संगठन से जुड़े कार्यों में जुट जाने का संदेश देते हुए कहा कि कांग्रेस



हमेशा से आम जनता के मुद्दों को उठाती आई है और अबकी बार हम पहले से भी ज्यादा आक्रामकता और मुखरता के साथ जनहित के मुद्दों पर सरकार को घेरने का काम करेंगे। पहले भी केजरीवाल सरकार के खिलाफ हमने ही शराब घोटाले, डीटीसी घोटाले और शीशमहल जैसे मुद्दों को भाजपा से पहले उठाया था। आदेश भारद्वाज ने सभी मतदाताओं और कार्यकर्ताओं का धन्यवाद करते हुए कहा कि "विचारधाराओं की लड़ाई में हम कभी हारते नहीं है, वहां या तो हम जीतते हैं या सीखते हैं।" हम अपनी गलतियों से सबक लेकर आगे बढ़ेंगे और फिर से लोगो के बीच रहकर उनकी आवाज बनेंगे। कांग्रेस गांधीवादी विचारधारा से चलने वाली पार्टी है इसलिए हम सत्य और अहिंसा के मार्ग पर चलकर अपनी बात लोगो तक और लोगों की बात सत्ता तक पहुंचाने का काम करेंगे।

# आईपी में भू-सूचना विज्ञान के नए पाठ्यक्रम शुरू

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली।** गुरु गोबिंद सिंह इंद्रप्रस्थ विश्वविद्यालय (जीजीएसआईपीयू) ने नए सत्र से अपने मौजूदा पाठ्यक्रमों में कुछ नए विषय जोड़े हैं। विश्वविद्यालय के स्कूल ऑफ लिबरल आर्ट्स ने राष्ट्रीय शिक्षा नीति के तहत अपने पांच वर्षीय बीए-एमए लिबरल आर्ट्स कार्यक्रम में इतिहास, राजनीति विज्ञान और समाजशास्त्र के अलावा मनोविज्ञान को चौथे प्रमुख विषय के रूप में शामिल किया है। विश्वविद्यालय की तरफ से शुक्रवार को बताया गया कि समाज में मानसिक स्वास्थ्य और कल्याण की बढ़ती जरूरतों को ध्यान में रखते हुए यह निर्णय लिया



गया है। यह पाठ्यक्रम विद्यार्थियों को मानव व्यवहार की जटिलताओं को समझने में सक्षम बनाएगा और उन्हें विभिन्न सामाजिक, राजनीतिक, आर्थिक और सांस्कृतिक मुद्दों का व्यापक विश्लेषण करने के लिए आवश्यक सैद्धांतिक और विश्लेषणात्मक सहायता प्रदान करेगा। यूनिवर्सिटी स्कूल ऑफ एन्वायरनमेंट मैनेजमेंट ने 2025-26 शैक्षणिक सत्र से अनुप्रयुक्त भू-सूचनाविज्ञान में दो वर्षीय परास्नातक (पीजी) कार्यक्रम शुरू किया है।

# जीटीबीआईटी राजौरी गार्डन में दो दिवसीय खेल मेला 2025 का आयोजन

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** गुरु तेग बहादुर इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी ने अपनी बहुप्रतीक्षित दो दिवसीय खेल मेला सफलतापूर्वक आयोजित किया। जिसमें छात्रों, शिक्षकों और खेल प्रेमियों ने एक साथ मिलकर खेल प्रतिभा, टीम वर्क और खेल भावना का उत्सव मनाया। यह कार्यक्रम खाटू श्याम स्टेडियम में आयोजित किया गया, जहां विभिन्न खेलों में रिकॉर्ड भागीदारी देखी गई, जो संस्थान की समग्र छात्र विकास के प्रति प्रतिबद्धता को उजागर करता है। कालेज की डायरेक्टर रमिन्दर कौर रन्धावा ने बताया कि खेल मेला दिल्ली सिख गुरुद्वारा प्रबन्धक कमेटी के अध्यक्ष हरमीत सिंह कालका एवं महासचिव जगदीप सिंह काहलो के पूर्ण सहयोग से करवाया गया। जिसके उद्घाटन समारोह में कमेटी के उपाध्यक्ष आत्मा सिंह लुबाणा, सदस्य महेन्द्रपाल सिंह




चड्डा, हरजीत सिंह पप्पा, भूपिन्दर सिंह गिन्नी, रमनदीप सिंह थापर, समारटी चड्डा आदि ने भाग लेकर कार्यक्रम की षोभा बढ़ाई। उद्घाटन समारोह के बाद ध्वजारोहण, राष्ट्रीय ध्वजगान और त्रि-रंगीय गुब्बारों के विमोचन के साथ कार्यक्रम की शुरूआत की गई। इसके बाद, प्रतियोगिता और परिश्रम की भावना का प्रतीक, रचनात्मक रूप से जलाया गया आधिकारिक मशाल ने सभी को प्रेरित किया। उनकी प्रेरणादायक भाषणों ने खेलों के महत्व पर जोर दिया, खासकर नेतृत्व, दृढ़ता और स्वस्थ जीवनशैली के लिए। शपथ ग्रहण समारोह के बाद, एक शानदार भांगड़ा प्रदर्शन हुआ, जिसमें सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। यह महिलाओं के सशक्तिकरण और टीमवर्क का भी सुंदर प्रदर्शन था।

खेल मेला के समापन में एक भव्य पुरस्कार वितरण समारोह हुआ, जहां विजेताओं को पदक और ट्रॉफी से सम्मानित किया गया। निदेशक डॉ. रोमिंदर कौर रंधावा ने सभी प्रतिभागियों को बधाई दी और छात्रों को खेलों को अपनी दैनिक जीवनशैली में शामिल करने के लिए प्रोत्साहित किया।

उन्होंने खेल समन्वयक डॉ. मनीषा मित्तल और आयोजन समिति के अन्य सदस्य, डॉ. सिम्मी सिंह, डॉ. पीके वीरमानी और श्री हरविंदर सिंह को उनके प्रयासों के लिए सराहा। समारोह के बाद एक शानदार भांगड़ा प्रदर्शन हुआ, जिसमें हरविंदर सिंह के साथ स्टाफ ने कदम मिलाए, जिससे खुशी और अच्छे स्वास्थ्य की भावना को फिर से बल मिला।

# भारत का टेक्सटाइल सेक्टर वैश्विक मंच पर नया इतिहास रचने को तैयार : गिरिराज

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली।** केंद्रीय कपड़ा मंत्री गिरिराज सिंह ने कहा कि भारत का टेक्सटाइल सेक्टर वैश्विक मंच पर नया इतिहास रचने को तैयार है। यह एक्सपो ट्रेड, इनोवेशन और रोजगार के अपार अवसर लेकर आया है। गिरिराज सिंह ने शुक्रवार को नई दिल्?ली के भारत मंडपम में आयोजित भारत टेक्स 2025 के उद्घाटन के अवसर पर अपने संबोधन में यह बात कही। कपड़ा मंत्रालय ने जारी एक बयान में कहा कि दुनिया के सबसे बड़े टेक्सटाइल एक्सपो में से एक भारत टेक्स 2025 की शुरूआत हो गई है। केंद्रीय कपड़ा मंत्री सिंह ने भारत मंडपम में आयोजित इस कार्यक्रम का दीप प्रज्ज्वलन कर शुभारंभ किया। भारत टेक्स 2025 की थीम: लचीली वैश्विक मूल्य शृंखलाएं और कपड़ा स्थिरता है। 14 से 17 फरवरी तक चलने वाले इस कार्यक्रम में 70 से




अधिक सम्मेलन सत्र आयोजित किए जाएंगे। कपड़ा मंत्रालय ने कहा कि नई दिल्ली में आयोजित भारत टेक्स 2025 में संपूर्ण कपड़ा मूल्य श्रृंखला का प्रदर्शन किया जाएगा। इस सम्?मेलन में भारत के कपड़ा पारिस्थितिकी तंत्र का व्यापक प्रदर्शन किया गया है, जिसमें कच्चे माल और रेशों से लेकर तैयार उत्पाद, तकनीकी वस्त्र, घरेलू साज-सज्जा और उच्च-स्तरीय फैशन तक सब कुछ शामिल

**टिकाऊ फैशन**

**वैश्विक व्यापार बदलाव, तकनीकी वस्त्र, एआई-संचालित विनिर्माण और टिकाऊ फैशन के भविष्य जैसे प्रमुख विषयों पर चर्चा करेंगे**

है। यह कार्यक्रम 120 देशों के 5,000 से अधिक प्रदर्शकों के साथ वैश्विक कपड़ा स्थिरता और व्यापार पर केंद्रित है। भारत टेक्स 2025 ने वैश्विक कपड़ा दिग्गजों, ब्रांडों और उद्योग निकायों की भागीदारी को आकर्षित किया है। मंत्रालय ने कहा कि 14 से 17 फरवरी तक चलने वाले इस कार्यक्रम का आयोजन 12 टेक्सटाइल एक्सपोर्ट प्रमोशन काउंसिल के संघ द्वारा किया गया है।

इसे कपड़ा मंत्रालय का समर्थन प्राप्त है। इस कार्यक्रम में कच्चे माल से लेकर हाई-एंड फैशन तक, टेक्सटाइल उद्योग की पूरी श्रृंखला को प्रदर्शित किया जाएगा। इसके अलावा सहायक उपकरण, परिधान मशीनरी, रंग और रसायन तथा हस्तशिल्प जैसी संबंधित प्रदर्शनियां 12 से 15 फरवरी तक इंडिया एक्सपो सेंटर और मार्ट ग्रेटर नोएडा में आयोजित की जा रही हैं।

भारत टेक्स 2025 दुनिया के सबसे बड़े टेक्सटाइल एक्सपो में से एक है। इस सम्मेलन में फैशन शो और इ2इ बैठकें शामिल हैं, जो वैश्विक कपड़ा उद्योग में एक प्रमुख खिलाड़ी के रूप में भारत की भूमिका को उजागर करती हैं। इसमें शीर्ष अंतरराष्ट्रीय वक्ता, उद्योग के दिग्गज और नीति निमार्ता वैश्विक व्यापार बदलाव, तकनीकी वस्त्र, एआई-संचालित विनिर्माण और टिकाऊ फैशन के भविष्य जैसे प्रमुख विषयों पर चर्चा करेंगे।

# हत्या की गुत्थी सुलझी, चार आरोपित गिरफ्तार

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली।** द्वारका जिले के बिंदापुर इलाके में संपत्ति विवाद में भाई की गोली मारकर हत्या करने के मामले में पुलिस ने चार आरोपितों को गिरफ्तार किया है। डीसीपी अंकित सिंह के अनुसार पकड़े गए आरोपितों की पहचान मरने वाले का भाई मटियाल गांव निवासी रविंदर कुमार (41), सतेंद्र (44), जाहिद (26) और अवनीश (23) के रूप में हुई है। यह तीनों गाजियाबाद के रहने वाले हैं। पुलिस ने आरोपितों के पास से अपराध में इस्तेमाल दो देसी कट्टे, 04 जिंदा कारतूस और 01 खाली कारतूस बरामद किया गया। इसके अलावा एक हुंडई एक्सेंट कार भी बरामद की गई। डीसीपी ने बताया 10 फरवरी की रात



10 बजे पुलिस को सूचना मिली कि उत्तम नगर इलाके में एक युवक को कुछ लोगों ने गोली मार दी है। मौके पर पहुंची पुलिस ने घायल को तुरंत नजदीकी अस्पताल पहुंचाया। जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। क्राइम व फोरेंसिक टीम ने मौके पर पहुंचकर साक्ष्य जुटाए। मृतक की पहचान धरमिंदर दलाल के रूप में हुई है। मृतक के सिर में गोली मारी गई थी।

# सुप्रीम कोर्ट ने बर्खास्त ट्रेनी की अंतरिम जमानत अगले आदेश तक बढ़ाई

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने महाराष्ट्र की बर्खास्त ट्रेनी आईएएस पूजा खेडकर को राहत दी है। सुप्रीम कोर्ट ने पूजा खेडकर को मिली अंतरिम जमानत अगले आदेश तक बढ़ा दी है। जस्टिस बीवी नागरत्ना की अध्यक्षता वाली बेंच ने मामले की अगली सुनवाई 18 मार्च को करने का आदेश दिया। शुक्रवार को सुनवाई के दौरान एएसजी एसवी राजू ने जवाब दाखिल करने के लिए समय देने की मांग की, जिसके बाद कोर्ट ने तीन हफ्ते में जवाब दाखिल करने का निर्देश दिया। कोर्ट ने पूजा खेडकर को जांच में



सहयोग करने का निर्देश दिया। 15 जनवरी को कोर्ट ने दिल्ली सरकार और यूपीएससी को नोटिस जारी किया था। पूजा खेडकर ने दिल्ली हाई कोर्ट से 23 दिसंबर को अग्रिम जमानत याचिका खारिज करने के आदेश को सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दी है। हाई कोर्ट ने कहा था कि प्रथमदृष्टया यूपीएससी के साथ फजीवाड़े का आरोप सही प्रतीत होता है। हाई कोर्ट ने कहा कि पूजा खेडकर दिव्यांग और ओबीसी कैटेगरी में लाभ की हकदार नहीं हैं। प्रोबेशन के दौरान अवैध मांग करने को लेकर विवादों में घिर गई थीं। कलेक्टर सुहास दिवासे ने खेडकर के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई थी। विवाद बढ़ने के बाद पूजा खेडकर पर महाराष्ट्र सरकार ने कार्रवाई करते हुए उनकी ट्रेनिंग पर रोक लगा दिया था और पूजा खेडकर को फील्ड पोस्टिंग से हटाकर मसूरी स्थित लाल बहादुर शास्त्री राष्ट्रीय प्रशासन अकादमी में रिपोर्ट करने का आदेश दिया गया लेकिन वो तय समय पर एलबीएसएनएए नहीं पहुंचीं।

# कॉलेज में अंतर्राष्ट्रीय मातृभाषा दिवस पर कार्यक्रम का हुआ आयोजन

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** दिल्ली सिख गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के पंजाबी भाषा विभाग द्वारा अंतर्राष्ट्रीय मातृभाषा दिवस को समर्पित कार्यक्रम 'विहड़ा शगना दा' का आयोजन माता सुंदरी कॉलेज में किया गया। इस कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कमेटी के प्रधान सरदार हरमीत सिंह कालका और जनरल सैकेट्री सरदार जगदीप सिंह काहलो ने इस कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए पंजाबी भाषा विभाग के चेयरमैन हरदित सिंह, वाइस चेयरमैन राजिंदर सिंह, माता सुंदरी कॉलेज के प्रिंसिपल हरप्रीत कौर और स्टाफ, गुरु हरिकृष्ण पब्लिक स्कूलों के प्रिंसिपल और स्टाफ को बधाई दी जिन्होंने इस शानदार कार्यक्रम का आयोजन



करके बच्चों को उनके पुरातन विरसे से जोड़ने का काम किया। सरदार कालका और सरदार काहलो ने कहा कि यह बहुत खुशी की बात है कि पंजाबी भाषा विभाग हर साल अंतर्राष्ट्रीय मातृभाषा दिवस को समर्पित कार्यक्रम आयोजित करके बच्चों को उनके पुरातन विरसे से जोड़ने का कार्य कर रहा है। उन्होंने कहा कि आज के समय की सबसे बड़ी आवश्यकता है कि हम बच्चों को अपने गौरवमयी इतिहास, अमीर सभ्यता और विरसे से जोड़ें। उन्होंने कहा कि शगन वही कौमें मनाती हैं जो परमात्मा से जुड़ी होती हैं। उन्होंने बताया कि आज के समय में शगनों का महत्व बच्चों को नहीं पता क्योंकि ये घरों से गायब होते जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि छोटे परिवारों के युग में चाचें, ताएं, भुआं, फुफड़े, मासी, माशर जैसे रिश्ते खत्म होते जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि आज नई विचारधारा अपनाते हुए हमारी कौम अपने पुरातन विरसे को भूलती जा रही है। उन्होंने कहा कि आज का कार्यक्रम बहुत ही सराहनीय है, जिससे हमारे बच्चे अपने विरसे से जुड़ रहे हैं। उन्होंने कहा कि पहले माहौल ऐसा था कि बच्चे अपने बुजुर्गों द्वारा लिए गए फैसलों पर फूल चढ़ाते थे, अब घरों से रिश्ते खत्म हो रहे हैं। उन्होंने कहा कि हमें आधुनिक कल्चर से बाहर निकलकर अपने पुरातन विरसे से जुड़ना चाहिए। उन्होंने कहा कि बेटियों को मुख्य रूप से ध्यान में रखते हुए यह कार्यक्रम आयोजित किया गया, यह बहुत ही सराहनीय है।

# हर तहसील में 25 बड़ी आरसी की एसडीएम करेंगे कराएंगे वसूली

## समीक्षा बैठक में डीएम ने कहा बकाया वसूली में एसडीएम व तहसीलदार

**टीम एक्शन इंडिया**

**मथुरा: डीएम** चंद्र प्रकाश सिंह ने कर करेत्तर एवं राजस्व प्रशासन कार्य, वादों, आईजीआरएस संदर्भ की समीक्षा की। कलेक्ट्रेट सभागार में हुई बैठक के दौरान कहा कि मुख्य देय वसूली में एसडीएम व तहसीलदार रुचि लें। उन्होंने कहा कि तहसील की बड़ी 25 आरसी का मिलान ज्वाइंट रूप से किया जाए। जिलाधिकारी ने कर करेत्तर एवं राजस्व कार्यों की समीक्षा के दौरान अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि जनपद में विभिन्न विभागों को शासन द्वारा प्रदत्त वसूली लक्ष्य के सापेक्ष प्रगति में तेजी लाएं। वित्तीय वर्ष समाप्ति को लगभग एक माह से कुछ अधिक का समय शेष है। सभी विभाग प्लानिंग करते हुए प्रवर्तन



कार्यों में तेजी लाएं ताकि वार्षिक वसूली लक्ष्य को शत प्रतिशत पूर्ण किया जा सके। आरसी से संबंधित विभागों के अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि आरसी जारी करते समय पोर्टल पर सही से मिलान कर लिया जाए। ऑनलाइन आरसी जारी करने के बाद समय से आरसी की कॉपी उपलब्ध करा दें, जिससे आरसी की वसूली समय से सुनिश्चित कराई जा सके। प्रवर्तन कार्यों की समीक्षा करते हुए उन्होंने विभाग द्वारा किए जा रहे कार्यों में और प्रगति लाए जाने के निर्देश दिए। आबकारी अधिकारी को निर्देश दिए कि अन्य

**समीक्षा**

**बैठक में विभिन्न राजस्व धाराओं में दायर वादों के समय से निस्तारण किए जाने की भी समीक्षा की गई**

प्रदेशों से प्राप्त आरसी का समय से निस्तारण कराया जाए। बैठक में विभिन्न राजस्व धाराओं में दायर वादों के समय से निस्तारण किए जाने की भी समीक्षा की गई। समीक्षा में निर्देशित किया गया कि पुराने वादों को मेरिट के आधार पर समय से निस्तारित करें। सभी उप जिलाधिकारी अपने अपने नगर पंचायतों में निरीक्षण के लिए निकलें और ईओ से समन्वय स्थापित करते हुए साफ सफाई कराना सुनिश्चित करवाएं। बैठक में अपर जिलाधिकारी प्रशासन विजय शंकर दुबे, अपर जिलाधिकारी नमामि गंगे राजेश कुमार, अपर जिलाधिकारी न्यायिक सुरेंद्र कुमार, अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व योगानंद पांडेय, नगर मजिस्ट्रेट राकेश कुमार सहित सभी उप जिलाधिकारी, तहसीलदार आदि मौजूद रहे। **खाली कराई जाएंगे चारागाह की जमीनः** चारागाह की जमीनों को खाली कराएं। निराश्रित गौवंशों को पकड़ कर गौशाला में पहुंचाएं और हर गांव में साफ सफाई होनी चाहिए। फॉर्मर रजिस्ट्री में प्रगति लाएं। होली की व्यवस्था को लेकर अपने अपने सीओ के साथ निरीक्षण कर लें।

# कागजों में मृत किसान को जिलाधिकारी ने किया जिंदा

**लोकेश चौधरी**

**मथुरा।** 39 वर्ष पहले लेखपाल द्वारा कागजों में मृत दर्शाए गए 70 वर्षीय किसान को डीएम चंद्र प्रकाश सिंह ने तीन दिन में जिंदा करवा दिया। सोमवार को किसान ने डीएम से जिंदा करवाए जाने की गुहार लगाई और गुरुवार को उसे न्याय मिल गया। किसान पिछले चार दशक से तहसील के चक्कर काट रहा था। दोषी लेखपाल के खिलाफ भी कार्रवाई की जा रही है। सोमवार को डीएम सदर तहसील के निरीक्षण को पहुंचे। वहां सुखराम निवासी फैंचरी डीएम के पैरों में गिर पड़े। गुहार लगाई कि उसे पांच अक्टूबर 1986 को हल्का लेखपाल ने मृत दर्शा दिया है। उसकी मौजा सकना की भूमि किसी खजान सिंह निवासी नगला तुंदला हाथरस के नाम कर दी है। बुजुर्ग की समस्या सुन डीएम भी चौंक गए।



उन्होंने इसकी जांच तहसीलदार सौरभ यादव को सौंपते हुए जल्द समाधान करने के सख्त निर्देश दिए। जांच में वह जीवित पाए गए। तहसीलदार ने न्यायालय से त्रुटिपूर्ण विरासत को निरस्त कर सुखराम का नाम खतौनी में दर्ज कराया। कल तक जो किसान तहसील सदर के चक्कर काट रहा था, गुरुवार को तहसीलदार उसके गांव फैंचरी पहुंचे और उसे खतौनी सौंपी। सुखराम व उसके परिजन डीएम की सराहना करते नहीं थक रहे हैं।

उधर, सुखराम की गलत विरासत करने के दोषी लेखपाल रितेश के विरुद्ध विभागीय कार्रवाई की संस्तुति करते हुए प्राथमिकी दर्ज कराने के लिए नोटिस दिया गया है।

## संक्षिप्त खबरें

### नारायण सेवा संस्थान का राजधानी में नारायण आर्टिफिशियल लिम्ब कैम्प 16 फरवरी को



**नई दिल्ली।** उदयपुर राजस्थान का प्रतिष्ठित एवं राष्ट्रीय पुरस्कार प्राप्त एनजीओ नारायण सेवा संस्थान द्वारा दिल्ली में दिव्यांगों के कल्याणार्थ विशाल नि:शुल्क शिविर का आयोजन रविवार 16 फरवरी को दिल्ली के गोल्डन क्राउन, जापानीज पार्क, सेक्टर-12, रोहिणी में आयोजित होगा।

संस्थान के ट्रस्टी एवं निदेशक देवेंद्र चौबिसा ने बताया कि ऐसे लोग जिन्होंने किसी हादसे में या अन्य बीमारी के चलते अपना हाथ-पैर गंवा देने से अंगविहिन हुए है, उन्हें दिव्यांगता की दु:खभरी जिन्दगी से निकालने के लिए संस्थान निस्वार्थ भाव से प्रतिबद्ध है। पद्मश्री अलंकृत संस्थापक कैलाश मानव जी की प्रेरणा से संस्थान विगत 40 वर्षों से संस्थान मानवता और दिव्यांगता के क्षेत्र में सेवारत है। दिल्ली के दिव्यांगजनों को मदद पहुंचाने के संकल्प से विशाल नि:शुल्क दिव्यांगता निवारण ऑपरेशन चयन एवं नारायण लिम्ब मैजरमेंट शिविर दिल्ली के गोल्डन क्राउन, जापानीज पार्क, सेक्टर-12, रोहिणी में रविवार 16 फरवरी को प्रात: 8 बजे से सांय 5 बजे तक चलेगा। प्रेस कांफ्रेंस में ट्रस्टी चौबिसा ने बताया कि नारायण सेवा संस्थान का यह फ्री कैम्प विशेष है। इसमें दिव्यांग बन्धुओं को संस्थान के अनुभवी एवं विशेषज्ञ ऑर्थोटिस्ट एवं प्रॉस्थेटिक डॉक्टर्स टीम द्वारा देखा जाएगा और टीम द्वारा उच्च गुणवत्ता युक्त और वजन में हल्के व टिकाऊ नारायण लिम्ब के लिए व्यवस्थित कास्टिंग कर लिम्ब का माप लिया जायेगा। इन दिव्यांगों को संस्थान लगभग दो माह बाद इनके मेजरमेन्ट के अनुसार मॉड्यूलर कृत्रिम अंग वितरण शिविर आयोजित कर नि:शुल्क फिटमेंट करेगा। शिविर एवं दिल्ली आश्रम प्रभारी जतन सिंह भाटी ने बताया कि इस शिविर में आने वाले रोगियों - परिजनों को नि:शुल्क भोजन, चाय अल्पाहार दिया जाएगा। शिविर के लिए संस्थान पदाधिकारियों ने दिल्ली के सम्मानित व्यक्तियों और मंत्रियों को आमन्त्रित किया है। रिलो पावर इंडिया प्राइवेट लिमिटेड सीएसआर के तहत शिविर सहयोगी के रूप में जुड़ा है। संस्थान के मीडिया एवं जनसंपर्क निदेशक भगवान प्रसाद गौड़ ने दिव्यांगों से अपील करते हुए कहा इस शिविर में भाग लेने के इच्छुक दिव्यांग स्वयं का आधार कार्ड, डिसेबिलिटी प्रमाण पत्र और दिव्यांगता दिखाते हुए 2 फोटो लेकर आए। शिविर संबंधी अधिक जानकारी के लिए संस्थान हेल्पलाइन नम्बर 70235-09999 पर संपर्क करें। प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान ट्रस्टी चौबिसा, निदेशक गौड़ एवं प्रभारी भाटी ने शिविर का पोस्टर जारी किया। नारायण सेवा संस्थान 1985 से नर सेवा-नारायण सेवा की भावना से काम कर रहा है। संस्थापक कैलाश मानव को राष्ट्रपति महोदय ने मानव सेवा के लिए पद्मश्री पुरस्कार से नवाजा है। संस्थान के अध्यक्ष प्रशान्त अग्रवाल दिव्यांगों के लिए मेडिकल, शिक्षा, कौशल विकास और खेल अकादमी के माध्यम से मानसिक,शारीरिक एवं आर्थिक दृष्टि से मजबूत कर लाखों दिव्यांगों को समाज की मुख्यधारा में ला चुके है। वर्ष 2023 में अग्रवाल को राष्ट्रपति पुरस्कार से सम्मानित किया गया है। संस्थान अब तक 40 हजार से अधिक कृत्रिम अंग लगा चुका है। संस्थान अब दिल्ली के दिव्यांगों को नि:शुल्क कृत्रिम अंग प्रदान कर उनकी रुकी जिन्दगी को फिर से शुरू करने के लिए बड़े स्तर पर काम करेगा।

### एचएमएसआई ने नई 2025 शाइन 125 लॉन्च की

करनाल। हौंडा मोटरसाइकल एंड स्कूटर इंडिया ने आज ओबीडी2बी मानकों के अनुरूप नई शाइन 125 को लॉन्च करने की घोषणा की। इसे नए रंगों और एडवांस फीचर्स के साथ अपडेट किया गया है, ताकि राइडर्स को पहले से बेहतर अनुभव मिल सके। 2025 हौंडा शाइन 125 की कीमत (एक्स-शोरूम, दिल्ली) 84,493 रुपए से शुरू होती है। नई शाइन 125 को पेश करते हुए, हौंडा मोटरसाइकल एंड स्कूटर इंडिया के प्रबंध निदेशक, प्रेसिडेंट और सीईओ सुत्सुमु ओटानी ने कहा, हमें OBD2B-कम्प्लाएंट शाइन 125 लॉन्च करते हुए बेहद खुशी हो रही है। वर्ष 2006 में लॉन्च होने के बाद से ही शाइन अपने सेगमेंट की सबसे पसंदीदा मोटरसाइकल बनी हुई है और लाखों भारतीय ग्राहकों का भरोसा जीत चुकी है। बीते वर्षों में इसने परफॉर्मेंस, कंफर्ट और भरोसेमंद सफर के नए मानक स्थापित किए हैं। हमें नई शाइन 125 को उन्नत फीचर्स के साथ पेश करते हुए गर्व हो रहा है। ये नए फीचर्स इसे और ज्यादा उपयोगी और आकर्षक बनाएंगे, जिससे यह आज के राइडर्स की उम्मीदों पर पूरी तरह खरी उतरेगी।

## जन्मभूमि व ईदगाह केस की सुनवाई अब पांच मार्च को

**मथुरा।** श्री कृष्ण जन्मभूमि बनाम शाही मस्जिद ईदगाह केस में मंगलवार को अपराह्न दो बजे हाईकोर्ट इलाहाबाद में सुनवाई हुई। जिसमें हिन्दू पक्ष के दावे के जवाब में मुस्लिम पक्ष ने जो जवाब दाखिल किया था उसमें संशोधित करने के लिए प्रार्थना पत्र दिया है। जिसमें कहा कि आस्था का प्रश्न नहीं है। इसकी सुनवाई होनी थी। लेकिन कुछ पक्षकारों ने कहा कि उनको संशोधित प्रार्थना पत्र की प्रति मुस्लिम पक्ष ने नहीं दी है। इस पर हाईकोर्ट ने कहा कि सभी को प्रार्थना पत्र की प्रति उपलब्ध करा दी जाए। अगली सुनवाई पांच मार्च को होगी।

# पुलिस ने मुठभेड़ में दबोचे दो शातिर बदमाश, गोली लगी

**लोकेश चौधरी**

**मथुरा।** थाना महावन की पुलिस ने घरों में चोरी कर सामान को ऑटो में लादकर ले जाने वाले दो शातिर चोरों को मुठभेड़ में गिरफ्तार किया है। मुठभेड़ में एक बदमाश की टांग में गोली लगी है। पुलिस ने चोरों के कब्जे से चोरी का सामान बरामद किया है। महावन थाना प्रभारी निरीक्षक डेजी पवार ने बताया कि 8-9 फरवरी की रात को न्यू गोकुल सिटी में एक घर में चोरी हुई थी। बंद मकान में चोरी करने के बाद चोर अपने साथ लाए ऑटो में सामान लादकर ले गए। चोरी की वारदात को गंभीरता से लेते हुए पुलिस चोरों की सुरागकशी में जुट गई। बृहस्पतिवार की रात को पुलिस



को सूचना मिली कि क्षेत्र में चोरी करने वाले घूम रहे हैं। सूचना पर वह अपनी टीम के साथ ग्राम मनोहरपुर के पास बरेली हाईवे अंडरपास के नजदीक पहुंच गई और चेकिंग शुरू कर दी। थोड़ी देर में एक ऑटो आता दिखाई दिया। पुलिस को देख चालक ने ऑटो भगा दिया। पीछा करने पर ऑटो सवार चोरों ने पुलिस पर फायरिंग शुरू कर दी। जवाबी कार्यवाही में एक बदमाश की टांग में गोली लग गई और वह घायल हो गया। साथी को घायल देख बदमाशों ने फायरिंग बंद कर दी। इसके बाद पुलिस ने दोनों को पकड़ लिया। तलाशी में बदमाशों के कब्जे से तमंचा कारतूस बरामद हुआ। पूछताछ में घायल बदमाश ने अपना नाम सदर बाजार थाना क्षेत्र के दामोदरपुरा निवासी मनोज जोगी, शहर कोतवाली की धौलीप्याऊ निवासी श्याम बताया। मनोज जोगी ने बताया कि वह मूल रूप से अलीगढ़ के थाना पिसावा स्थित गांव बसेरा का रहने वाला है। दामोदरपुरा में किराए के मकान में रहता है। पुलिस ने इनके कब्जे से न्यू गोकुल सिटी स्थित घर से चोरी हुआ मोबाइल फोन, एलईडी टीवी, गैस सिलेंडर, गैस चूल्हा, नकदी व अन्य घटनाओं से संबंधित सामान बरामद किया। पुलिस ने घायल बदमाश को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया है।

एसपी देहात त्रिगुण बिसेन ने बताया कि मुठभेड़ में पकड़े गए बदमाश पहले क्षेत्र में बंद पड़े मकानों के बारे में जानकारी करते। रेकी के बाद जब उन्हें यकीन हो जाता कि मकान कई दिन से बंद है तो रात में उसका ताला तोड़कर चोरी कर लेते। चोरी का सामान ले जाने के लिए वह अपने साथ ऑटो लेकर आते हैं। चोरी का सामान इसी में लादकर ले जाते हैं और बाजार में सस्ते दामों में बेच देते हैं।

# इंडियावुड 2025 : लकड़ी और फर्नीचर निर्माण में नवाचार को प्रेरित करने के 25 साल

**टीम एक्शन इंडिया**

**हिसार। उद्योग में** उन्नति और विकास के एक चौथाई शतक को चिह्नित करते हुए, इंडियावुड 2025, वुडवर्किंग और फर्नीचर निर्माण के लिए प्रमुख व्यापार मेला, 6-9 मार्च 2025 को इंडिया एक्सपो मार्ट और सेंटर (क्टएच्छ), ग्रेटर नोएडा, दिल्ली एनसीआर में आयोजित किया जाएगा। वैश्विक लकड़ी कार्य पोर्टफोलियो का हिस्सा, यह मील का पत्थर संस्करण भारत की निर्माण शक्ति के रूप में उभरने और फर्नीचर और लकड़ी कार्य उद्योग में एक प्रमुख वैश्विक खिलाड़ी के रूप में इसकी स्थिति को दर्शाता है। अपनी स्थापना से, इंडियावुड ने उद्योग के विकास को आकार दिया है, एक ही मंच पर निर्माता, आपूर्तिकर्ता, प्रौद्योगिकी नेता और पेशेवरों को एकत्र किया है। पिछले ढाई दशकों में, इसने प्रौद्योगिकी में प्रगति, सतत प्रथाओं, और वैश्विक सहयोगों को बढ़ावा देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। आज, जब भारत वैश्विक फर्नीचर उत्पादकों में शीर्ष पांच देशों में स्थान रखता है और अपने फर्नीचर निर्यात को हर साल 20% बढ़ाने के लिए तैयार है, इंडियावुड उद्योग की प्रगति के लिए एक उत्प्रेरक के रूप में जारी है सोनिया प्रशर, प्रबंध निदेशक, ठ्यी१ल्ल्यी१टी२ी इंडिया ने कहा"2025 में 25.75 बिलियन अमेरिकी डॉलर का मूल्यांकन किया गया भारतीय फर्नीचर बाजार 2030 तक 37.18 बिलियन अमेरिकी डॉलर तक पहुंचने का अनुमान है। लकड़ी फर्नीचर उत्पादन का 62% हिस्सा बनाती है, और यह उद्योग नवाचार और स्थिरता द्वारा प्रेरित परिवर्तन से गुजर रहा है - इसका अधिकांश हिस्सा इंडियावुड में मिलने वाले अवसरों द्वारा प्रेरित है।

## मुठभेड़ में पुलिस ने दो बदमाश किए गिरफ्तार

**मथुरा।** अलग अलग स्थानों से बंद घरों दुकानों से चोरी करने वाले एक गैंगस्टर सहित दो शातिर बदमाशों को थाना महावन पुलिस ने मुठभेड़ के दौरान अवैध असलहा, कारतूस, चोरी के माल व घटना में प्रयुक्त ऑटो के गिरफ्तार किया है। बदमाशों के साथ पुलिस की मुठभेड़ निर्माणाधीन बरेली हाईवे पर मनोहरपुर अंडरपास पर हुई। शुक्रवार की रात्रि में थाना महावन क्षेत्र में बंद घरों और दुकानों से चोरी करने वाले गैंगस्टर मनोज जोगी पुत्र ओमप्रकाश निवासी ग्राम थाना सदर बाजार जनपद मथुरा नारायणपुरी धौली प्याऊ थाना कोतवाली जनपद मथुरा के साथ पुलिस की मुठभेड़ हुई।

# दहेज में स्कॉर्पियो नहीं लाने पर विवाहिता को लगाया एचआईवी संक्रमित इंजेक्शन

**टीम एक्शन इंडिया**

**सहारनपुर: उत्तर** प्रदेश के सहारनपुर में एक हैरान कर देने वाली घटना सामने आई है। यहां एक विवाहिता को कम दहेज लाने पर एचआईवी संक्रमित इंजेक्शन लगवा दिया गया। सहारनपुर की रहने वाली इस लड़की की शादी पड़ोसी राज्य उत्तराखंड में हुई थी। न्यायालय के आदेश पर अब पुलिस ने इस मामले में विवाहिता के पति समेत सास ससुर और जेठ जेठानी पर एफआईआर दर्ज की है। पीड़िता के पिता ने बताया कि उन्होंने अपनी बेटी की शादी वर्ष 2023 में हरिद्वार जिले के थाना पीरान कलियर क्षेत्र के ग्राम जसवाला में की थी। शादी में उन्होंने 15 लाख रुपए कैश और वेन्यू कार के अलावा अन्य पैसा भी खर्च किया था। कुल करीब 42 लाख रुपए खर्च किए थे। इसके बाद से ही ससुराल में उनकी बेटी को परेशान किया जाने लगा और जेठ-जेठानी समेत सास ससुर ने कहा कि उन्हें तो स्कॉर्पियो चाहिए थी फिर वेन्यू कार क्यों दी। इसके बाद उनकी बेटी के साथ मारपीट कर दी गई और उसे ससुराल से निकाल दिया गया। बाद में पंचायत बैठाई गई, पंचायत में फैसला हुआ और लड़की दोबारा से ससुराल चली गई, लेकिन इसके बाद भी उसका उत्पीड़न कम नहीं हुआ।




**हैवानियत**

**अब पुलिस ने इस मामले में विवाहिता के पति समेत सास ससुर और जेठ जेठानी पर एफआईआर दर्ज की**

ससुराल पक्ष के लोगों ने उसे गलत दवाइयां खिला दी जिससे वह बीमार रहने लगी। इतना ही नहीं आरोप है कि ससुराल पक्ष के लोगों ने उनकी बेटी को एचआईवी संक्रमित इंजेक्शन लगवा दिया, जिससे उसकी हालत अब बहुत ज्यादा खराब हो गई है। इस पूरे मामले की शिकायत लेकर लड़की का पिता न्यायालय से गुहार लगाई। सहारनपुर सीजेएम कोर्ट के आदेश पर अब पुलिस ने मामला दर्ज किया है। गंगोह थाना प्रभारी रोजन्त त्यागी ने इसकी पुष्टि की है।

# संविद गुरुकुलम बालिका सैनिक स्कूल में हुआ आयोजन

**टीम एक्शन इंडिया**

**मथुरा: संविद गुरुकुलम** बालिका सैनिक स्कूल वात्सल्य ग्राम में वसुधैव कुटुंबकम की अवधारणा पर आधारित सांस्कृतिक आदान प्रदान कार्यक्रम में न्यूटन हाई स्कूल कनेक्टिकट यूएसए के छात्र छात्राओं ने आठ से 14 फरवरी तक साप्ताहिक प्रवास का समापन समारोह का शुभारम्भ अतिथियों द्वारा माँ वीणापाणि के सम्मुख दीप प्रज्वलन से हुआ। न्यू टाउन से आई 11 छात्राओं के दल ने एक सप्ताह रहकर साध्वी ऋतंभरा द्वारा संचालित भाव संबंधों पर बनी पारिवारिक व्यवस्था को जाना और समझा बच्चों के साथ रहकर उनके शिक्षण प्रशिक्षण के बारे में जाना और उनके आत्मीय प्रेम को



समझा, भारतीय संस्कृति के अहम पहलुओं को अंगीकार करते हुए सात दिन के अल्प समय में बहुत कुछ सीखा जिसे समापन समारोह में सांस्कृतिक प्रस्तुति कर कश्मीर, पंजाब, राजस्थान, बंगाल आदि की सांस्कृतिक विरासत को अपने मनमोहक नृत्य द्वारा प्रस्तुत किया, साथ ही संविद गुरुकुलम की छात्राओं के साथ वेद मित्रों का वाचन किया। समारोह में कृष्णा ब्रह्म रतन विद्या मंदिर, वैशिष्टयम स्कूल के बच्चों ने भी अपनी मनमोहक सांस्कृतिक प्रस्तुति दी।

**प्रस्तुति**

**भारतीय संस्कृति के अहम पहलुओं को अंगीकार करते हुए सात दिन के अल्प समय में बहुत कुछ सीखा**

यह वसुधैव कुटुंबकम् का सटीक उदाहरण है, दूसरे देश के बच्चे भारत आते हैं और संविद स्कूल के बच्चों के साथ वेदांत सीखते हैं।

यहां का खान पान, यहां का रहन सहन यहां से मिलने वाला प्रेम उन्हें हर वर्ष संविद आने को प्रेरित करता है। यही हमारी सांस्कृतिक उपलब्धता है।

# नगर निगम की सड़कों पर निकले आपके पशु तो उठा ले जाएगी कैटल कैचर

**टीम एक्शन इंडिया**

**मथुरा: नगर** निगम मथुरा वृंदावन क्षेत्र में सड़कों और सार्वजनिक स्थलों पर आवारा निराश्रित घूम रहे गोवंशों को पकड़ने के लिए निरंतर अभियान चलाया जा रहा है। जिसके क्रम में नगर निगम के सभी जोन में प्रतिदिन अभियान चलाकर छुट्टा घूम रहे गोवंशों को पकड़कर कान्हा पशु आश्रय गौशाला में पहुंचाया जा रहा है। इसी क्रम में को निराश्रित, आवारा गौवंशो को पकड़ने हेतु अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान मथुरा में डीग गेट



सब्जी मंडी से महाविद्या चौराहा होते हुए लिंक रोड गोवर्धन रोड तथा राधा वैली बिरला मंदिर तक कुल 12 गोवंशों पड़कर वृंदावन की कान्हा पशु आश्रय गौशाला पहुंचाया गया। वृंदावन में अटल्लाचुंगी से परिक्रमा मार्ग पर सात गोवंश पकड़े गए। कुल 19 निराश्रित,

आवारा गोवंशों को पड़कर वृंदावन स्थित नगर निगम मथुरा वृंदावन की कान्हा पशु आश्रय गौशाला पहुंचाया गया। नगर आयुक्त द्वारा दिए गए निर्देशों के क्रम में नगर निगम मथुरा वृंदावन द्वारा रोस्टर अनुसार शहर के सभी जोन में आवारा घूम रहे गोवंशों को पकड़ने हेतु विशेष गोवंश को पकड़ने हेतु अभियान प्रतिदिन चलाया जा रहा है।

# लखनऊ से लापता लड़की एक साल बाद गुजरात में मिली

**टीम एक्शन इंडिया**

**लखनऊ : जनपद में** मोहनलालगंज इलाके से लापता लड़की एक साल बाद गुजरात में मिली है। पुलिस और सर्विलांस सेल ने उस लड़की को खोज निकाला और जो उसे भगाकर ले गया था उसे भी पुलिस ने हिरासत में ले लिया है। उपनिरीक्षक दुर्गेश सिंह ने शुक्रवार को बताया कि टिकरियन खेड़ा निवासी एक महिला ने शिकायत दर्ज करायी थी। इसमें उन्होंने बताया कि कनकहा का रहने वाला इंद्रपाल उनकी बेटी को चार मार्च 2024 को भगा ले गया है। पुलिस उपायुक्त दक्षिणी, थाना पुलिस,

**खोज निकाला**

**कनकहा का रहने वाला इंद्रपाल उनकी बेटी को चार मार्च 2024 को भगा ले गया है**

सर्विलांस सेल समेत तीन टीमें गुमशुदगी का मुकदमा दर्ज कर आरोपित और लड़की की तलाश शुरू कर दी थी। जानकारी मिलने के बाद पुलिस टीम ने शुक्रवार को लड़की को सकुशल बरामद कर लिया। साथ ही आरोपित को भी हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू

# प्रभु कृपा संगठन ने किया वैलेंटाइन डे का विरोध



**टीम एक्शन इंडिया**

**मथुरा: प्रभु** कृपा संगठन ने वैलेंटाइन डे मनाए जाने का विरोध किया और युवाओं को जागरूक करने के लिए जागरूकता रैली निकाली। इस विरोध जागरूकता यात्रा की शुरुआत कंजौली घाट बलदेव से हुई और समापन चिंताहरण महादेव मंदिर महावन पर हुआ। संगठन ने गांवों में 20 हजार से अधिक पोस्टर लगाए गए हैं। 100 से अधिक लोगों ने जागरूकता अभियान में हिस्सा लिया। प्रमोद कुमार ने बताया यह हमारा देश सनातन धर्म का देश है यहां हिंदू धर्म, राम व कृष्णा को मानने वाले लोग हैं। वैलेंटाइन दे अंग्रेजों का दिन है। हमें अंग्रेजों की कुरीतियों को छोड़ना चाहिए। माता बहनों को जागरूक रहा होना चाहिए और हनी ट्रैप जैसी घटनाओं से बचना चाहिए।जागरूक अभियान में प्रभु भाई आशीष छौंकर मुकेश प्रधान प्रमोद भरंगर अभिषेक छोकर संदीप छोकर जयप्रकाश छोकर आदि नव युवा जगजागरूक अभियान में शामिल रहे।

फास्ट न्यूज

## अस्पताल के शौचालय में मिला नर्स का शव

**हरिद्वार।** सिडकुल क्षेत्र के एक प्राइवेट अस्पताल में एक नर्स का संदिग्ध परिस्थितियों में शव शौचालय में मिलने से हड़कंप मच गया। मृतका उसी अस्पताल में नर्स के रूप में कार्यरत थी। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। फिलहाल पुलिस मामले की जांच कर रही है। बीते दिन युवती की 2 बजे से रात 8 बजे तक ड्यूटी थी, लेकिन शाम करीब 5 बजे से वह अचानक लापता हो गई। अस्पताल स्टाफ ने उसे पूरे अस्पताल में खोजने की कोशिश की, लेकिन कोई सुराग नहीं मिला। बाद में एक शौचालय का दरवाजा अंदर से बंद मिला। स्टाफ ने दरवाजा खटखटाया, लेकिन कोई हलचल नहीं हुई। संदेह होने पर दरवाजा तोड़ा गया, तो अंदर युवती का शव पड़ा मिला। उसका मोबाइल फोन भी शौचालय के अंदर ही पड़ा था। पिता ने हत्या की आशंका जताते हुए आरोप लगाया कि जब वो पहुंचे तो उनकी बेटी आईसीयू में थी। मामले में परिजनों ने पुलिस को शिकायत की है। फिलहाल पुलिस मामले की जांच में जुट गई है। नर्स की पहचान ज्वालापुर हाल निवासी जमालपुर के तौर पर हुई है। युवती की उम्र 23 साल थी और वो निजी अस्पताल में बतौर नर्स के तौर पर काम कर रही थी। परिजनों के आरोपों पर पुलिस ने जांच शुरू कर दी है। घटना की सूचना मिलते ही सिडकुल थानाध्यक्ष मनोहर भंडारी और एसपी सिटी पंकज गैरोला मौके पर पहुंचे। अधिकारियों ने अस्पताल प्रबंधन और स्टाफ से पूछताछ की। एसपी सिटी पंकज गैरोला ने बताया कि नर्स की मौत का कारण अभी स्पष्ट नहीं हो सका है। शव को पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेजा गया है। रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के असली कारण का पता चलेगा।

## मांगों के पूरा होने तक का संघर्ष रहेगा जारी

**महेंद्रगढ़।** सर्व कर्मचारी संघ हरियाणा से संबंधित हरियाणा एजुकेशन मिनिस्ट्रियल स्टाफ एसोसिएशन का लंबित मांगों को लेकर संघर्ष जारी है। 30 जनवरी को निदेशालय शिक्षा सदन पंचकूला पर हल्ला बोल प्रदर्शन में किए गए आंदोलन के ऐलान अनुसार शिक्षा विभाग में कार्यरत लिपिक वर्गीय कर्मचारी लंबित मांगों को पूरा करवाने के लिए आगामी 15 व 16 फरवरी को मुख्यमंत्री आवास कुरुक्षेत्र पर होने वाले दो दिवसीय पड़ाव में शामिल होंगे। हेमसा के प्रदेश प्रेस प्रवक्ता सुजान मालड़ा ने जारी बयान में बताया कि लिपिक वर्गीय कर्मचारी लंबित पदोन्नति मामलों का निपटान करने, एसीपी का लाभ समय पर देने कीम मांग की है।

# स्वच्छ गंगा: संरक्षण की ओर बढ़ा कदम

## वाराणसी और भदोही में सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट को नमामि गंगे की हरी झंडी

बैठक

▸▸ 60वीं कार्यकारी समिति की बैठक में गंगा नदी के कायाकल्प से जुड़ी परियोजनाओं को दी गई मंजूरी



**टीम एक्शन इंडिया**
**लखनऊ।** राष्ट्रीय स्वच्छ गंगा मिशन की 60वीं कार्यकारी समिति की बैठक में गंगा नदी के संरक्षण और कायाकल्प के लिए, वाराणसी और भदोही में सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट को मंजूरी दी है। इस बैठक की अध्यक्षता राष्ट्रीय स्वच्छ गंगा मिशन के महानिदेशक राजीव कुमार मित्तल ने की। इन परियोजनाओं का उद्देश्य न केवल गंगा नदी की स्वच्छता और सतत विकास को बढ़ावा देना है, बल्कि इसके पर्यावरणीय और सांस्कृतिक महत्व को संरक्षित करना भी है। बैठक में उत्तर प्रदेश के वाराणसी में दुर्गा ड्रेन के इंटरसेप्शन एवं डायवर्जन और 60 एमएलडी क्षमता के एसटीपी निर्माण परियोजना को 274.31 करोड़ रुपए की लागत के साथ मंजूरी दी गई। हाइब्रिड एन्युटी मोड पर आधारित इस परियोजना में 15 वर्षों का संचालन एवं रखरखाव भी शामिल है। इसके तहत 60 एमएलडी एसटीपी के साथ 75 एमएलडी क्षमता के मुख्य पंपिंग स्टेशन और अन्य आवश्यक संरचनाओं का निर्माण किया जाएगा। यह पहल गंगा नदी में प्रदूषण रोकने और वाराणसी में अपशिष्ट जल प्रबंधन को सुदृढ़ करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। वहीं, भदोही में गंगा की प्रमुख सहायक नदी वरुणा के प्रदूषण नियंत्रण के लिए एक महत्वपूर्ण परियोजना को मंजूरी दी गई है। 127.26 करोड़ रुपए की इस परियोजना का उद्देश्य वरुणा में बिना उपचारित सीवेज के प्रवाह को रोकना और उसके जल की गुणवत्ता में सुधार करना है। परियोजना के तहत तीन अत्याधुनिक एसटीपी (17 एमएलडी, 5 एमएलडी और 3 एमएलडी क्षमता वाले) निर्मित किए जाएंगे। इसके अलावा, चार प्रमुख नालों को टैप करने के लिए एक व्यापक सीवर नेटवर्क विकसित किया जाएगा, ताकि गंदे पानी को नदी में बहने से रोका जा सके। यह परियोजना डीबीओटी मॉडल पर आधारित होगी, जिसमें अगले 15 वर्षों तक संचालन और रखरखाव की व्यवस्था भी शामिल है। कार्यकारी समिति की बैठक में "गंगा थ्रू द एजेस इन ए लिटरेरी बायोस्कोप" परियोजना को मंजूरी दी गई, जो साहित्य, शिक्षा और सामुदायिक गतिविधियों के माध्यम से गंगा संरक्षण में जनभागीदारी को प्रोत्साहित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है। यह परियोजना राष्ट्रीय स्वच्छ गंगा मिशन और नेशनल बुक ट्रस्ट के सहयोग से तीन वर्षों तक संचालित होगी और मोबाइल लाइब्रेरी, डिजिटल स्टोरीटेलिंग, स्कूल कार्यशालाएं और नदी तटों पर साहित्यिक सत्र जैसे नवाचार कार्यक्रमों के माध्यम से गंगा की ऐतिहासिक, आध्यात्मिक और पारिस्थितिकीय महत्ता को उजागर करेगी।

### गंगा संरक्षण की प्रतिबद्धता को नए आयाम देंगे

इंटरैक्टिव आयोजनों, सोशल मीडिया अभियानों और शैक्षिक कार्यक्रमों के माध्यम से यह परियोजना गंगा संरक्षण, युवा सहभागिता और सांस्कृतिक जागरूकता को सुदृढ़ करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी। कार्यकारी समिति की बैठक में स्वीकृत परियोजनाएँ गंगा संरक्षण की प्रतिबद्धता को नए आयाम देंगी, जहाँ बुनियादी ढांचे के विस्तार, प्रदूषण नियंत्रण और जनसहभागिता के जरिए इस पवित्र नदी को संवारने का संकल्प लिया गया है। इस मिशन के तहत सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट और वनीकरण जैसी महत्वपूर्ण पहलों को गति दी जा रही है। यह मिशन न केवल गंगा को शुद्ध और संरक्षित करने का अभियान है, बल्कि इसकी ऐतिहासिक और सांस्कृतिक महत्ता को पुनः स्थापित करने की दिशा में भी एक प्रेरणादायक कदम है।

## संघ प्रमुख की सभा को हाई कोर्ट की हरी झंडी



मंजूरी

▸▸ आरएसएस के सरसंघचालक डॉ. मोहन भागवत मुख्य वक्ता हैं। डॉ. भागवत पश्चिम बंगाल में ही मौजूद हैं

**टीम एक्शन इंडिया**
**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल सरकार की आपत्ति खारिज करते हुए कलकत्ता हाई कोर्ट ने शुक्रवार को राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) को 16 फरवरी को बर्दवान में सभा करने की अनुमति दे दी। सभा में आरएसएस के सरसंघचालक डॉ. मोहन भागवत मुख्य वक्ता हैं। डॉ. भागवत फिलहाल पश्चिम बंगाल में ही मौजूद हैं। आरएसएस ने इस सभा के दौरान ध्वनि विस्तारक यंत्र (लाउडस्पीकर) के इस्तेमाल की अनुमति के लिए अदालत का रुख किया था, क्योंकि ममता बनर्जी सरकार ने इसकी अनुमति देने से इनकार कर दिया था। राज्य पुलिस ने परीक्षा के दौरान शोरशराबे से छात्रों को होने वाली परेशानी की दलील देते हुए सभा की अनुमति नहीं दी थी। हालांकि, याचिकाकर्ता की ओर से अदालत में तर्क दिया गया कि सभा स्थल के आसपास कोई स्कूल नहीं है।

## सीएम नीतीश ने जहानाबाद को दी 241 करोड़ की सौगात



निरीक्षण किया

▸▸ मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने कुल 88 विकास योजनाओं का किया उद्घाटन एवं शिलान्यास

**टीम एक्शन इंडिया**
**पटना।** मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने प्रगति यात्रा के दौरान शुक्रवार को जहानाबाद जिले में काको प्रखंड के धरहरा ग्राम स्थित राजकीय अन्य पिछड़ा वर्ग आवासीय बालिका 10+2 उच्च विद्यालय परिसर से 241.20 करोड़ रुपये की कुल 88 विकासात्मक योजनाओं का रिमोट के माध्यम से उद्घाटन एवं शिलान्यास किया। इनमें 154.72 करोड़ रुपये की 55 योजनाओं का उद्घाटन और 86.48 करोड़ रुपये की 33 योजनाओं का शिलान्यास शामिल हैं। मुख्यमंत्री ने जहानाबाद में विभिन्न विकासात्मक योजनाओं का जायजा लिया। इस दौरान मुख्यमंत्री ने 46.35 करोड़ रुपये से अधिक की लागत से राजकीय अन्य पिछड़ा वर्ग आवासीय बालिका 10+2 उच्च विद्यालय, धरहरा का शिलापट्ट अनावरण एवं फीता काटकर उद्घाटन किया। उद्घाटन के बाद मुख्यमंत्री ने विद्यालय के प्रशासनिक एवं शैक्षणिक भवन के विभिन्न भागों का निरीक्षण कर वहां की व्यवस्थाओं की जानकारी ली। इस दौरान मुख्यमंत्री ने बच्चियों से बातचीत की। उन्होंने कहा कि जीवन में उत्साहित होकर ठीक से पढ़ाई करें। बच्चियों ने मुख्यमंत्री का स्वागत ताली बजाकर किया। मुख्यमंत्री ने विद्यालय परिसर में बनाए गए छात्रावास मेस के संबंध में भी जानकारी ली। मुख्यमंत्री ने विभिन्न विभागीय स्टॉलों का निरीक्षण किया।

## 'पौधरोपण को लेकर दी जाती है विस्तृत जानकारी'



जागरूक किया

▸▸ असंगठित क्षेत्र के कामगारों को है 3000 मासिक वृद्धावस्था पेंशन का प्रावधानः राज्य मंत्री कीर्ति वर्धन सिंह

**टीम एक्शन इंडिया**
**धर्मशाला।** केन्द्रीय पर्यावरण एवं वन राज्य मंत्री कीर्ति वर्धन सिंह ने बताया कि केन्द्र सरकार ने ग्रीन क्रेडिट अर्जित करने के लिए 12 अक्तूबर 2023 को ग्रीन क्रेडिट रूल 2023 अधिसूचित किये हैं ताकि पर्यावरण पर सकारात्मक पहल को बढ़ावा दिया जा सके। उन्होंने बताया कि इसके अधीन वन विभाग के नियन्त्रण में बंजर जमीन पर स्वैच्छिक रूप से पौधरोपण करना और पर्यावरण संतुलन साधना है। केंद्रीय राज्य मंत्री ने राज्य सभा सांसद इंदु बाला गोस्वामी द्वारा पूछे गए एक सवाल के जबाव में यह जानकारी सदन में दी। उन्होंने बताया कि केन्द्रीय पर्यावरण एवं वन मंत्रालय ने 22 फरवरी 2024 को पौधरोपण से ग्रीन क्रेडिट की गणना के लिए नोटिफिकेशन जारी की है। ग्रीन क्रेडिट प्रोग्राम के अन्तर्गत पौधरोपण के तौर तरीकों की विस्तृत जानकारी को मंत्रालय ने फरवरी 2024 को अधुसूचित किया है।

**असंगठित क्षेत्र के कामगारों को है 3000 मासिक वृद्धावस्था पेंशन का प्रावधान**

केन्द्रीय श्रम और रोजगार राज्य मन्त्री शोभा करंदलाजे ने राज्य सभा सांसद इंदु बाला गोस्वामी को सदन में बताया कि असंगठित क्षेत्र के कामगारों को वृद्धावस्था पेंशन प्रदान करने के लिए फरवरी 2019 में प्रधान मंत्री श्रम योगी मान धन योजना लागू की गई है, जिसके अंतर्गत असंगठित क्षेत्र के कामगारों को 60 वर्ष आयु के बाद न्यूनतम 3000 रुपए की पेंशन प्रदान की जाती है। उन्होंने कहा कि इसके लिए 15000 रुपए आय से कम आमदनी वाले 18 से 40 आयु वर्ग के कामगारों को पंजीकृत किया जाता है जोकि किसी अन्य सरकारी योजना के अंतर्गत कवर नहीं होते हों।

## गंगा स्नान कर वापस लौटते समय हादसा, 17 घायल

**मालदा:** गंगा स्नान के बाद लौटते समय सड़क हादसे में 17 लोग घायल हो गए है। हादसा मालदा के इंग्लिश बाजार दामोदरपुर इलाके में शुक्रवार दोपहर को हुई है। घायलों को बरामद कर मालदा मेडिकल में भर्ती कराया गया है। स्थानीय सूत्रों के अनुसार, बुधवार को हबीबपुर इलाके से कुछ लोग गंगा स्नान के लिए राजमहल गये थे। दोपहर के समय वे लॉरी से घर लौट रहे थे। इंग्लिशबाजार के दामोदरपुर इलाके में एक बाइक अचानक लॉरी के सामने आ गयी।

## मणिपुर में एक-दो साल में शांति लौट आएगी

**टीम एक्शन इंडिया**
**पश्चिम मेदिनीपुर।** मणिपुर में अस्थिर परिस्थिति के बीच भाजपा नेता दिलीप घोष ने मणिपुर में शांति लौटने की उम्मीद जताई है। मणिपुर में राष्ट्रपति शासन लागू किए जाने को लेकर दिलीप घोष ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के नेतृत्व में 70 साल बाद अनुच्छेद 370 को निरस्त किए जाने के बाद, जम्मू-कश्मीर में किसी भी हिंसा भड़काने की हिम्मत नहीं है। इसी तरह, हमारी सरकार मणिपुर में समस्या की जड़ तक गई है और एक या दो साल के भीतर वहां शांति बहाल हो जाएगी। दरअसल, मैतेई समुदाय को अनुसूचित जनजाति (एसटी) श्रेणी में शामिल करने की मांग के विरोध में छात्रों के संगठन ह्यऑल ट्राइबल स्टूडेंट्स यूनियन ऑफ मणिपुर (एटीएसयूएम) ने मार्च का आह्वान किया था। आदिवासी एकता मार्च के नाम से हो रहे प्रदर्शन के दौरान हिंसा भड़क गई। मणिपुर में बहुसंख्यक मैतेई समुदाय को अनुसूचित जनजाति श्रेणी में शामिल करने के खिलाफ हो रहा विरोध प्रदर्शन उग्र हो गया। इसके बाद कई संगठनों ने ह्यआदिवासी एकता मार्चह्ण का आह्वान किया, जिसमें हिंसा भड़क गई। इस हिंसा में अब तक 250 से अधिक लोगों की जान जा चुकी है।

## जल कलश के माध्यम से हरित महाकुम्भ में सहयोग



आकर्षण

▸▸ जल कलश पहल महाकुम्भ में आकर्षण का केंद्र बना हुआ है, अरैल घाट सेक्टर 24 निषाद राज मार्ग में की गई है।

**टीम एक्शन इंडिया**
**महाकुम्भ नगर।** महाकुम्भ के आयोजन में पर्यावरण संरक्षण और स्वच्छता को लेकर कई अनूठे प्रयोग किए गए हैं। इसी कड़ी में जल कलश पहल महाकुम्भ में आकर्षण का केंद्र बना हुआ है, जिसकी स्थापना अरैल घाट सेक्टर 24 निषाद राज मार्ग में की गई है। जल कलश में कुम्भ क्षेत्र में प्रयोग की गई पानी की बोतलों को इकठ्ठा किया गया है और इन बोतलों को रिसाइकिल करके उपयोग में लाया जायेगा, जिससे प्रकृति में इन प्लास्टिक की बोतलों का दुष्प्रभाव न पड़ सके।अभियान के दौरान 20,000 से अधिक प्लास्टिक की बोतलें एकत्र की गई हैं। नमामि गंगे मिशन के पूर्व महानिदेशक जी अशोक कुमार के नेतृत्व में विभिन्न संगठनों के सहयोग से जल कलश पहल को शुरू किया गया है।

संगमनगरी 300 स्वच्छताकर्मियों ने एक साथ 3 अलग-अलग घाटों पर सफाई अभियान चलाकर वर्ल्ड रिकॉर्ड की

## स्वच्छता के वर्ल्ड रिकॉर्ड की ओर बढ़ा महाकुम्भ



**टीम एक्शन इंडिया**
**महाकुम्भ नगर।** तीर्थराज प्रयागराज की धरती न केवल भव्य महाकुम्भ-2025 के रूप में मानवता की अमूर्त सांस्कृतिक धरोहर का साक्षात्कार करा रही है, बल्कि संगमनगरी ऐतिहासिक वर्ल्ड रिकॉर्ड्स की भी साक्षी बन रही है। 50 करोड़ श्रद्धालुओं के संगम स्नान के वर्ल्ड रिकॉर्ड के साथ ही तीर्थराज ने शुक्रवार को स्वच्छता की दिशा में भी एक अनूठा वर्ल्ड रिकॉर्ड स्थापित किया। इसके तहत, 300 से अधिक स्वच्छताकर्मियों ने एक साथ अलग-अलग घाटों पर गंगा की सफाई कर विश्व रिकॉर्ड स्थापित किया। इस रिकॉर्ड को बनाने के लिए मेला प्राधिकरण की ओर से सभी निर्धारित प्रक्रिया को अपनाया गया। अब गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड्स के प्रतिनिधि इस पूरी प्रक्रिया को वेरिफाई करेंगे और इस रिकॉर्ड को प्रमाणित करने के बाद इसका सर्टिफिकेट प्रदान करेंगे। सर्टिफिकेट प्राप्त होने के बाद यह अपने आप में एक अनूठा रिकॉर्ड होगा, जहां एक साथ इतने सफाई कर्मियों ने अलग-अलग घाटों पर आधे घंटे से ज्यादा समय तक नदी की सफाई का अभियान चलाया।

**पूरी प्रक्रिया की कराई गई वीडियोग्राफी**

सीएम योगी के विजन अनुसार, प्रयागराज में जारी महाकुम्भ की ग्लोबल इमेज को देखते हुए, सरकार ने नदी की सफाई को लेकर जन जागरूकता अभियान छेड़ा हुआ है। इस अभियान की वजह से महाकुम्भ में आ रहे करोड़ों श्रद्धालु मां गंगा, मां यमुना और अदृश्य मां सरस्वती के पावन, निर्मल और स्वच्छ जल में स्नान कर रहे हैं। अब इसी अभियान को वर्ल्ड रिकॉर्ड के रूप में प्रमाणिकता मिलने जा रही है। मेला प्राधिकरण की विशेष कार्याधिकारी (ओएसडी) आकांक्षा राना ने बताया कि मुख्यमंत्री जी के निर्देश पर सबसे बड़ी नदी सफाई अभियान के रिकॉर्ड्स की स्थापना का लक्ष्य रखा गया था।